रिकॉर्ड कमाई के बावजूद सिंगापुर सतर्क, प. एशिया संकट डाल सकता है पर्यटन पर असर - 12

कर्नल सोफिया पर टिप्पणी अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण, मंत्री को कोई पछतावा भी नहीं : सुप्रीम कोर्ट -13



अमेरिकी जहाजों पर ईरानी हमले के बाद भी ट्रंप का दावा युद्ध विराम अभी बरकरार - 13

वाका-वाका के बाद दाई-दाई, शकीरा के फीफा विश्वकप के एंथम की सोशल मीडिया पर धूम - 14

आज का मौसम

34.0° अधिकतम तापमान

23.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.29 सूर्यास्त 06.54

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष सप्तमी 02:03 उपरांत अष्टमी विक्रम संवत 2083

शनिवार, 9 मई 2026, वर्ष 7, अंक 36, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

अधिकारी को 'ताज', शपथ आज

प. बंगाल में विधायक दल के नेता चुने गए शुभेंदु, अमित शाह ने मंच पर माला पहनाकर गले लगाया

- सीएम पद के लिए नामित होने के बाद राज्यपाल के समक्ष दावा किया पेश
- शुभेंदु बोले- घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को करेंगे पूरा

कोलकाता, एजेंसी

भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में भाजपा विधायक दल के नेता चुने गए। वह शनिवार सुबह 11 बजे कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री मोदी, गृह मंत्री शाह समेत एनडीए के कई बड़े नेता शामिल होंगे।

शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नव निर्वाचित भाजपा विधायकों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की बैठक के दौरान अधिकारी के सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल के नेता चुने जाने की घोषणा की। बैठक के बाद शाह ने कहा, आठ प्रस्ताव प्राप्त हुए, और उन सभी में केवल एक ही नाम था। दूसरे नाम के लिए पर्याप्त समय दिया गया, लेकिन कोई दूसरा नाम प्रस्तावित नहीं किया गया। इसलिए, मैं शुभेंदु को बंगाल का मुख्यमंत्री घोषित करता हूं।

अधिकारी की पदोन्नति से पश्चिम बंगाल में भाजपा की विधानसभा चुनावों में शानदार जीत के बाद पहली भाजपा सरकार के गठन का मार्ग प्रशस्त हुआ है। विधानसभा चुनाव में भाजपा की जबर्दस्त जीत से राज्य में तृणमूल कांग्रेस के 15 साल के शासन का अंत हुआ है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी के पूर्व करीबी सहयोगी अधिकारी दिसंबर 2020 में भाजपा में शामिल हो गए थे। अधिकारी बंगाल में भाजपा के अभियान के केंद्रीय चेहरे के रूप में उभरे और राज्य भर में इसके संगठनात्मक आधार का विस्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री पद के लिए नामित शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार शाम राज्यपाल आरएन रवि से मुलाकात की और राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली पहली सरकार बनाने का दावा पेश किया।

वहीं, बंगाल में 'डर के युग' के समाप्त होने की घोषणा करते हुए राज्य के नामित मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में नई और पहली भाजपा सरकार सामूहिक नेतृत्व के सिद्धांत पर काम करेगी, पार्टी के चुनाव घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करेगी और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए केंद्र के साथ मिलकर काम करेगी।

कोलकाता में विधायक दल के नेता चुने जाने के बाद शुभेंदु अधिकारी को बधाई देते अमित शाह।

तमिलनाडु : विजय ने सरकार बनाने के न्योते के लिए राज्यपाल से की मुलाकात

चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी टीवीके के अध्यक्ष चंद्रशेखर जोसफ विजय ने वामपंथी दलों से समर्थन मिलने के बाद शुक्रवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से लोक भवन में मुलाकात की ताकि उनसे सरकार बनाने का निमंत्रण प्राप्त किया जा सके। सूत्रों के अनुसार विजय पहले ही सरकार बनाने का दावा पेश कर चुके हैं लेकिन संख्याबल को लेकर राज्यपाल संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने बताया कि विजय की राज्यपाल से मुलाकात संक्षिप्त रही। वामपंथी दलों द्वारा बिना शर्त समर्थन देने का वादा करने के कुछ घंटों बाद, विजय गुइंडी में राज्यपाल के कार्यालय पहुंचे। टीवीके समर्थकों को उम्मीद है कि अर्लेकर उन्हें सरकार बनाने का निमंत्रण देंगे। विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) को 234 सदस्यीय विधानसभा में 108 सीट मिली है जो बहुमत के लिए जरूरी 118 सदस्यों की संख्या से कम है। नतीजे आने के कुछ घंटों के बाद ही द्रमुक के साथ चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने विजय को समर्थन देने की घोषणा कर दी थी। पार्टी के सदन में पांच सदस्य निर्वाचित हुए हैं। विजय ने सरकार बनाने की कोशिशों के तहत द्रमुक की सहयोगी भाकपा, माकपा और वीसीके से संपर्क किया था।

सुप्रीम कोर्ट पहुंची टीवीके

नई दिल्ली। टीवीके ने शुक्रवार को शीर्ष कोर्ट का रुख कर तमिलनाडु में सबसे बड़ी पार्टी को सरकार गठन के लिए न्योता देने का राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को निर्देश जारी करने का अनुरोध किया। राज्य में टीवीके 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है। टीवीके के संस्थापक विजय ने राज्यपाल से अब तक दो बार मुलाकात कर सरकार बनाने के लिए उन्हें न्योता देने का अनुरोध किया है। हालांकि, अभी तक नवगठित पार्टी को ऐसा कोई न्योता नहीं भेजा गया है।

गवाहों को पेश नहीं किए जाने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा और अन्य के खिलाफ 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में सुनवाई के दौरान गवाहों को पेश न किए जाने पर शुक्रवार को अप्रसन्नता व्यक्त की। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने जो स्थिति रिपोर्ट सौंपी है उसमें गवाहों को पेश न करने का कोई कारण नहीं बताया गया है।

पीठ ने यह भी कहा कि लगभग दो महीने से इस मामले में किसी भी गवाह से पूछताछ नहीं की गई है। कहा, हम पीठासीन न्यायाधीश को गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कानूनसम्मत कदम उठाने का निर्देश देते हैं। पीठ ने अधीनस्थ अदालत के न्यायाधीश से मुकदमे की सुनवाई समयबद्ध तरीके से पूरी करने का प्रयास करने और अदालत के समक्ष स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। घटना से जुड़े दो मामलों की सुनवाई उप्र की एक अदालत में की जा रही है। पीठ ने गौर किया कि पहले मामले में, जिन 131 गवाहों को गवाही देनी थी, उनमें से 44 की गवाही हो चुकी है, 15 को मुक्त कर दिया गया है और 72 गवाह अभी भी पेश किए जाने बाकी हैं। पीठ ने कहा कि दूसरी प्राथमिकी में 35 गवाहों में से 26 की गवाही हो चुकी है और नौ गवाह से पूछताछ अभी की जानी है। पीठ ने प्रदेश की ओर से पेश वकील से पूछा, मार्च से आज तक आपने क्या किया? पेश वकील ने कहा कि सुनवाई के दौरान गवाही दर्ज कराने के लिए तीन-चार गवाहों को तलब किया गया था। इस पर पीठ ने कहा कि एक दिन के लिए तीन या चार के बजाय कम से कम सात से आठ गवाहों को तलब किया जाना चाहिए।

लखीमपुर खीरी हिंसा मामला

- पीठ ने यूपी सरकार से कहा- सरकारी गवाह अनुपस्थित कैसे रह सकते हैं
- गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कानूनसम्मत कदम उठाने का निर्देश

चार सप्ताह के भीतर रिपोर्ट दाखिल करने को कहा

उच्चतम न्यायालय ने तीसरे मामले के जांच अधिकारी को निर्देश दिया कि वे लंबित जांच पूरी करें और चार सप्ताह के भीतर संबंधित अदालत में उचित रिपोर्ट दाखिल करें। पीठ ने लखीमपुर खीरी हिंसा मामले की अगली सुनवाई जुलाई में करना तय किया है। लखीमपुर खीरी जिले के तिकुनिया में तीन अक्टूबर, 2021 को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे के विरोध में किसानों द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान चार किसानों सहित आठ लोग मारे गए थे।

देश के दुश्मन का काल बनेगा 'टीएआरए', सफल परीक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

- डिफेंस सेक्टर में भारत ने बड़ी उपलब्धि हासिल की

भारत ने ओडिशा तट के पास स्वदेशी रूप से विकसित 'ग्लाइड' हथियार प्रणाली का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, साधारण युद्धक हथियारों को सटीक निर्देशित हथियारों में बदलने के लिए विकसित सामरिक उन्नत रेंज संवर्धन (टीएआरए) प्रणाली का परीक्षण किया गया। मंत्रालय ने कहा, डीआरडीओ और भारतीय वायु सेना ने ओडिशा तट के पास टीएआरए हथियार प्रणाली का पहला सफल उड़ान परीक्षण किया।

उसने बताया कि टीएआरए भारत की पहली स्वदेशी ग्लाइड हथियार प्रणाली है, जो बिना निर्देशित युद्धक हथियारों को सटीक निर्देशित हथियारों में परिवर्तित करती है। इस हथियार प्रणाली को रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई), हैदराबाद ने डीआरडीओ की अन्य प्रयोगशालाओं के साथ मिलकर डिजाइन और विकसित किया है, ताकि कम लागत वाले हथियार की मारक क्षमता और सटीकता बढ़ाकर जमीनी लक्ष्यों को नष्ट किया जा सके। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस हथियार प्रणाली के पहले उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, भारतीय वायु सेना और परियोजना से जुड़े उद्योग साझेदारों को बधाई दी।

सिस्टम की क्या हैं खूबियां

- ये बिना निर्देशित वॉरहेड्स को सटीक निर्देशित हथियारों में परिवर्तित करती है।
- आरसीआई हैदराबाद ने डीआरडीओ की अन्य प्रयोगशालाओं के साथ मिलकर विकसित किया है।
- भारत की पहली स्वदेशी ग्लाइड वेपन सिस्टम है।
- बेहद कम लागत वाले हथियार की मारक क्षमता और सटीकता बढ़ा सकते हैं

लापरवाह डॉक्टर समेत कई स्वास्थ्य कर्मियों पर गाज

- पांच डॉक्टर बर्खास्त, सीएमओ से स्पष्टीकरण और 16 डॉक्टरों पर अनुशासनिक कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने स्वास्थ्य विभाग में लापरवाही और अनियमितता पर सख्त रुख अपनाते हुए दोषी चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उनके निर्देश पर अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष ने विभिन्न मामलों में डॉक्टरों के खिलाफ बर्खास्तगी, तबादला, विभागीय कार्रवाई और वेतनवृद्धि रोकने जैसे कदम उठाए हैं। अंबेडकरनगर के सीएमओ डॉ. संजय कुमार शैवाल और डिप्टी सीएमओ डॉ. संजय वर्मा को निजी अस्पतालों के पंजीकरण और नवीनीकरण में अनियमितता का दोषी पाया गया है। एडीएम की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय जांच समिति ने आरोपों की पुष्टि की, जिसके बाद दोनों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। हरदोई के संडीला चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मनोज पर निजी अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई न करने और नियमविरुद्ध कार्य कराने के आरोपों में जवाब-तलब किया गया है। झांसी के आर्थो सर्जन डॉ. पवन पर निजी प्रैक्टिस के आरोप सही पाए जाने पर उनकी दो वेतनवृद्धियां रोक दी गई हैं। हमीरपुर के डॉ. लालमणि पर प्रसूताओं से वसूली और अभद्रता के आरोपों में तीन वेतनवृद्धियां स्थायी रूप से रोकने के आदेश दिए गए हैं।

इनकी सेवा होगी समाप्त

लंबे समय से बिना सूचना अनुपस्थित चल रहे पांच डॉक्टरों की सेवाएं समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इनमें गोरखपुर की डॉ. अलकनंदा, कुशीनगर के डॉ. रामजी भारद्वाज, बलरामपुर के डॉ. सौरभ सिंह, अमेठी के डॉ. विकलेश कुमार शर्मा और डॉ. मोनिका वर्मा शामिल हैं।

गलत रिपोर्ट पर कार्रवाई

प्रयागराज के कोरांव सीएचसी में तैनात रहे डॉ. शमीम अख्तर पर प्रशासनिक लापरवाही के आरोप सही पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई और तबादले के निर्देश दिए गए हैं। सुल्तानपुर में इलाज में लापरवाही के मामले में तत्कालीन अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार सिंह, डॉ. धर्मराज और फार्मासिस्ट अवध नारायण के खिलाफ भी कार्रवाई की संस्तुति की गई है। मथुरा जिला अस्पताल में गलत मेडिकोलीगल रिपोर्ट तैयार करने के मामले में ईएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार और सर्जन डॉ. विकास मिश्रा पर विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई होगी।

ADMISSIONS OPEN · SESSION 2026-27

India s Most Advanced Photography and Film Making Degrees. Now in Bareilly.

Diploma · BFA · MFA · UGC-Recognised · NEP 2020 Aligned

33000+ STUDENTS TRAINED | 40+ COUNTRIES WORLDWIDE | 16 YEARS OF EXCELLENCE | 100% PLACEMENT RECORD | 60 ACRES MODERN CAMPUS - BIU

All programmes are full-time, credit-based, and NEP 2020 compliant. BFA Honours (4-year) pathway available. MFA entry open to BFA graduates and working professionals.

ABOUT THE FACULTY

The Faculty of Fine Arts (FFA) is the result of a landmark academic collaboration between IIP Academy, India's most respected photography institution, and Bareilly International University, a UGC-recognised university on a 60-acre modern campus in Bareilly, Uttar Pradesh. For the first time in North India, students can pursue structured, industry-facing degree programmes in Photography and Film Making within a full university ecosystem, combining creative practice with academic progression.

Photography & Visual Arts
DIPLOMA · 2 YRS | BFA · 3–4 YRS | MFA · 1–2 YRS
Studio photography, documentary, commercial, fashion, product, photojournalism, and visual research.

Film Making & Moving Image
DIPLOMA · 2 YRS | BFA · 3–4 YRS
Cinematography, direction, screenwriting, editing, sound design, documentary filmmaking, production management.

TEACHING METHODOLOGY
• Studio-First. Industry-Integrated.
• Every semester is structured around real projects, 80% practical. Students work alongside mentors on media & advertising campaigns, cultural documentation, participation in government events
• Guru–Shishya mentor-ship model
• Credit-based project assessments
• Mandatory internship semesters
• Portfolio-led evaluation
• Interdisciplinary learning: art, tech, culture, entrepreneurship

CAMPUS & INFRASTRUCTURE
• A University Built for Creative Practice
• 60-acre modern BIU campus, Bareilly
• Professional photography studios
• Analog darkroom facility, Digital editing & post-production labs, Film set and production spaces, Art studios and critique galleries, Library & visual research center
• On-campus hostels and student facilities,
• Noida campus: Advanced/ industrial training

PLACEMENTS & CAREERS
• 100% Placement. Every Batch
• IIP Academy maintains an unbroken placement record across all graduating batches. The dedicated industry connect cell works with media houses, production studios, advertising agencies, and cultural organisations
• Career counselling from Year 1, Live brief industry assignments
• National & international exhibitions

ADMISSIONS NOW OPEN

Pre-Register Today | Limited Seats per Batch
Entrance test and academic counselling for all programmes.
UGC-recognised degrees · Education loan facility · Hostel available
CAMPUS: PILIBHIT BYPASS ROAD BAREILLY-243006

9015 422 322
ADMISSIONS HELPLINE

www.sepiaadvertising.com/05/26

सुनवाई | संघीय अदालत नए वैश्विक शुल्क को अवैध और गैरकानूनी करार देते हुए किया खारिज

ट्रंप को फिर झटका, कोर्ट ने 10% टैरिफ को बताया अवैध

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका की एक संघीय अदालत ने देश के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए नए वैश्विक शुल्कों के खिलाफ फैसला सुनाया है। न्यूयॉर्क स्थित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार अदालत के तीन न्यायाधीशों की खंडपीठ ने छोटे कारोबारियों की याचिका पर सुनवाई के बाद 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्क को गुरुवार को अवैध करार दिया।

अदालत ने एक के मुकाबले दो के बहुमत से कहा कि ट्रंप ने उस शुल्क अधिकार का अतिक्रमण किया जो संसद ने राष्ट्रपति को कानून के तहत दिया है। बहुमत ने अपने फैसले में कहा कि ये शुल्क अमान्य और कानून द्वारा अनधिकृत हैं।

पीठ के तीसरे न्यायाधीश ने कहा कि कानून राष्ट्रपति को शुल्कों के मामले में अधिक छूट देता है। यदि प्रशासन गुरुवार के फैसले के खिलाफ अपेक्षा के अनुरूप अपील करता है तो वह पहले वाशिंगटन स्थित संघीय सर्किट के लिए अमेरिकी अपील अदालत का रुख करेगा और उसके बाद संभवतः उच्चतम न्यायालय जाएगा। यह मामला ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए अस्थायी 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्कों से जुड़ा है। इससे पहले उच्चतम न्यायालय ने फरवरी में उन और व्यापक दोहरे अंकों वाले शुल्कों को खारिज कर दिया था जिन्हें राष्ट्रपति ने पिछले साल दुनिया के लगभग हर देश पर लगाया था। उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अस्थायी 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्क लगाया गया। नए शुल्क 1974 के व्यापार अधिनियम की धारा 122 के तहत लगाए गए और उनकी अवधि 24 जुलाई को समाप्त होनी थी। यह फैसला ट्रंप प्रशासन के लिए एक और कानूनी झटका है। प्रशासन ने आयात करों की दीवार खड़ी कर अमेरिकी अर्थव्यवस्था को सुरक्षित रखने की कोशिश की है।

व्यापक वैश्विक शुल्कों को ट्रंप ने ठहराया था उचित

पिछले साल ट्रंप ने 1977 के अंतर्राष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम का इस्तेमाल करते हुए देश के लंबे समय से जारी व्यापार घाटे को राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया था और व्यापक वैश्विक शुल्कों को उचित ठहराया था। उच्चतम न्यायालय ने 28 फरवरी के अपने फैसले में कहा था कि आईईईपीए इन शुल्कों की अनुमति नहीं देता। अमेरिकी संविधान संसद को कर लगाने का अधिकार देता है, जिसमें शुल्क भी शामिल हैं, हालांकि सांसद शुल्क लगाने का अधिकार राष्ट्रपति को सौंप सकते हैं।

न्यूज ब्रीफ

दहेज हत्या के मामले में फरार पति गिरफ्तार

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना पुलिस ने दहेज के लिए पत्नी को जहर देकर हत्या करने के मामले में फरार पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गांव सुनवारी निवासी नाजिम का निकाह पांच वर्ष पूर्व मुरादाबाद जनपद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र निवासी अलीशा के साथ हुआ था। मृतका के भाई मोहम्मद तालिब ने 26 अप्रैल को पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि ससुराल पक्ष दहेज में पांच लाख रुपये और चार पहिया वाहन की मांग कर रहा था। मांग पूरी न होने पर अलीशा के साथ मारपीट की जाती थी। आरोप है कि 24 अप्रैल को अलीशा ने फोन कर बताया था कि पति नाजिम, जेठ रियासत, ससुर मकसूद और जेठानी अंजुम परवीन दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित कर रहे हैं। इसके बाद उसे जहर दे दिया गया, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उपचार के लिए मुरादाबाद ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

रिपोर्ट दर्ज करवाने को एसपी से लगाई गुहार

हसनपुर, अमृत विचार : गाजियाबाद के इंदिरापुरम निवासी रविन्द्र सिंह ने बताया कि वह बीते 23 अप्रैल को नगर के एक शादी मंडप में एक विवाह समारोह में शामिल होने आए थे। 24 अप्रैल की सुबह करीब 5 :49 बजे उनके कमरे से सैमसंग गैलेक्सी जेड फोल्ड–5 मोबाइल चोरी हो गया। घटना की सूचना डायल 112 नंबर पर दी गई और मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज भी प्राप्त कर लिए, जिसमें संदिग्ध नजर आ रहा है। पीड़ित का आरोप है कि वह बार–बार थाने के चक्कर काटकर थक चुका है, लेकिन पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं कर रही। पीड़ित ने एसपी से शिकायत की है।

बाइकों की भिड़ंत, तीन घायल, हालत गंभीर

सैफनी, अमृत विचार : नगर के भूड़ा गेट के पास गुरुवार देर रात को दो बाइकों की आमने–सामने हुई जोरदार टक्कर में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। अजय (22) और ओमकार के साथ बाइक से अपने गांव आ रहा था। चचेरी बहन को देखकर अपने गांव मधुपुरी वापिस जा रहे अरुण (18) बाइक से अचानक जोरदार टक्कर हो गई। जिससे तीनों लोग घायल हो गए।

जिले में आज से होगी प्रवक्ता भर्ती की लिखित परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- दो दिन में 18 केंद्रों पर चार पालियों में 24 हजार अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित प्रवक्ता भर्ती परीक्षा नौ और 10 मई को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले के 18 केंद्र पर होगी। अभ्यर्थी दो पालियों में परीक्षा देंगे। पहली पाली सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे और दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर 2:30 बजे से 4:30 बजे तक होगी।

जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि दो दिन में चार पालियों में 24 हजार परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं की गई हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केंद्रों पर पेयजल, बैठने एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। अभ्यर्थियों को समय से पहले परीक्षा केंद्र पर पहुंचने और आयोग के दिशा-निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या अनुचित गतिविधि पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने परीक्षा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

योग्य चिकित्सक और प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टॉफ के बिना चलते मिले अस्पताल-क्लीनिक

कार्रवाईः अवैध रूप से संचालित अस्पतालों में छापेमारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आईजीआरएस पोर्टल पर मिलीं शिकायतों पर सक्रिय हुआ महकमा
- किंग स्किन केयर में बिना नाम-लेवल की दवाएं और पाउडर मिले
- केयर हॉस्पिटल गुलाबबाड़ी को अनियमितता के चलते किया सील

अमृत विचार : जिले में अवैध रूप से संचालित चिकित्सालयों और झोलाछाप के खिलाफ जन शिकायतों व आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को देखते हुए चिकित्साधिकारी सक्रिय हुए। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के निर्देश पर उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार बेलवाल ने कई अस्पतालों का निरीक्षण कर खामियां मिलने पर कार्रवाई की।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने समाज हेल्थ केयर रामपुर दोराहा का निरीक्षण किया। इसमें चिकित्सालय पर एक मरीज भर्ती मिली, जिसकी हाल ही में डिलीवरी हुई थी। मरीज की ठीक स्थिति को देखते हुए उसे अस्पताल से छुट्टी दिलाई गई। चिकित्सालय में कोई भी योग्य चिकित्सक एवं प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित नहीं पाया गया। इसके चलते चिकित्सकीय उपकरण एवं सामग्री अनियमित रूप से संचालित अवस्था में पाए जाने पर सामान को जब्त कर विधिक कार्रवाई की गई। इसके अलावा किंग स्किन केयर पीतल बस्ती के निरीक्षण में कथित डॉ. मोहम्मद अशरफ नामक व्यक्ति मरीजों का उपचार करता मिला। टीम के मांगने पर वह कोई वैध चिकित्सकीय डिग्री अथवा पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाया। मौके पर बिना नाम एवं लेवल की संदिग्ध दवाएं और पाउडर मिला। जिसे जांच के लिए टीम ने अपने कब्जे में ले लिया। टीम इसके बाद चांद हेल्थ केयर पहुंची जो पहले से ही सील बंद पाया गया।

इसके बाद टीम केयर हॉस्पिटल गुलाबबाड़ी पहुंची। यहां भी कोई भी योग्य चिकित्सक एवं प्रशिक्षित पैरामेडिकल स्टाफ उपलब्ध नहीं था। इस पर गंभीर अनियमितता की आशंका को देखते हुए अस्पताल को तत्काल सील कर दिया। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव बेलवाल ने बताया कि अवैध रूप से संचालित अस्पतालों, क्लीनिकों एवं अपंजीकृत चिकित्सकों के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा।

अवैध रूप से संचालित क्लीनिकों पर छापेमारी के दौरान जांच करते उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव बेलवाल। • अमृत विचार

भाजपा सरकार की नीतियों पर बोला हमला

नसीमुद्दीन ने किया वायदा - सपा सरकार बनने पर महिलाओं को 40 हजार और 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी और अपराध बढ़ाने का आरोप
- भाजपा ने प्रदेश में गंगा-जमुनी तहजीब को नुकसान पहुंचाया
- कार्यकर्ताओं के प्रत्याशी चुनने की बात पर भड़के, सुनाई खरी-खोटी

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला किया। कहा कि प्रदेश में गंगा-जमुनी तहजीब को नुकसान पहुंचाया गया है और समाज में खाई पैदा की गई है। भाजपा शासित राज्यों से अधिकारियों को चुनाव प्रभावित करने के लिए भेजा गया। वहीं चुनाव आयोग को भाजपा की कठपुतली बताया। यह बातें सपा नेता नसीमउद्दीन सिद्दीकी ने रामगंगा विहार स्थित एक बैंक्वेट हाल में पत्रकारों से बातचीत में कही। कार्यकर्ताओं के प्रत्याशी चुनने की बात वह भड़क उठे और कार्यकर्ता को खरी-खोटी सुनाई। इससे पहले उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की।

रामगंगा विहार स्थित एक बैंक्वेट हॉल में नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने 'मिशन 2027' का जिक्र करते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी पीडीए के बलबूते सत्ता में वापसी करेगी। उन्होंने घोषणा की कि सपा सरकार बनने पर महिलाओं को 40 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी तथा उपभोक्ताओं को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। आरोप लगाया कि प्रदेश में जो भी सरकार के खिलाफ आवाज उठाता है, उसके घर बुलडोजर चलवा दिया जाता है। उन्होंने तंज कसा कि मेरे घर बुलडोजर नहीं चला सकते, क्योंकि मेरे घर के चारों तरफ आर्मी के आवास हैं। उन्होंने भाजपा सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी और अपराध बढ़ाने का आरोप लगाया। कहा कि रसोई गैस से लेकर खाद्य पदार्थों तक की कीमतें बढ़ गई हैं, जिससे आम जनता परेशान है। उन्होंने मुरादाबादी दाल और जलेबी तक के महंगे होने का उदाहरण देते हुए कहा कि भाजपा सरकार में हर वर्ग परेशान है।

उन्होंने दावा किया कि समाजवादी पार्टी पूरे प्रदेश में भाईचारा मजबूत करने के लिए अभियान चला रही है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणामों पर सवाल उठाते हुए भाजपा पर चुनाव में गड़बड़ी कराने का आरोप लगाया। प्रेस वार्ता के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा आगामी चुनाव के प्रत्याशी को लेकर सवाल पूछे जाने पर नसीमुद्दीन सिद्दीकी नाराज भी दिखाई दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि होश में रहो, घर बुलाकर बेइज्जत करते हो। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हर समय पंचायत और विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटी हुई है। पीडीए के तहत सभी जातियों और वर्गों को संगठन में सम्मान दिया जा रहा है। इस दौरान जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, विधायक नवाब जान, सलीम अख्तर, महानगर अध्यक्ष इकबाल अंसारी समेत बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता रहे।

कार्यक्रम से निकलकर जाते नसीमुद्दीन सिद्दीकी। • अमृत विचार

भाजपा प्रदेश महामंत्री अमरपाल का किया स्वागत

पाकबड़ा जीरो प्वाइंट पर भाजपा प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य का स्वागत करते जिलाध्यक्ष व अन्य। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

अमृत विचार : रामपुर प्रशिक्षण वर्ग में शामिल होने जाते समय मुरादाबाद स्थित पाकबड़ा जीरो प्वाइंट पर शुक्रवार को जिलाध्यक्ष भाजपा आकाश कुमार पाल के नेतृत्व में भाजपा के प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य का स्वागत किया गया। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों से उनका कुशलक्षेम जाना।

इस दौरान क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, ब्लॉक प्रमुख सदर मनीष कुमार सिंह, नवीन चौधरी, अमन ठाकुर, अरूण पण्डित, विक्रांत चौधरी, दीपक चौधरी, सुमित दिवाकर, दिशांत दिवाकर, अमरनाथ प्रजापति, यशवीर सिंह, जयप्रकाश, विशाल सिंह, राज भारद्वाज, ऋतिक चौधरी आदि उपस्थित रहे

2450 नवसाक्षरों को वितरित किए साक्षरता प्रमाण-पत्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- विशेष अभियान में निरक्षर लोगों को पढ़ना-लिखना सिखाकर साक्षर बनाया

अमृत विचारः परिवर्तन दी चेंज संस्था द्वारा संचालित शिक्षा प्लस प्रोग्राम के अंतर्गत शुक्रवार को आयोजित प्रमाण-पत्र वितरण समारोह में 2450 नवसाक्षरों को साक्षरता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम शिव नाडर फाउंडेशन के शिक्षा फॉर एडल्ट्स प्रोजेक्ट के तहत मुरादाबाद एवं छजलैट ब्लॉक में संचालित किया गया था। चार माह के इस विशेष अभियान के माध्यम से निरक्षर लोगों को पढ़ना-लिखना सिखाकर साक्षर बनाया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक सतानंद शर्मा ने कहा कि शिक्षा समाज को आगे बढ़ाने का सबसे मजबूत माध्यम है और ऐसे प्रयास ग्रामीण क्षेत्रों में नई जागरूकता पैदा कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि शिव नाडर फाउंडेशन की शिक्षा फॉर एडल्ट्स प्रोग्राम मैनेजर भावना शर्मा तथा बाल संरक्षण आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विशेष गुप्ता ने भी लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था के अध्यक्ष कपिल कुमार ने बताया कि संस्था वर्तमान में 15 वर्ष से अधिक आयु के 2610 निरक्षरों को साक्षर बनाने के लिए आठ गांवों में लगातार कार्य कर रही है।

दून एक्सप्रेस से गिरकर डांसर की मौत

रामपुर, अमृत विचार : रामपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या दो पर गुरुवार देर रात दून एक्सप्रेस में चढ़ते समय दानिश की ट्रेन से गिरकर मृत्यु हो गई। हादसे में उनका शरीर दो हिस्सों में बंट गया। सूचना मिलने पर जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बाद में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। थाना गंज स्थित फूलों वाली बगिया निवासी दानिश बरेली में एक डांस पार्टी कार्यक्रम में जा रहे थे। वह डांस पार्टी में काम करके परिवार का पालन-पोषण करते थे। परिजनों ने बताया कि दानिश दो भाइयों थे, जिनमें से एक भाई मानसिक रूप से बीमार है। उनके परिवार में पत्नी और चार बेटियां हैं। एक बहन कहकशा की जिम्मेदारी भी दानिश पर थी। बिट्टन खान के अनुसार दानिश की चार बहनें हैं, जिनमें से एक अविवाहित है। परिवार का पूरा खर्च दानिश ही उठाते थे। जीआरपी थाना प्रभारी ईश्वर चंद ने जानकारी दी कि दानिश ट्रेन में चढ़ते समय अचानक संतुलन खो बैठे और नीचे गिर गए, जिससे मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई।

पुलिस चौकी पर एक ही दिन में हुए दो प्रेम विवाह

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- पुलिस की मौजूदगी में लिए दोनों प्रेमी युगल ने लिए फेरे

अमृत विचार : सैदनगर अजीमनगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली खौद चोकी पर शुक्रवार को एक ही दिन में दो अलग-अलग प्रेम प्रसंगों का सुखद अंत हुआ। पुलिस की मौजूदगी में फेरे हुए और शादी के बाद दो प्रेमी जोड़े एक दूसरे के हो गए।

पहला मामला खौद के मझरा निवासी एक युवती का है, जिसका काफी समय से उत्तराखंड के गदरपुर निवासी एक युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों के परिजनों के बीच सहमति बनने के बाद चौकी परिसर में ही उनकी शादी की रस्में पूरी कराई गईं। दूसरा मामला लाइनमैन और युवती का पुराना इश्क वहीं, दूसरा मामला क्षेत्र के ही खिजरपुर की एक युवती और बजाबला निवासी युवक का है। युवक खौद बिजली घर में संविदा पर लाइनमैन के रूप में कार्यरत है। बताया जा रहा है कि यह खौद बिजली घर पर प्रेमी जोड़ा 6 महीने पहले भी घर से युवती को लेकर फरार हो गया था। आज फिर लाइन मेन का काफी जद्दोजहद और सामाजिक हस्तक्षेप के बाद, आखिरकार पुलिस की मध्यस्थता में इस प्रेमी युगल ने भी खौद चौकी में चर्च में शादी रचाई। एक ही दिन में दो शादियों का गवाह बनने के कारण खौद चौकी दिनभर चर्चा का केंद्र बनी रही। स्थानीय लोगों ने इसे पुलिस का सकारात्मक चेहरा बताया, जहाँ विवादों के बजाय घर बसते नजर आए।

संदीप जिलाध्यक्ष ,सुरजीत बने जिला मंत्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल ऑफिसर्स एसोसिएशन की जनपद इकाई का चुनाव संपन्न
- शुक्रवार को हुआ मतदान, सभी पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती पर दिया जोर

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश एजुकेशनल मिनिस्ट्रियल ऑफिसर्स एसोसिएशन की जनपद इकाई का चुनाव शुक्रवार को कराया गया। राजकीय इंटर कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिले भर से कर्मचारी शामिल हुए।

मतदान प्रक्रिया शुक्रवार को सुचारू रूप से चली, उसके बाद मतगणना कर परिणाम घोषित किए गए। संदीप कुमार को जनपद अध्यक्ष, सुरजीत सिंह को जिला मंत्री, मुस्तकीम को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रूप किशोर को कोषाध्यक्ष तथा भूपेंद्र यादव को ऑडिटर चुना गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सहकर्मियों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। सभी ने संगठन की मजबूती और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट कार्य करने का संकल्प लिया। अध्यक्ष संदीप कुमार ने कहा कि संगठन कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए सतत संघर्ष करेगा।

उन्होंने आश्वासन दिया कि कार्यालयों में बेहतर वातावरण, शिक्षा विभाग में पारदर्शिता एवं कुशलता बढ़ाने तथा लंबित मुद्दों के निपटारे पर प्राथमिकता रहेगी। अंत में सभी ने संगठन को सशक्त बनाने की प्रतिज्ञा ली।

मतदान के बाद मौजूद निर्वाचित पदाधिकारी। • अमृत विचार

चाइनीज मांझे की चपेट में आकर किसान घायल

बिलासपुर, अमृत विचारः भाई के साथ खेत से घर जा रहे बाइक सवार किसान चाइनीज मांझे की चपेट में आने के घायल हो गए। बाद में घायल को उपचार के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उपचार के बाद किसान को घर भेज दिया।

नगर क्षेत्र के मोहल्ला कस्बा राजपुर निवासी गुरदीप सिंह शुक्रवार की सवेरे दस बजे भाई धुरवेक सिंह के साथ बाइक पर सवार होकर खेत से घर जा रहे थें। इस दौरान रेलवे क्रासिंग के पास अचानक पतंग में बंधे चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए। जिससे किसान की नाक और हाथ की उंगली लहुलुहान हो गई। बाद में वह लहुलुहान अवस्था में परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह से मुलाकात कर घटना से अवगत कराया। साथ ही शिकायती प्रार्थनापत्र देकर पतंग उड़ाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

कार्यशाला | मंडलायुक्त ने बच्चों की बुनियादी सीख मजबूत करने की आवश्यकता पर दिया बल

शिक्षक और विद्यार्थी शिक्षा व्यवस्था के दो महत्वपूर्ण स्तंभ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मुरादाबाद व संभल के 70 एआरपी की प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

अमृत विचार : निपुण भारत मिशन के अंतर्गत शुक्रवार को मंडलायुक्त कार्यालय सभागार में मुरादाबाद और संभल के 70 एआरपी की मंडल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन डायट प्राचार्य बुद्ध प्रिय सिंह के निर्देशन में किया गया। कार्यशाला में एसआरजी, बीईओ और डायट मेंटर को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान एवं निपुण सेल इन सपोर्ट द्वारा कार्य के लिए सक्षम बनाना और प्रशिक्षित करना था।

मुख्य अतिथि मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने कहा कि शिक्षक और विद्यार्थी शिक्षा व्यवस्था के दो सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। उन्होंने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए बुनियादी सीख मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। मंडलायुक्त ने प्रतिभागियों को फाउंडेशनल लर्निंग के महत्व को समझाया। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने कहा कि शिक्षकों को विद्यालयों में मिशन क, ख, ग़, घ की शुरुआत करनी चाहिए। जिसमें क से कहानी व कल्पनाशीलता, ख से खेल व खिलौने, ग से गीत व गतिविधि, घ से घनिष्ठता व घर जैसा वातावरण बनाते हुए कक्षा में शिक्षण करने की जरूरत है। विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी स्ट्रक्चर्ड पेडागॉजी और साइंस ऑफ लर्निंग पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। कार्यशाला प्राथमिक कक्षा एक और दो के विद्यार्थियों पर केंद्रित रही। भाषा एवं गणित विषयों से संबंधित मुख्य प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशाला में कुल पांच सत्र आयोजित किए गए। इसमें एआरपी को संदर्शिका के प्रभावी उपयोग को सक्षम बनाने के लिए प्रशिक्षित किया गया। ईएलपीएस और फोर ब्लॉक फ्रेमवर्क पर विशेष फोकस दिया गया। एआरपी को अवलोकन पत्र, उसके महत्व तथा उसके प्रभावी उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला में संदर्भदाता के रूप में डायट मेंटर आशुतोष त्यागी, एसआरजी मुरादाबाद डॉ. सचिन शुक्ला, एसआरजी संभल शालिनी सक्सेना, राशिद अली डायट मेंटर संभल और श्रवण कुमार एआरपी मुरादाबाद ने जानकारी दी। संचालन आशुतोष त्यागी प्रवक्ता डायट और सिमरन निपुण सेल ने किया।

मंडलायुक्त कार्यालय सभागार में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में भाग लेते शिक्षक व अन्य। • अमृत विचार

शहर में आज

- चित्रगुप्त इंटर कॉलेज सहित 18 केंद्रों पर प्रवक्ता भर्ती की लिखित परीक्षा पहली पाली सुबह 9 :30 बजे से।
- राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जिला न्यायालय परिसर में स्थित न्याय भवन में सुबह 10 :00 बजे।
- महाराणा प्रताप की जयंती पर महाराणा प्रताप चौक पर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण सुबह 10 : 30 बजे।

राष्ट्रीय लोक अदालत आज, दो लाख मामले निपटाने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- ओडीओपी, ओडीओसी और जेल बंदियों के उत्पादों के स्टॉल भी होंगे आकर्षण का केंद्र

अमृत विचार: जनपद में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सै. माऊज बिन आसिम द्वारा सुबह 10 बजे जिला न्यायालय परिसर स्थित न्याय भवन से किया जाएगा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव तपस्या त्रिपाठी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद भर के करीब दो लाख 20 हजार 632 मामलों के निस्तारण का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। लोक अदालत में शमनीय वाद, स्टांप वाद, राजस्व वाद, बैंक रिकवरी मामले, भूमि अधिग्रहण, उपभोक्ता फोरम, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, टैक्स संबंधी मामले, बिजली चोरी, चेक बाउंस, चालान, श्रम वाद, जलकर वाद तथा प्री-लिटिगेशन मामलों का सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत में एक जनपद-एक उत्पाद और एक जनपद-एक व्यंजन के साथ-साथ कारागार में निरुद्ध बंदियों द्वारा तैयार उत्पादों के स्टॉल भी लगाए जाएंगे। कार्यक्रम स्थल पर मेडिकल कैंप का आयोजन भी किया जाएगा। लोक अदालत के माध्यम से तहसील स्तर से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक लंबित मामलों का निस्तारण कराया जा सकता है।

राहत : मंडल के 14 लाख बिजली उपभोक्ताओं को मिली प्रीपेड मीटर से निजात

स्मार्ट प्रीपेड मीटर खत्म, अब आएगा पोस्टपेड बिल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पोस्टपेड में 25 तक बदल जाएंगे 3.75 लाख उपभोक्ताओं के प्रीपेड मीटर
- उपभोक्ताओं को बकाया बिल जमा करने को किस्तों की मिलेगी सुविधा

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटरों को लेकर बड़ा फैसला लिया है।

प्रदेशभर में आरडीएसएस योजना के तहत लगाए गए सभी स्मार्ट प्रीपेड मीटर अब पोस्टपेड मोड में 25 मई तक बदल दिए जाएंगे। इस फैसले से मंडल के 14 लाख उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली है। अब मंडल के चार लाख उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर में 90 प्रतिशित प्रीपेड हो चुके मीटर का जून में पहले की तरह बिल ही आएगा। इस संबंध में सभी विद्युत वितरण कंपनियों को आदेश जारी कर दिए गए हैं।

प्रबंध निदेशक नितीश कुमार द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार मई-2026 की बिजली खपत का बिल जून में पोस्टपेड प्रणाली के तहत जारी किया जाएगा। मुख्य अभियंता अशोक कुमार चौरासिया ने शुक्रवार को बताया कि मंडल के मुरादाबाद, रामपुर और संभल में 14 लाख उपभोक्ता हैं। जिसमें से अब तक चार लाख उपभोक्ताओं के घर व प्रतिष्ठान पर स्मार्ट मीटर लगाया जा चुका है और तीन लाख 75 हजार के स्मार्ट मीटर प्रीपेड मीटर में बदले गए थे। लेकिन अब उपभोक्ताओं को पहले रिचार्ज कराने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि बिजली उपयोग के बाद मासिक बिल जमा करना होगा।

बिजली विभाग ने निर्देश दिए हैं कि सभी स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के बिल हर माह की 10 तारीख तक जारी किए जाएं। जिन क्षेत्रों में नेटवर्क समस्या या मीटर से ऑटोमेटिक रीडिंग नहीं मिल पाएगी, वहां मैनुअल रीडिंग लेकर बिल तैयार किया जाएगा।

एसएमएस और व्हाट्सएप पर मिलेगा बिल

सभी स्मार्ट पोस्टपेड बिल उपभोक्ताओं को एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से भेजे जाएंगे। जिन उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर विभाग में अपडेट नहीं हैं, उन्हें 1912 हेल्पलाइन और व्हाट्सएप चैटबॉट के जरिये बिल उपलब्ध कराया जाएगा। घरेलू उपभोक्ताओं को 30 अप्रैल 2026 तक के बकाये को 10 आसान किस्तों में जमा करने की सुविधा दी गई है। वहीं अन्य श्रेणी के उपभोक्ता बकाया राशि 40 प्रतिशत, 30 प्रतिशत और 30 प्रतिशत की तीन किस्तों में जमा कर सकेंगे।

सिक्योरिटी मनी फिर लगेगी

बिजली विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रीपेड मीटर लागू करते समय समायोजित की गई सिक्योरिटी धनराशि अब पोस्टपेड व्यवस्था में फिर से चार समान मासिक किस्तों में वसूली जाएगी। यह राशि जुलाई 2026 से शुरू होने वाले बिलों में स्वत : जुड़ जाएगी। स्मार्ट मीटर और बिजली बिल संबंधी शिकायतों के समाधान के लिए 15 मई से 30 जून तक अधिशासी अभियंता और उपखंड अधिकारी कार्यालयों में विशेष कैंप लगाए जाएंगे। विभाग ने 1912 हेल्पलाइन पर भी विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

न्यूज ब्रीफ

शांति व्यवस्था भंग करने में तीन महिलाओं समेत छह गिरफ्तार

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : पुलिस के अनुसार ग्राम बहादुरनगर निवासी अरुण कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह एवं रविता पुत्री राजेन्द्र सिंह को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार किया गया। दोनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया गया। वहीं ग्राम शरीफनगर में दो पक्षों के बीच विवाद की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रथम पक्ष से कलसुम जहां पत्नी अजीम अहमद तथा अजीम अहमद पुत्र सिराजुल हक को हिरासत में लिया। जबकि द्वितीय पक्ष से सानिया पत्नी अब्दुल कादिर और मुबीन अहमद पुत्र सिराजुल हक के खिलाफ भी शांतिभंग की कार्रवाई की गई। सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

मारपीट में तीन के खिलाफ शांति भंग में रिपोर्ट दर्ज

कांठ, अमृत विचार : थाना क्षेत्र में खेती की जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई, जिसमें दोनों पक्षों के तीन लोग घायल हो गए। थाना क्षेत्र के ग्राम हीरापुर निवासी वीर सिंह पुत्र कुंदन सिंह तथा दूसरे पक्ष के रतन सिंह पुत्र बाबू सिंह में खेती की जमीन के विवाद को लेकर 7 मई को गाली गलौच हो गई। इसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। मारपीट में एक पक्ष के वीर सिंह, दूसरे पक्ष के रतन सिंह, राकेश कुमार घायल हो गए। घायलों को लेकर उनके परिजन थाना कांठ पहुंचे और पुलिस को तहरीर दी।

मौसम : कभी हल्की ठंड तो कभी गर्मी कर रही परेशान

पिछले दिनों उत्तराखंड के पहाड़ी जिलों में बर्फबारी व बारिश के साथ ओला पड़ने से जिले में भी मौसम असंतुलित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

स्कूटी पर जाती महिला। ● अमृत विचार

अमृत विचार : मौसम हर दिन रंग बदल रहा है। उत्तराखंड के मौसम का पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों पर असर पड़ रहा है। कभी आंधी बारिश के चलते हल्की ठंड तो कभी गर्मी परेशान कर रही है। मौसम के असंतुलन से लोग बीमार भी हो रहे हैं। अगले दिनों में भी फिर मौसम के करवट लेने का अनुमान जताया गया है।

इस सप्ताह के शुरुआती दिनों में आंधी बारिश के चलते तापमान में कमी आई, जिससे लोगों को ठंड का अहसास हुआ। दिन के साथ ही रात के तापमान में भी कमी आई। जबकि उसके पहले तेज धूप व सूरज की तपिश लोगों को बेदम कर रही थी। शुक्रवार को सुबह ठंड हवा के झोंके से मौसम सुहाना रहा। लेकिन दोपहर में तेज धूप से लोगों को उमस ने परेशान किया। हालांकि न्यूनतम तापमान अभी भी 25 डिग्री सेल्सियस के नीचे होने से रात में चद्दर ओढ़ने की नौबत है। उत्तराखंड के मौसम का मुरादाबाद सहित पश्चिमी यूपी के अन्य जिलों पर भी असर पड़ रहा है। कभी हल्की ठंड, तो कभी गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। पिछले दिनों उत्तराखंड के देहरादून व अन्य पहाड़ी जिलों में बर्फबारी व बारिश के साथ ओला पड़ने से जिले में भी मौसम असंतुलित हो गया है। इसका असर लोगों की स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। सरकारी व निजी अस्पतालों में सर्दी जुकाम, सिर दर्द, वायरल बुखार, पेट दर्द आदि के रोगी बढ़े हैं। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 33 और न्यूनतम 22 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले सप्ताह के शुरुआती दिनों में फिर बादलों की गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है।

बालरोग विशेषज्ञ डॉ. रवि गंगल का कहना है कि मौसम में बार-बार बदलाव से तापमान के असंतुलन का बच्चों पर अधिक असर पड़ रहा है। इन दिनों वायरल बुखार, सर्दी, जुकाम, डायरिया, पेट व सीने में दर्द की दिक्कत बच्चों को हो रही है। ऐसे समय में अधिक सावधानी बरतने की जरूरत है। खानपान भी संतुलित व मौसम के अनुकूल होना चाहिए। बच्चों को बाहर के खुले खाद्य सामग्री से दूर रखें। ताजा व सुपाच्य भोजन दें। कोल्ड ड्रिंक्स व आइसक्रीम से दूर रखें।

अगले छह दिनों का अनुमानित तापमान

तारीख	अधिकतम	न्यूनतम
9	34 डिग्री से.	23 डिग्री से.
10	36 डिग्री से.	25 डिग्री से.
11	36 डिग्री से.	25 डिग्री से.
12	35 डिग्री से.	25 डिग्री से.
13	34 डिग्री से.	24 डिग्री से.
14	34 डिग्री से.	24 डिग्री से.

बरसात से पहले नालों से हटेगा अतिक्रमण, होगी सफाई

मुरादाबाद, अमृत विचार : बरसात से पहले महानगर के सभी प्रमुख नालों की सफाई कराई जानी है। इसके लिए अभियान चलाकर नालों पर किए अतिक्रमण को नगर निगम की प्रवर्तन दल की टीमें हटवाएंगी। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने कहा कि पिछले साल की तरह इस बार भी हर हाल में बरसात से पहले प्रमुख नालों व कॉलोनियों की नालियों की सफाई कराने का काम शुरू हो गया है। इस दौरान नाला सफाई में बाधक बने अतिक्रमण को टीमें हर हाल में हटवाएंगी, जिससे तलीझाड़ सफाई कराकर कचरा निकाला जा सके। इसके लिए जोनल अधिकारी अपने क्षेत्र में अभियान के दौरान स्वयं पहुंचेंगे। सभी आठ जोन में जोनल अधिकारी प्रवर्तन दल के साथ अतिक्रमण हटवाने के साथ ही नालों की सफाई भी सुनिश्चित कराएंगे। नालों पर अतिक्रमण करने वालों को भी चेतावनी दी कि वह स्वयं इसे हटा लें। अन्यथा टीम के पहुंचने पर चालान भी कटेगा। साथ ही लोगों से अपील की है कि वह नालों में कूड़ा-कचरा न डालें। अपने घर व प्रतिष्ठान का कूड़ा कचरा नगर निगम के कूड़ा वाहन में ही डालें। खुले में सड़क या खाली भूखंड पर कूड़ा डालकर शहर को गंदा न करें। नगर निगम के क्लीन मुरादाबाद, ग्रीन मुरादाबाद की प्रतिबद्धता में नागरिक भी अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाएं।

मझोला पुलिस ने हत्यारोपी साथी को भेजा जेल

मुरादाबाद, अमृत विचार : थाना मझोला पुलिस ने युवक की संदिग्ध मौत के मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी युवक को शराब पिलाकर गहरे नाले की पुलिया पर छोड़कर चला गया था, जिससे युवक की नाले में गिरकर मौत हो गई।

मझोला थाना के प्रभारी निरीक्षक आरपी सिंह ने शुक्रवार को बताया कि राजेश्वरी पत्नी अशोक कुमार धीमान निवासी रामगंगा विहार ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनका 26 वर्षीय बेटा अमन धीमान उर्फ विक्की को आरोपी बंटी कश्यप अपने साथ ले गया था। बताया कि आरोपी ने अमन को शराब पिलाई और नशे की हालत में श्रीराम चौक के पास गहरे नाले की पुलिया पर बैठाकर गायब हो गया। इसी दौरान अमन नाले में गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस टीम ने आरोपी बंटी कश्यप पुत्र राजू कश्यप निवासी आशियाना को गिरफ्तार कर जेल दिया।

बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाती है शिक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नन्ही सी चिड़िया ट्रस्ट ने आर्थिक रूप से कमजोर बालिकाओं के लिए फीस वितरण समारोह आयोजित किया
- वक्ताओं ने कहा- समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का आधार बनती है शिक्षा

पंचायत भवन में नन्ही सी चिड़िया ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में चेक के साथ छात्राएं। ● अमृत विचार

अमृत विचार : समाज की आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद बालिकाओं को शिक्षा से जोड़ने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से नन्ही सी चिड़िया ट्रस्ट ने फीस वितरण समारोह पंचायत भवन सभागार में आयोजित किया।

इसमें मुख्य अतिथि जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल रहे। अतिथियों ने आर्थिक रूप से कमजोर बालिकाओं को शिक्षा के लिए चेक वितरित किए। कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जो बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाकर समाज में सम्मानजनक स्थान दिलाती है।

अतिथियों ने कहा कि शिक्षा केवल एक परिवार नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का आधार है। आर्थिक सहायता मिलने से बालिकाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वह अपने सपनों को साकार करने के लिए और अधिक दृढ़ता के साथ आगे बढ़ सकेंगी।

ट्रस्ट की अध्यक्ष अल्पना रितेश गुप्ता ने कहा कि नन्ही सी चिड़िया ट्रस्ट कई वर्षों से निर्धन एवं वंचित वर्ग की बालिकाओं की शिक्षा, सशक्तीकरण और सामाजिक उत्थान के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

इस अवसर पर ट्रस्ट की सदस्य डॉ. नीतू रस्तोगी, मोना गुप्ता, शिखा जैन, प्रीति कक्कड़, सपना अग्रवाल, सोनाली कपूर, सुनीता कोठीवाल, रमोला मल्होत्रा, प्रेरणा अग्रवाल, मानवी, शिवानी सिंह, बबिता अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, कविता छाबड़ा, चारू भल्ला आदि मौजूद रहीं।

एडेड माध्यमिक शिक्षकों को मिलेगा कैशलेस इलाज

मुरादाबाद, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में अशासकीय सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों में कार्यरत शिक्षकों और उनके आश्रित परिवारों को जल्द ही कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ मिल सकेगा। इस संबंध में शिक्षा निदेशक (बेसिक) कार्यालय प्रयागराज से सभी मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशकों को निर्देश जारी किए गए हैं।

अपर शिक्षा निदेशक (बेसिक) कामता राम पाल ने जारी पत्र में कहा है कि शासन एवं महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देशों के क्रम में प्रदेश के सहायता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों में कार्यरत शिक्षकों एवं उनके आश्रितों का विवरण एकत्र किया जा रहा है। पत्र के अनुसार शासन द्वारा पांच फरवरी 2026 को जारी आदेश के तहत कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों से बिंदुवार सूचनाएं एवं आवश्यक डेटा 30 जून तक उपलब्ध कराने को कहा गया है।

वीर सैनिकों के प्रति जताया सम्मान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ पर चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित
- देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों की सतर्कता से हम सभी अपने घरों पर हैं सुरक्षित

चित्रगुप्त में ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद कैडेट्स।

अमृत विचार : ऑपरेशन सिंदूर की प्रथम वर्षगांठ पर चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। एनसीसी कैडेट्स ने वीर सैनिकों के प्रति सम्मान और श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ।

मेजर शिवकुमार के नेतृत्व में शुक्रवार को एनसीसी कैडेट्स ने मार्चपास्ट और अनुशासन का प्रदर्शन किया। कैडेट्स के जोश, अनुशासन और देशभक्ति की भावना ने उपस्थित लोगों में राष्ट्रप्रेम का संचार कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मेजर सुदेश कुमार भटनागर ने ऑपरेशन सिंदूर की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की जानकारी दी। कहा कि देश की सीमाओं पर तैनात सैनिकों की सतर्कता और जागरूकता के कारण ही देशवासी अपने घरों में सुरक्षित और निश्चिंत जीवन व्यतीत कर पाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से सैनिकों के त्याग और अनुशासन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ 24 बटालियन एनसीसी से सूबेदार थान सिंह एवं हवलदार जोगिंदर सिंह की विशेष उपस्थिति रही। आयोजन को सफल बनाने में राजीव कुमार पाठक, डॉ. नवनीत गोस्वामी, डॉ. विशेष शर्मा, जितेन्द्र सिंह, विशाल अग्रवाल, पंकज शर्मा, अनिल कुमार तथा पंकज दुबे सहित अन्य शिक्षकों और सहयोगियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

जनगणना – 2027

जिलाधिकारी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म व ह्वाट्सएप स्टेटस पर स्वगणना की फोटो अपलोड करने की अपील की

जागरूकता बढ़ाकर लोगों को करें स्वगणना के लिए प्रेरित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर खुद भी एक्टिव रहते डॉ. राजेंद्र पैंसिया
- शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से प्राथमिकता देने का किया आह्वान

जिलाधिकारी डॉ . राजेंद्र पैंसिया।

अमृत विचार : जनगणना के अन्तर्गत पहले चरण की शुरुआत में 21 मई तक चल रही स्वगणना के प्रति जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने लोगों को जागरूक कर प्रेरित करने के लिए कहा है। उन्होंने स्वयं के साथ दूसरों को भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पोस्ट कर और ह्वाट्सएप स्टेटस पर स्वगणना की फोटो अपलोड करने की अपील की है।

जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में ऑनलाइन विवरण भरकर स्वगणना की शुरूआत की थी। इसके बाद से वह जन सामान्य जागरूक करने के अभियान में जुटे हैं, जिससे गाइडलाइंस के अनुसार समय से जनगणना में सही व पारदर्शी तरीके से डेटा का डिजिटलाइजेशन हो सके। जिलाधिकारी स्वयं भी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर सक्रिय हैं। शहर के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी उन्होंने इसे प्राथमिकता देने का आह्वान किया है। वह स्वयं इसकी मॉनीटरिंग जिला जनगणना प्रमुख के रूप में कर रहे हैं। इसका उद्देश्य लोगों को जनगणना में रुचि लेकर इसे राष्ट्रीय दायित्व मानकर सहभागिता सुनिश्चित कराना है।

जन आंदोलन से घटेगा प्लास्टिक कचरा

मुरादाबाद, अमृत विचार : स्मार्टफोन के दौर में सात से 10 सेकंड तक सिमट चुकी लोगों की एकाग्रता को वापस लाने और पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए जिलाधिकारी ने नई पहल की है। जिलाधिकारी डॉ . राजेंद्र पैंसिया ने 'एक पुष्प, एक पुस्तक' और 'सब पढ़ें, आगे बढ़ें' अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने के लिए अधिकारियों से भी कहा है। उन्होंने सरकारी कार्यालयों में महंगे बुके पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। उनका कहना है कि सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी और सार्वजनिक कार्यक्रमों में आयोजित कार्यक्रमों में अतिथियों के स्वागत में 200 से 1500 रुपये तक के महंगे और प्लास्टिक युक्त बुके (पुष्पगुच्छ) नहीं दिए जाएंगे।

पुस्तकें 'पॉपकॉर्न माइंड' से निपटने की कारगर दवा

जिलाधिकारी का मानना है कि आज के डिजिटल युग में मोबाइल के अत्यधिक उपयोग ने आम आदमी के मस्तिष्क को 'पॉपकॉर्न माइंड' में तब्दील कर दिया है। लोगों में स्थिरता का अभाव हो गया है और ध्यान केंद्रित करने की क्षमता (कंसंट्रेशन) घटकर महज सात, आठ या 10 सेकंड से लेकर अधिकतम एक मिनट तक रह गई है। इस प्रवृत्ति को सुधारने और इस गंभीर मनोवैज्ञानिक समस्या से निपटने के लिए पुस्तकों का अध्ययन बेहद जरूरी है। जब कोई व्यक्ति किताब पढ़ता है, तो उसकी एकाग्रता स्वत : बढ़ने लगती है।

शिक्षक और कर्मचारी दो दिन में पूरी करें स्व-गणना

मुरादाबाद, अमृत विचार : जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्व-गणना अभियान को सफल बनाने के लिए माध्यमिक राजकीय, अशासकीय, वित्तविहीन, सीबीएसई एवं आईसीएसई विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के साथ ऑनलाइन बैठक की। उन्होंने सभी शिक्षकों व कर्मचारियों की स्व-गणना दो दिनों के अंदर पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय ने शुक्रवार को बैठक में बताया कि भारत सरकार के स्व-गणना अभियान में सभी की भागीदारी अनिवार्य है। कर्मचारियों को se.census.gov.in पोर्टल पर जाकर समयबद्ध स्व-गणना पूरी करने तथा विद्यालय स्तर पर मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा गया।

चित्रगुप्त में भाजपा की जीत पर दिखा राष्ट्र प्रेम

मुरादाबाद, अमृत विचार: चित्रगुप्त इंटर कॉलेज में पश्चिम बंगाल और असम विधानसभा चुनावों में भाजपा की शानदार सफलता के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 1100 छात्र-छात्राओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पोस्टर बनाकर भाजपा की जीत पर खुशी मनाई।

रंग-बिरंगे पोस्टरों और प्रेरक संदेशों के माध्यम से विद्यार्थियों ने पीएम मोदी के नेतृत्व की खुलकर सराहना की। छात्रों ने बताया कि देश के तेज विकास और मजबूत नेतृत्व से प्रेरित होकर उन्होंने यह कार्यक्रम आयोजित किया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में छात्र ध्रुव यादव, केशव, प्रिंस और रुद्राक्ष की अहम भूमिका रही। विद्यालय के प्रबंधक नवनीत शमशेरी व प्रधानाचार्य मेजर सुदेश भटनागर ने छात्रों के उत्साह की सराहना कर उनके रचनात्मक प्रयासों को प्रोत्साहित किया।

भारत गौरव ट्रेन कराएगी सात ज्योतिर्लिंग के दर्शन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- यात्रा 12 जून से 23 जून तक 11 रात एवं 12 दिन की रहेगी

अमृत विचार: इंडियन रेलवे केटरिंग एण्ड टूरिज्म कार्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन से भारत गौरव पर्यटक ट्रेन द्वारा उज्जैन में स्थित महाकालेश्वर ज्योतिलिंग, ओंमकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, गुजरात में द्वारकाधीश, भेंट द्वारिका, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, सिग्नेचर ब्रिज, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नासिक में त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, पंचवटी, कालाराम मंदिर, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, संभाजी नगर में घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग एवं स्थानीय मंदिरों का दर्शन कराएगी।

मुख्य क्षेत्रीय प्रबन्धक आईआरसीटीसी उत्तर क्षेत्र लखनऊ अजीत कुमार सिन्हा व टीम के सदस्यों ने पत्रकारों को बताया कि यात्रा 12 जून से 23 जून तक 11 रात एवं 12 दिन की रहेगी। इसमें इकोनामी श्रेणी (स्लीपर क्लास) में ठहरने पर पैकेज का मूल्य रुपये 24,100/- प्रति व्यक्ति, स्टैंडर्ड श्रेणी (थर्ड एसी क्लास) में ठहरने पर पैकेज का मूल्य रुपये 40,890/- प्रति व्यक्ति और कम्फर्ट श्रेणी (सेकंड एसी क्लास) में ठहरने पर पैकेज का मूल्य रुपये 54390/- प्रति व्यक्ति निर्धारित है। यात्रा के दौरान उतरने/चढ़ने के लिए स्टेशन योग नगरी ऋषिकेश, हरिद्वार, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहांपुर, हरदोई, लखनऊ, रायबरेली, एमबीडीपी (प्रतापगढ़) और प्रयागराज व मानिकपुर है। यात्रा पैकेज में सेकंड एसी, थर्ड एसी एवं स्लीपर क्लास यात्रा, नाश्ता व दोपहर और रात में शाकाहारी भोजन, एसी/ नॉन एसी बसों द्वारा स्थानीय भ्रमण शामिल है।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE

200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में

कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे

बरेली का एकमात्र PET CT

पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए

हमारी सेवाएं

सर्जिकल ऑन्कोलॉजी

रेडिएशन ऑन्कोलॉजी

डे केयर थेरेपी

इम्यूनोथेरेपी

कैंसर आईसीयू

फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री

मैमोग्राफी

कैंसर के रोकथाम की ओपीडी

इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी

Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana Ayushman Bharat PM-JAY

प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त

Call to find out more 9582831744, 9258116087 8679315050, 8679415050

www.rohilkhandcancerinstitute.com

रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस

सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

इब्राहिमपुर टोल प्लाजा पर भाकियू नेताओं का हंगामा, कर्मियों से मारपीट

टोल कर्मियों से फोन और नकदी छीनने का भी लगाया आरोप

संवाददाता, बिलारी

अमृत विचार: चंदौसी रोड पर बने इब्राहिमपुर टोल प्लाजा पर भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के पदाधिकारियों ने जमकर हंगामा किया। इस मामले में टोल मैनेजर ने कर्मियों के साथ गाली गलौज, फोन और नगदी छीनने, जाति सूचक शब्द बोलने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें पांच नामजद और 15 से 20 अज्ञात लोग शामिल हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कुछ पदाधिकारियों को पुलिस ने हिरासत में भी ले लिया है।

हरियाणा के रेवाड़ी निवासी सोनू यादव ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह इब्राहिमपुर टोल प्लाजा पर मैनेजर है। बताया कि 8 मई की दोपहर टोल पर 4 से 5 गाड़ियां रुकीं, गाड़ियों पर महात्मा टिकैत लिखा हुआ था। जिसमें कुवंरपाल यादव पुत्र जालम सिंह निवासी नांगलिया माजरा कोहरे थाना गुन्नौर जनपद संभल अपने आप को किसान यूनियन महात्मा टिकैत का जिला अध्यक्ष बता रहे थे, उनके साथ रविंद्र कुमार, नज्में आलम, शिवराज सिंह, वीरेश कुमार के साथ 15 से 20 अज्ञात लोग लाठी डंडे लेकर टोल प्लाजा पर आ गए। इस समय टोल पर विपिन सुपरवाइजर उर्मिला सुपरवाइजर श्वेता टीसी और अन्य कर्मचारी मौजूद थे। आरोप है कि जैसे ही यह लोग टोल पर पहुंचे तभी कर्मचारियों के साथ गाली गलौज और मारपीट शुरू कर दी और टोल को फ्री कर दिया। जिससे वहां बिना टोल टैक्स दिए निकलने शुरू हो गए, टोल पर शोर-शराबा सुनकर जब वह खुद उनके पास पहुंचे तो उन्होंने मेरे साथ भी गाली गलौज और धक्का मुखी शुरू कर दी। मैनेजर ने आरोप लगाया कि यह लोग 50000 प्रति माह देने की मांग करते हैं और वाहनों को फ्री निकलवाने का दबाव बनाते हैं। टोल मैनेजर ने महिला सुपरवाइजर से जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का भी आरोप लगाया है। इस दौरान कर्मचारी विपिन से फोन छीनने के अलावा केबिन में रखे हुए 26000 की नगदी छीनने का भी आरोप लगाया है।

- **मैनेजर ने पांच नामजद और 15 से 20 अज्ञात पर दर्ज कराई रिपोर्ट**

पुलिस के पहुंचने पर शांत हुआ मामला

सूचना पर कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप मलिक मौके पर पहुंचे जहां उन्होंने हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया, इसके बाद कुछ लोगों को थाने ले आए। पुलिस ने टोल प्रबंधक की तहरीर पर पांच नाम दर्ज के साथ 15 से 20 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी उदय प्रताप मलिक ने बताया कि टोल प्रबंधक ने तहरीर दी थी जिस पर पांच लोगों के नाम दर्ज और 15 से 20 लोगों के अज्ञात रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है, मामले में जांच की जा रही है।

पैसे छीनने और मारपीट करने का आरोप गलत

बिलारी भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के मुरादाबाद मंडल अध्यक्ष जसवाल फौजी ने बताया कि जैसे ही उन्हें पता चला कि पुलिस ने उनके कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिसके बाद वह कोतवाली पहुंचे जहां उनकी कोतवाली प्रभारी से नोकझोंक हुई। उन्होंने बताया कि टोल प्रबंधक द्वारा गाली गलौज मारपीट फोन और नगदी छीनने के आरोप गलत लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार को उनका एक कार्यकर्ता वहां से निकल रहा था, इस दौरान टोल कर्मियों ने उनके कार्यकर्ता के साथ अभद्रता की थी। जिसके विरोध में आज कार्यकर्ता टोल पर पहुंचे थे परंतु कोई ऐसी घटना नहीं हुई है। टोल प्रबंधन पूरी तरह से झूठे आरोप लगा रहा है। बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व से बात की जा रही है आगे की रणनीति तय की जा रही है।

दहेज उत्पीड़न व मारपीट के मामले में रिपोर्ट दर्ज

कांठ, अमृत विचार : थाना क्षेत्र में दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल और दो लाख रुपये की नगदी की मांग को लेकर विवाहिता को उसके ससुराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया और इसके बाद मायके जाकर मारपीट की। एसएसपी के निर्देश पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। नगर के मोहल्ला घोसीपुरा निवासी पूजा पुत्री किशन स्वरूप की शादी 21 फरवरी 2015 को बॉबी सिंह पुत्र बाबूराम निवासी चक्कर की मिलक थाना सिविल लाइंस के साथ हुई थी। पति बॉबी सिंह, सोनू, बाबूराम, रामवती, सीमा, राजकुमार, नन्हीं यह सभी दहेज में बुलेट बाइक और दो लाख रुपये नगद मांग रहे थे। विवाहिता ने असमर्थता जताई तो उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। कई बार पंचायत हुई परंतु उनके व्यवहार में परिवर्तन नहीं हुआ। विवाहिता ने थाने में शिकायत कर दी तो 2 मई को समय करीब 4:00 बजे विवाहिता के पति बॉबी सिंह के साथ सोनू, बाबूराम, रामवती, सीमा सभी ससुराल पक्ष के राजकुमार, नन्हीं उसके पिता के घर पहुंचे और कहा कि थाने में शिकायत क्यों की है। उसे घर में घुसकर मारा पीटा लाठी डंडों बेल्टों से मारपीट का घायल कर दिया।

सुपरवाइजर और प्रगणक को जनगणना नियुक्ति पत्र बांटे

संवाददाता, कांठ

जनगणना के नियुक्ति पत्र वितरित करते अधिशासी अधिकारी।

अमृत विचार : जनगणना को लेकर शुक्रवार को कांठ एवं नगर पंचायत ऊमरी कलां में प्रगणकों और सुपरवाइजरों को तैनाती पत्र और आवश्यक किट बांटी गई।

नगर पंचायत में अधिशासी अधिकारी रामेश्वर दयाल ने कर्मियों को सामग्री सौंपकर समयबद्ध और जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें सही जानकारी दर्ज होना जरूरी है। इनमें 64 प्रगणक और 11 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जनगणना प्रथम चरण में दो से 31 मई तक तो दूसरे चरण में 2027 में नौ से 28 फरवरी तक किया जाएगा। पहले चरण में मकान सूचीकरण व मकानों की गणना होगी। ऊमरी कलां नगर पंचायत में जनगणना हेतु 27 प्रगणक जिनमें एक रिजर्व एवं पांच सुपरवाइजर जिसमें एक रिजर्व की नियुक्तियां की गईं। ऊमरी कलां अध्यक्ष उस्मान अली ने नगर पंचायत में अपनी स्वगणना कर जनगणना का शुभारंभ किया। अध्यक्ष ने वताया कि प्रगणक दो - से 31 मई तक डोर-टू-डोर जाकर स्वगणना का सत्यापन करेंगे। जब प्रगणक आपके द्वार पर जाएं तो उन्हें विशिष्ट स्व-गणना पहचान संख्या प्रदान करें। एसई आईडी रिकार्ड से मेल होती है, तो आपके द्वारा पोर्टल पर अंकित किया गया ब्योरा की पुष्टि कर स्वीकार कर लिया जाएगा। स्वगणना के लिए 17 अप्रैल से वेब पोर्टल चालू है। जो प्रथम चरण में 21 मई तक चलेगी।

पोर्टल में आम लोग किसी भी स्थान से ऑनलाइन अपने परिवार की जानकारी, 33 मूलभूत प्रश्नों का जवाब इंट्री कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि एक मोबाइल नंबर से एक ही परिवार का स्वगणना हो सकेगी। उन्होंने बताया कि जनगणना पूरी तरह डिजिटल रूप में होगी। ऊमरी कलां में वरिष्ठ लिपिक जयकुमार, अंकुर विश्नोई एवं कांठ में प्रधानाचार्य डॉ अंजना शर्मा, वरिष्ठ लिपिक अमित कुमार एवं अन्य स्टॉफ मौजूद रहा।

बंदर और वनरोज किसानों के लिए बने मुसीबत, खाद की भी समस्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपते किसान। ● अमृत विचार

अमृत विचार: भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के राष्ट्रीय सचिव के डॉ. नौ सिंह के नेतृत्व में किसान नेताओं ने किसानों की खाद, बंदर व वनरोज से संबंधित समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इसके बाद कलेक्ट्रेट के प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष नागेंद्र सिंह शुक्रवार को किसानों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी के कार्यालय पहुंचे और अपनी समस्या को लेकर प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सौंपे ज्ञापन में किसान नेताओं ने बताया कि खाद की कमी से जूझ रहे किसानों की परेशानियों का समाधान शीघ्र हो। ज्ञापन में किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) लोन पर 3-4 प्रतिशत ब्याज की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की गई है। किसानों का कहना है कि ब्याज दरों को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसके अलावा बंदरों और वनरोज से फसलों को हो रहे नुकसान से बचाव के लिए तत्काल इंतजाम की मांग उठाई गई है। यूनियन नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि वनरोज को मारने की अनुमति नहीं दी जाती, तो वैकल्पिक प्रभावी इंतजाम किए जाएं। अन्यथा किसान बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में अकबर अली, साहब जादे, वीर सिंह, सुदेश कुमार, जोगराज सिंह शामिल रहे।

- **भाकियू ने जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, वनरोज को मारने की मांगी अनुमति**

बरात में डांस को लेकर मारपीट में दो घायल

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के गांव फरीदनगर में गुरुवार की देर रात एक शादी समारोह उस समय रणक्षेत्र में बदल गया, जब बारात चढ़त के दौरान डांस को लेकर बराती और घराती आमने-सामने आ गए।

कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे व बेल्टें चलने लगीं। मारपीट में एक युवक और उसका बुजुर्ग चाचा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना से बारात में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर भगदड़ जैसे हालात बन गए। गांव पीलकपुर गुमानी निवासी अनुज की बारात गुरुवार देर रात गांव फरीदनगर पहुंची थी। शाम करीब 8 बजे बारात की चढ़त चल रही थी। इसी दौरान दूल्हा पक्ष के युवक और दुल्हन पक्ष की महिलाओं के बीच डांस को लेकर विवाद शुरू हो गया।। घायल बुजुर्ग पूनम ने आरोप लगाया कि उनका भतीजा अनमोल बारात में डांस कर रहा था। इसी बात को लेकर दुल्हन पक्ष के कुछ लोगों ने आपत्ति जताई और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी।

भाकियू का बिलारी ब्लॉक पर मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, बिलारी

ब्लॉक परिसर में धरने के दौरान नारेबाज़ी करते भाकियू टिकैत के पदाधिकारी।

अमृत विचार : मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने ब्लॉक परिसर में धरना प्रदर्शन किया। इस बीच अवैध वसूली का मुद्दा भी उठाया गया। एसडीएम विनय कुमार सिंह धरना स्थल पर पहुंचे। जहां सभी मांगों को माना गया और कार्यवाही की बात भी कही गई। इसके बाद किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी धरना प्रदर्शन पर बैठ गए. जहां मनरेगा में भुगतान का मुद्दा उठाया गया, इसके अलावा जल जीवन मिशन के तहत गांवों में खोदी गई सड़कों का मुद्दा जोर-जोर से उठाया गया, कहा कि सड़क खोदे जाने से बरसात के समय में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वही ब्लॉक परिसर में किसानों से जल व मृत्यु सर्टिफिकेट के नाम पर अवैध वसूली का मुद्दा जोर-जोर से उठाया गया। चीनी मिल पर बकाया भुगतान न करने को लेकर दबाव बनाने को कहा ताकि किसानों का भुगतान हो सके। रुस्तम नगर सहसपुर से थांवला रोड पर टूटी हुई सड़क का मुद्दा उठाया गया। दोपहर बाद एसडीएम विनय कुमार, एसडीओ विद्युत, खंड विकास अधिकारी मौके पर पहुंचे। जहां किसानों की मांगे पूरी करने का आश्वासन भी दिया। जिसके बाद किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष रनवीर सिंह, जिला प्रवक्ता चौधरी जयवीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष माजिद हुसैन अंसारी, ब्लॉक मीडिया प्रभारी गुड्डू कुरेशी, कुंदरकी ब्लाक अध्यक्ष प्रेमपाल सिंह, डॉक्टर बिलाल अंसारी, अभिनव चौधरी, साबिर हुसैन, कुलदीप प्रधान, डॉक्टर अनीस अहमद आदि सहित भारी तादाद में किसान मौजूद है।

न्यूज डायरी

राशन डीलरों को दिया प्रशिक्षण

कांठ, अमृत विचार : तहसीलदार ने राशन डीलरों की बैठक में उन्हें स्व गणना करने का प्रशिक्षण दिया और कहा कि सभी राशन डीलर अपने गांव में लोगों को 21 मई तक स्वगणना कराकर कार्य निपटाएं। बैठक में तहसीलदार ने कहा कि 7 से 21 मई तक स्वगणना का कार्य अपने मोबाइल से कोई भी व्यक्ति कर सकता है। इसके लिए मोबाइल में ऐप अपलोड कर अधिक से अधिक ग्रामीणों को समझकर उनके मोबाइलों से उनकी स्व गणना कराकर इसमें सहयोग करें। जनगणना का कार्य 22 मई से शुरू होगा। इसके लिए फिर गणक एवं सुपरवाइजर लगाए गए हैं। सभी को प्रशिक्षण दिया जा चुका है और शीघ्रता के साथ जनगणना का कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। इसमें किसी तरह की लापरवाही ना हो और निष्पक्ष रूप से जनगणना का कार्य कराया जाएगा। इसमें ग्राम प्रधान राशन डीलर एवं अन्य सभी विभागों को जिम्मेदारी के साथ कार्य में लगाया गया है। सभी इसमें सहयोग करें।

केदारनाथ धाम तक पैदल यात्रा पर निकले निरंकार कश्यप

डिलारी, अमृत विचार : आस्था, श्रद्धा और दृढ़ संकल्प का अनूठा उदाहरण पेश करते हुए क्षेत्र के गांव धारक नगला निवासी युवक निरंकार कश्यप भगवान शिव के पवित्र धाम केदारनाथ की पैदल यात्रा पर निकल पड़े हैं। निरंकार कश्यप ने अपनी यात्रा गांव धारक नगला से विधि-विधान और पूजा-अर्चना के साथ शुरू की। निरंकार कश्यप आगामी 27 मई को लगभग 400 किलोमीटर की दूरी तय कर केदारनाथ धाम पहुंचकर बाबा केदार के दर्शन करेंगे। ग्रामीणों के अनुसार निरंकार कश्यप शुरू से ही धार्मिक प्रवृत्ति के युवक हैं और समाज में युवाओं को सनातन संस्कृति एवं आध्यात्मिकता के प्रति जागरूक करने का कार्य भी करते रहते हैं।

ग्राम चौपाल में सुनीं समस्याएं

कांठ, अमृत विचार : ग्राम शाहुपुर व सलावा में ग्राम चौपालों का आयोजन किया गया। चौपालों में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने राजस्व फॉर्मर रजिस्ट्री, बाल विकास, टीकाकरण, राशन कार्ड, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, जल जीवन मिशन आदि विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। एडीओ सतीश कुमार एवं एडीओ समाज कल्याण अवनीत कुमार ने स्वजनणना मोबाइल ऐप से स्वयं की जा सकती है। समस्त प्रगणक एवं सुपरवाइजरों को नियुक्तियां की गई, उन्होंने कहा कि हमें 21 मई से पूर्व पारदर्शिता के साथ यह कार्य पूर्ण करना है। महिलाएं समूह बनाकर किस प्रकार से योजनाओं का लाभ उठा सकती हैं विस्तार से बताया गया। इस मौके पर एडीओ कृषि सुशील कुमार, लेखपाल राजीव कुमार, जे ई जल निगम दीपिका ढिल्लों, सुपरवाइजरों के अलावा ग्राम प्रधान एवं समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में मौजूद रहीं।

मुस्ताक मियां के 81वें उर्स में गूंजे अमन-शांति के नारे

कुंदरकी, अमृत विचार : क्षेत्र के ग्राम हरियाना में हजरत मुस्ताक मियां का 81वां सालाना दो दिवसीय उर्स कुल शरीफ इकीदत व एहतमाम के साथ सम्पन्न हुआ। पहले दिन जलसा आयोजित किया गया, जिसमें मुफ्ती गुलफाम रज़ा रामपुरी, हाफिज मुनाजिर मुरादाबादी, शायर हाफिज जुबैर अज़हरी, सैय्यद फैजान मियां व सैय्यद अज़ीम मियां विशेष अतिथि के रूप में शरीक हुए। निज़ामत हाफिज मुनाजिर ने संभाली, जबकि तकरीर का एहतमाम मुफ्ती गुलफाम रज़ा ने किया। शुक्रवार सुबह 7 बजे कुल शरीफ के साथ उर्स का समापन हुआ। मौलाना मेहरबान हुसैन ने मुल्क व कौम की अमन-शांति, एकता व तरक्की के लिए दिली दुआएं कीं। इस दौरान थाना पुलिस व प्रशासन भी तैनात रहा। उर्स में उर्स कमेटी अध्यक्ष मुख्त्यार मुल्लाजी, रियाजुल हुसैन सैफी, डीलर खालिक अन्सारी, अकरम मुल्लाजी, ज़रीफ अहमद, तौफीक अहमद, रफीक अहमद, डॉक्टर आदिल आदि रहे।

लालपुर बस्तौर ब्रास फैक्ट्री में लगी आग

संवाददाता, मैनाठेर

फैक्ट्री में लगी आग पर काबू करते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

अमृत विचार: थाना क्षेत्र के गांव लालपुर बस्तौर में स्थित आर्ट ऑफ ब्रास फैक्ट्री में शुक्रवार कि सुबह अचानक आग लग गयी। जिससे आसपास स्थान में अफरा-तफरी मच गई। आग की तेज लपटें और आसमान में उठता धुआं दूर-दूर तक दिखाई देने लगा। घटना की सूचना पर डायल 112 मौके पर पहुंची और थाना प्रभारी किरनपाल सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। इसकी सूचना क्षेत्र अधिकारी बिलारी अशोक कुमार को दी वह भी मौके पर पहुंचे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में चार दमकल गाड़ियों को लगाया गया। अग्निशमन कर्मियों ने तेजी से होज लाइन बिछाकर लगातार पानी की बौछार की और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं फायर विभाग की तत्परता से फैक्ट्री में मौजूद अन्य हिस्सों तक आग फैलने से रोक लिया गया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। मौके पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे तथा स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक तौर पर आग लगने की वजह सामने नही आने के कारण जांच की जा रही है। थाना प्रभारी किरनपाल सिंह ने बताया कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी थी। फैक्ट्री तीन भाई कि पार्टनरशिप में चल रही है संचालक का नाम मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद कादिर है।

जीजा पर अश्लील फोटो से ब्लैकमेल करने का आरोप

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : उत्तराखंड के काशीपुर क्षेत्र निवासी महिला का निकाह ठाकुरद्वारा क्षेत्र के एक गांव निवासी शाने आलम के साथ हुआ था। महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि शादी के बाद से ही उसका पति उसे परेशान करता था। आरोप है कि पति ने उसकी अश्लील तस्वीरें भी अपने पास रख ली थीं और उन्हीं के जरिए उसे लगातार ब्लैकमेल करता रहा। पीड़िता का कहना है कि कुछ दिन पहले उसका पति उसकी नाबालिग बहन को अपने साथ बहला-फुसलाकर ले गया। काफी तलाश के बाद भी जब बहन का कोई सुराग नहीं मिला तो उसने पुलिस से मदद की गुहार लगाई। महिला ने आरोप लगाया कि उसके पति की नीयत पहले से ही खराब थी।

जेठ पर दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

कांठ, अमृत विचार : थाना क्षेत्र की एक विवाहित महिला ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उसकी शादी 15 महीने पूर्व मुस्तफा पुत्र वकील अहमद ग्राम अकबरपुर चैदरी के साथ हुई थी। चार माह की एक मासूम बेटी भी है। ससुराल में विवाहिता का जेठ शकील लगभग 4 महीने से विवाहिता पर अत्यंत गंदी नजर रखते हुए अवैध शारीरिक संबंध बनाने के लिए लगातार दबाव बना रहा था। जब ससुर और पति से इस बात की शिकायत की तो उन्होंने खानदान की इज्जत का हवाला देकर उसे चुप कर दिया। 28 अप्रैल की रात को 10 बजे के लगभग जेठ ने अकेला देखकर उसके कपड़े फाड़ दिए और दुष्कर्म का प्रयास किया। ससुर और पति ने महिला के शोर मचाने पर उसे जान से मारने की नीयत से घेर लिया और लात घूंसों, लाठी डंडों से मारपीट कर गला घोंटने का प्रयास किया।

कुत्तों के झुंड ने बच्चे पर किया हमला, हालत गंभीर

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव फरीदनगर में 10 से 12 खूंखार कुत्तों के झुंड ने एक पांच वर्षीय मासूम बच्चे पर हमला बोल दिया। कुत्तों ने बच्चे को बुरी तरह लहूलुहान कर दिया। गंभीर हालत में बच्चे को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

थाना डिलारी क्षेत्र के गांव तुमरिया कला निवासी जुल्फिकार अपनी पत्नी और पांच वर्षीय बेटे अहरान के साथ गांव फरीदनगर स्थित अपने बीमार साढ़ू का हालचाल जानने आए थे। घर के अंदर बड़े लोग बातचीत में मशगूल थे, जबकि मासूम अहरान परिवार के अन्य बच्चों के साथ खेलते हुए घर से बाहर निकल गया। जैसे ही अहरान सड़क पर पहुंचा, तभी वहां घूम रहे 10-12 आवारा खूंखार कुत्तों के झुंड ने अचानक उस पर हमला बोल दिया। कुत्तों को हमलावर होते देख बाकी बच्चे तो किसी तरह जान बचाकर भाग निकले, लेकिन मासूम अहरान उनके बीच फंस गया। इसके बाद कुत्तों ने बच्चे को जमीन पर गिराकर बेरहमी से नोचना शुरू कर दिया। मासूम की चीखें सुनकर मोहल्ले के लोग घरों से बाहर दौड़े। लोगों ने लाठी-डंडों से कुत्तों को खदेड़कर किसी तरह बच्चे की जान बचाई। तब तक मासूम का शरीर लहूलुहान हो चुका था। उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें

9412554796

0591 3591634

सूचना

मैं अपने सगे पुत्र हरजीत सिंह को उसके गलत कृत्यो के कारण सम्बंध विच्छेद कर, अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। किकर सिहं पुत्र भगत सिहं नि. खौंदलपुर बिलासपुर रामपुर उ.प्र.

वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

न्यूज ब्रीफ

पद्म पुरस्कारों के लिए मांगे आवेदन

रामपुर, अमृत विचार : उप क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2027 के अवसर पर भारत सरकार द्वारा पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किए जाने हैं। उन्होंने बताया कि खेल क्षेत्र से संबंधित इच्छुक व्यक्तित्व अपने खेल उपलब्धियों एवं कृतित्व से संबंधित "साइटेशन" की तीन प्रतियां क्षेत्रीय खेल कार्यालय सोनकपुर स्टेडियम, मुरादाबाद में 25 मई 2026 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। ताकि संबंधित खिलाड़ियों के नाम खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ को भेजे जा सकें।

चाइल्ड हेल्पलाइन ने बिछड़े दो बच्चों को परिजनों से मिलाया

रामपुर, अमृत विचार : चाइल्ड हेल्पलाइन रामपुर ने त्वरित कार्रवाई एवं काउंसलिंग के माध्यम से दो भटके बच्चों को सकुशल उनके परिजनों से मिलाकर सराहनीय कार्य किया है। 5 मई 2026 को रेलवे स्टेशन पर लगभग 13 वर्षीय एक बालक लावारिस अवस्था में मिला। जिला प्रोबेशन अधिकारी ईरा आर्या के निर्देश पर चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने बालक को संरक्षण में लेकर काउंसलिंग की। पूछताछ में बालक ने अपना नाम पुष्पजीत सिंह पुत्र चंद्रजीत सिंह निवासी कैमूर, बिहार बताया। परिजनों से संपर्क कर बालक को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां 7 मई 2026 को उसके पिता को सुपुर्द कर दिया गया। इसी क्रम में 6 मई 2026 को रोडवेज बस स्टैंड पर लगभग 10 वर्षीय बालक देव लावारिस अवस्था में मिला। चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने बालक की काउंसलिंग की, जिसमें उसने अपना पता अलीगंज, जनपद एटा बताया। परिजनों से संपर्क कर बालक को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां उसके पिता राजेश कुमार को बालक की सुपुर्दगी सौंप दी गई।

आज 5 घंटे गुल रहेगी सैफनी की बिजली

सैफनी, अमृत विचार : शाहबाद और सैफनी के विद्युत उपखंड अधिकारी अलंकित मिश्रा ने बताया कि शाहबाद से सैफनी तक सड़क चौड़ीकरण के अंतर्गत विद्युत लाइन को सही करने के लिए काम किया जाएगा। जिससे उपभोक्ताओं को भविष्य में परेशानी न उठानी पड़े। इसके के लिए नए पोल लगाने के साथ नए तार भी डाले जाएंगे। जिसके चलते विद्युत उपकेंद्र सैफनी की विद्युत आपूर्ति शनिवार को सुबह 11 से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी।

भारत माता व महापुरुषों के चित्र पर दीप प्रज्वलित करते भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी। ● अमृत विचार

प्रशिक्षण महाअभियान में वंदेमातरम् गीत गाते भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संगठन की शक्ति ही भाजपा की सबसे बड़ी पहचान: भूपेंद्र चौधरी

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान में बोले पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, जिले के 230 जनप्रतिनिधियों और पदाधिकारियों को दिया जीत का मंत्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: भारतीय जनता पार्टी द्वारा कोसी मंदिर रोड स्थित उत्सव पैलेस में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत दो दिवसीय प्रशिक्षण अभियान का शुक्रवार को आगाज हुआ। पहले दिन उद्घाटन सत्र में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि संगठन की वैचारिक शक्ति ही भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी पहचान है।

उन्होंने कहा कि दूसरी जितनी पार्टी हैं उनमें कार्यकर्ता हैं और नेता हैं। लेकिन हमारी जो कार्य पद्धति है, हमारा जो संगठनात्मक ढांचा है, हमारा जो वैचारिक प्रतिष्ठान है उसमें जनता और नेता के बीच में कार्यकर्ता, संगठन और पदाधिकारियों की बड़ी भूमिका है। हम अपने अभियान और कार्यक्रम, पार्टी की विचारधारा से जुड़े विषय, अपने कार्यकर्ता के माध्यम से ही जनता के बीच में जाते हैं। पहले दिन छह प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए, जिनमें संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती, बूथ प्रबंधन एवं कार्यकर्ता विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया। इसमें जिले के कुल 230 पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदर्शनी के उद्घाटन से हुआ। निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और मिलक विधायक राजबाला ने फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रदर्शनी में

प्रदर्शनी का उद्घाटन करते पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, विधायक राजबाला सिंह व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

प्रशिक्षण महाअभियान में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा, संगठनात्मक विकास यात्रा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के जीवन दर्शन, अंत्योदय की अवधारणा तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आकर्षक रूप में प्रदर्शित किया गया। भूपेंद्र चौधरी ने उद्घाटन सत्र में कार्य विस्तार एवं चुनाव प्रबंधन विषय पर विस्तार से बताया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने, जनसंपर्क बढ़ाने तथा सरकार की उपलब्धियों को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि चुनावी सफलता संगठन की निरंतर सक्रियता, अनुशासन एवं कार्यकर्ताओं की मेहनत से सुनिश्चित होती है। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने की।

प्रत्येक बूथ की मजबूती ही भाजपा की विजय का आधार: अमरपाल मौर्य : द्वितीय सत्र के

पहले सत्र में बोलते भूपेंद्र चौधरी।

प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य।

पश्चिम क्षेत्र के महामंत्री हरिओम शर्मा।

विषय "बूथ प्रबंधन" पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य ने विस्तृत जानकारी दी। जिसकी अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष अभय गुप्ता ने की। उन्होंने कहा कि बूथ संगठन की सबसे महत्वपूर्ण इकाई है। प्रत्येक बूथ की मजबूती ही भाजपा की विजय का आधार है। उन्होंने बूथ समितियों की सक्रियता, मतदाता संपर्क एवं संगठनात्मक समन्वय पर विस्तार से चर्चा की। तृतीय सत्र में भाजपा पश्चिम क्षेत्र के महामंत्री हरिओम शर्मा ने "भाजपा का इतिहास और विकास" विषय पर संबोधित किया।

उन्होंने पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की संगठनात्मक यात्रा, वैचारिक संघर्ष एवं राष्ट्र निर्माण में पार्टी की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। तीसरे सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू ने की। चतुर्थ सत्र में विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजन ने "कार्यकर्ता का विकास" विषय पर अपना मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति उसका समर्पित कार्यकर्ता होता है तथा एक कार्यकर्ता का निरंतर वैचारिक, सामाजिक एवं संगठनात्मक विकास ही संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सेवा, समर्पण एवं अनुशासन की भावना के साथ संगठन कार्य में जुटे रहने का आह्वान किया।

चतुर्थ सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष मोहनलाल सैनी ने की। इसके अलावा पांचवें और छठे सत्र में वक्ताओं ने संबोधन दिया। सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता रात्रि विश्राम कार्यक्रम स्थल पर ही करेंगे, जबकि शनिवार को दूसरे दिन पुनः प्रशिक्षण अभियान के सत्रों में भाग लेंगे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष भटनागर ने किया।

ये पदाधिकारी रहे मौजूद

कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, मिलक विधायक राज बाला सिंह, जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, जिला प्रभारी राजा वर्मा, निवर्तमान सांसद घनश्याम सिंह लोधी, बरेली के पूर्व जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष ख्यालीराम लोधी, पिछड़ा आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, महिला आयोग की सदस्य सुनीता सैनी, पूर्व विधायक ज्वाला प्रसाद गंगवार, बीना भारद्वाज, काशीराम दिवाकर चित्रक मित्तल, दीक्षा गंगवार, ब्लॉक प्रमुख हरि बालाजी, अर्चना गंगवार, मोहित सैनी, कुलवंत औलख, युसूफ अली, मोहन कुमार लोधी, हंसराज पप्पू, मोहनलाल सैनी, जागेश्वर दयाल दीक्षित, रविंद्र सिंह रवि, जगपाल यादव, अर्जुन रस्तोगी, जिला मीडिया प्रभारी आकाश सक्सेना, प्रदीप गुप्ता, विकास दीक्षित, विवेक रुहेला, शुभम सक्सेना, पारुल अग्रवाल, श्वेता शर्मा, दीपक गुप्ता, विकास दीक्षित, प्रमोद आहूजा, भारत भूषण गुप्ता, राजीव मांगलिक, शुभम राठौड़, सुनील मौर्य, कुंवर बहादुर राजपूत, करतार सिंह लोधी, पूजा शर्मा, अमित दिवाकर, आशीष गुप्ता, कपिल गुप्ता, विक्रम सिंह आदि प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

आईजीआरएस रैंकिंग में रामपुर पुलिस प्रदेश में रही अव्वल

संवाददाता, रामपुर

अमृत विचर : पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना, अपर पुलिस अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी आईजीआरएस अनुराग सिंह के कुशल नेतृत्व में आईजीआरएस कार्यालय द्वारा जनशिकायतों का निस्तारण उच्च स्तर पर किया जा रहा है।

इसके फलस्वरूप माह अप्रैल-2026 में शासन स्तर पर की गई समीक्षा में रामपुर जिले ने आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जिला रामपुर माह जनवरी, फरवरी एवं मार्च में भी प्रथम स्थान पर रहा था। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि रामपुर में प्राप्त समस्त शिकायतों का समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है। विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों को जनपदीय पुलिस द्वारा पूर्ण संवेदनशीलता के साथ सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा उनका गुणवत्तापूर्वक निस्तारण किया गया। निस्तारित की गई शिकायतों की प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से शिकायतकर्ताओं से फीडबैक भी प्राप्त किया जा रहा है, जिससे भविष्य में सेवा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाया जा सके। रामपुर जिले के प्रथम स्थान पर आने पर अपर पुलिस अधीक्षक ने आईजीआरएस शाखा में नियुक्त कर्मियों को बधाई देकर उत्साहवर्धन किया।

चौथी बार रामपुर प्रदेश में नंबर वन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: प्रदेश में जन शिकायतों के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण आईजीआरएस के मामले में रामपुर जिले ने अपना डंका बजाते हुए लगातार चौथी बार प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। शासन द्वारा जारी अप्रैल 2026 की मासिक रैंकिंग में रामपुर ने 140 में से 138 का शानदार स्कोर प्राप्त कर यह कीर्तिमान स्थापित किया है। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के कड़े निर्देशों और सूक्ष्म मॉनीटरिंग से शिकायतों के निपटारे का प्रदेश में रोल मॉडल बना दिया है।

जिलाधिकारी की इसी निरंतर मॉनिटरिंग के चलते उच्चाधिकारियों की इस क्रॉस-चेकिंग के साथ-साथ, रामपुर जिले के इस बेहतरीन प्रदर्शन का सीधा अवलोकन स्वयं मुख्यमंत्री

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी।

आईजीआरएस रैंकिंग

कार्यालय के स्तर से भी किया जा रहा है। आईजीआरएस के प्रभारी अधिकारी अनुराग सिंह ने बताया कि शासन द्वारा शिकायतों के निस्तारण के लिए कड़े मानक तय किए गए हैं। इनमें समयबद्ध मार्किंग, डिफाल्टरों की संख्या को शून्य रखना और सबसे अहम सी-श्रेणी मुख्यमंत्री संदर्भ की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा शामिल है। रामपुर ने इन सभी कठिन पैमानों पर शत-प्रतिशत सफलता दर्ज की है। वहीं मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि का श्रेय प्रशासनिक टीम वर्क, नियमित मॉनीटरिंग और विभागों के आपसी समन्वय को दिया है।

लगातार चौथी बार प्रथम आने पर जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों और कर्मचारियों की पीठ थपथपाई है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आम जनता की शिकायतों का समयबद्ध और संतोषजनक समाधान ही प्रशासन की पहली और आखिरी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि उप्र मुख्यमंत्री की साफ मंशा है कि कोई भी फरियादी कार्यालय से निराश होकर न लौटे। हमारा लक्ष्य सिर्फ शिकायत की कागजी फाइल को बंद करना नहीं है, बल्कि शिकायतकर्ता को त्वरित न्याय दिलाकर उसके चेहरे पर मुस्कान लाना है।

न्यूज डायरी

स्वास्थ्य मिशन संविदाकर्मियों ने दी कार्य बहिष्कार की चेतावनी

रामपुर, अमृत विचार : उप्र राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने शुक्रवार को मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह को ज्ञापन सौंपा। मांग है कि मार्च और अप्रैल माह का रुका हुआ मानदेय दिलाया जाए। मानदेय नहीं मिलने से कर्मचारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। मानदेय नहीं मिलने पर कर्मचारी 21 मई से नो पेय नो वर्क की नीति अपनाते हुए कार्य बहिष्कार करेंगे। संविदा कर्मचारियों ने ज्ञापन में कहा है कि विद्यालयों में नया शैक्षणिक सत्र शुरू हो चुका है। बच्चों का कोर्स दिलाना है इसके अलावा स्कूलों में बच्चों की मई जून की फीस जमा करनी है। कर्मचारियों को दो माह का मानदेय नहीं मिला है जिसके कारण उन्हें काफी परेशानी हो रही है। घरों में राशन खत्म हो चुका है। चेतावनी दी है कि यदि संविदा कर्मचारियों को 20 मई तक दो माह का लंबित मानदेय नहीं मिलता है तब संविदाकर्मी प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर जिले के सभी कर्मचारियों के साथ 21 मई से कार्य बहिष्कार करेंगे। ज्ञापन पर जिलाध्यक्ष शादाब हसन खां, रेहान खां, मयंक प्रताप, सचिन मसीह, संदीप सिंह, अखिलेश, जुनैद अहमद, दीक्षा गौतम, बेबी, नईम, दिव्या, विकास, पंकज, शाकेब अली, उमराव सिंह आदि के हस्ताक्षर हैं।

रसोई गैस की किल्लत जारी, लग रहीं उपभोक्ताओं की लंबी कतारें

रामपुर, अमृत विचार : सैदनगर ग्रामीण क्षेत्र में रसोई गैस की भारी किल्लत देखी जा रही है। हालात इतने खराब हैं कि गैस सिलेंडर पाने के लिए ग्रामीणों को सुबह से ही मुख्य सड़कों के किनारे लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गैस एजेंसी की गाड़ियां समय पर गांवों तक नहीं पहुंच रहीं हैं। जब गाड़ी आने की सूचना मिलती है, तो लोग अपने जरूरी काम छोड़कर सड़क किनारे कतार लगा लेते हैं। चिलचिलाती धूप में घंटों खड़े रहने के बाद भी कई बार स्टॉक खत्म हो जाने के कारण लोगों को खाली हाथ वापस लौटना पड़ता है। गैस न मिलने के कारण ग्रामीण महिलाएं एक बार फिर लकड़ी और उपलों का सहारा लेने को मजबूर हैं।

नए ट्रैक पर 160 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से दौड़ेगी ट्रेन

रामपुर, अमृत विचार : नए ट्रैक पर 160 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से रेल दौड़ेगी। फिलहाल 120 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से रेलगाड़ियों के दौड़ने के लिए ट्रैक बिछा हुआ है। स्टेशन अधीक्षक ने बताया नए ट्रैक के लिए रामपुर में सर्वे हो चुका है। रेलवे लाइन के आसपास का अतिक्रमण हटवाया जाएगा। इसके अलावा नया रेलवे स्टेशन बनेगा जहां से सेमी हाईस्पीड रेल गाड़ियों का आवागमन होगा। नया रेलवे ट्रैक गाजियाबद से सीतापुर तक बनेगा जोकि, रामपुर, मुरादाबाद, हापुड़, बरेली और शाहजहांपुर होते हुए गुजरेगा। इसके लिए रेलवे स्टेशन के आसपास खाली पड़ी जमीन पर नए रेलवे स्टेशन का निर्माण कराया जाएगा। नया ट्रैक नई तकनीक के आधार पर बिछाया जाएगा और इस ट्रैक पर सेमी हाईस्पीड रेलगाड़ियां दौड़ेंगी। नए ट्रैक पर 160 किमी प्रतिघंटा से रेलगाड़ियां दौड़ेंगी इसस समय की बहुत बचत हो जाएगी। ट्रैक इंजीनियर कमलेश कुमार ने बताया कि फिलहाल इस ट्रैक 120 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से रेलगाड़ियां दौड़ सकती हैं। उन्होंने बताया कि नया ट्रैक बिछाने के लिए सर्वे कार्य हो रहा है। बताया कि गाजियाबाद से शुरू होकर रेल लाइन हापुड़ में पहुंचकर डेडिकेटेड फ्रंट कॉरिडोर से जुड़ेगी। जबकि मुख्य लाइन पर यात्री रेलगाड़ियां ही चलेंगी। बताया कि इसमें पुल भी बनेंगे सबसे बड़ा पुल ब्रजघाट में बनेगा इसके अलावा अंडरपास और ओवरब्रिज भी बनवाए जाएंगे।

शंखनाद शाखा के नए पदाधिकारियों ने ली पद एवं गोपनीयता की शपथ

बिलासपुर, अमृत विचार : भारत विकास परिषद शंखनाद शाखा द्वारा दायित्व बोध एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् के साथ कार्यक्रम में नई कार्यकारिणी ने समाज सेवा की शपथ ली। समारोह में प्रांतीय महासचिव नीरज मित्तल ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष मोनिका अग्रवाल, सचिव स्नेहा अग्रवाल और कोषाध्यक्ष डॉ. रेनम लूथरा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। साक्षी अग्रवाल, रुचि बंसल एवं प्रिया जैन ने महिला सहभागिता प्रमुख के रूप में दायित्व संभाला। मुख्यातिथि चेयरमैन चित्रक मित्तल ने परिषद के कार्यों की सराहना की। मुख्य वक्ता अजय विश्नोई और कविता खुराना ने परिषद के मूल्यों और सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रांतीय अध्यक्ष अजय कट्टा ने भी अपनी उपस्थिति से सदस्यों का उत्साहवर्धन किया। अध्यक्ष मोनिका अग्रवाल ने पिछले वर्ष का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, वहीं सचिव स्नेहा अग्रवाल ने आगामी वर्ष की रूपरेखा साझा की। राष्ट्रगान के साथ ही समारोह का समापन हुआ। इस अवसर पर रुचिका अग्रवाल, इशिका अग्रवाल, गरिमा गोयल, प्रीति अग्रवाल, मनीषा मित्तल, श्रेया मदान, रति अग्रवाल, आकिर्षि अग्रवाल, काजोल टंडन, ऋतु अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, रूबल जैन, उर्वशी अग्रवाल, राखी मित्तल, अल्पना, रूबी गुप्ता, रेणु जैन, ज्योति जैन, ज्योत्सना आदि पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

सौर उर्जा घरों में पिता और बाबा के नाम से लगे हैं मीटर, नाम परिवर्तन करने में परेशान कर रहे हैं बिजलीकर्मी

सोलर के लिए नाम परिवर्तन कराने में हांफ रहे उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- नाम परिवर्तन कराने पर ही बैंक लोन से लग सकता है सोलर पैनल

अमृत विचार: बिजली मीटर अधिकांश लाभार्थियों के नाम पर नहीं होने से सोलर कनेक्शन की रफ्तार सुस्त हो गई है। घरों में लगे अधिकांश मीटर पिता और बाबा के नाम पर लगे हैं। लोगों को नाम परिवर्तन कराए जाने में विद्युत निगम के कर्मचारी परेशान कर रहे हैं।

जिले के अधिकारियों ने विद्युत अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि बिजली के मीटर के नाम परिवर्तन में तेजी लाई जाए और लोगों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाए। 3 किलोवॉट का कनेक्शन कराने पर 1 लाख 8 हजार रुपये की सब्सिडी मिल रही है। लेकिन प्रधानमंत्री के सपने को विद्युतकर्मी तोड़ रहे हैं। जिले में सौर कनेक्शन बहुत धीमी गति से हो रहे हैं। सौर कनेक्शन लेने से बिजली की आवाजाही और उसके बिल से मुक्ति मिल सकती है। कहा कि मरने वाले का मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वारिसान बनवाकर कनेक्शन लिया जा सकता है। बताते हैं कि हाईब्रिड कनेक्शन लेने पर 24 घंटे बिजली मिलेगी। जबकि, आन ग्रिड बिजली कनेक्शन लेने पर विद्युत विभाग के सहयोग से बिजली आपूर्ति मिलेगी।

एक घर की छत पर लगे सोलर पैनल। ● अमृत विचार

3 से 10 किलोवॉट के कनेक्शन लेने पर मिलेगा अनुदान

घर या दुकान के लिए 3 का कनेक्शन लेने पर सरकार 1.8 लाख रुपये का अनुदान मिलेगा। आनग्रिड सौर कनेक्शन पर 1.80 लाख रुपये खर्च करना होंगे। जिसमें सरकार से एक लाख आठ हजार रुपये का अनुदान मिल जाएगा। लाभार्थी को केवल 72 हजार रुपये खर्च करान होंगे। सौर कनेक्शन लेने के लिए अलग-अलग लोगों को ठेका दिया गया है। ठेकेदार मुसर्रत मियां ने बताया कि तीन किलोवॉट का हाईब्रिड सौर कनेक्शन लेने पर दो लाख 4 हजार रुपये खर्च करना पड़ेंगे।

कल 4 घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

बिलासपुर, अमृत विचार : विद्युत वितरण उपखंड के अंतर्गत उपभोक्ताओं को बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। दस मई को चार घंटे के लिए विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग के अधिशासी अभियंता कर्मवीर सिंह ने बताया कि 33/11 केवी उपकेंद्र न्यू बिलासपुर खौंदलपुर के 33 केवी औद्योगिक पोषक इंडस्ट्रियल फीडर पर पेड़ों की कटाई-छंटाई का कार्य किया जाना है। इस कार्य के दौरान 10 मई को 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित रहेगी। बताया कि मानसून से पहले बिजली लाइनों के पास उगे पेड़ों की टहनियों को हटाना अति आवश्यक है, ताकि भविष्य में फाल्ट और दुर्घटनाओं से बचा जा सके। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे बिजली से जुड़े अपने जरूरी कार्य शटडाउन समय से पहले या बाद में निपटा लें। विद्युत आपूर्ति बाधित रहने के दौरान सहयोग की अपील की है।

न्यूज ब्रीफ

बीमारी के चलते पत्रकार आसिफ अली का निधन

रामपुर, अमृत विचार : अजीमनगर थाना क्षेत्र के खौद सैदनगर निवासी पत्रकार आसिफ अली का शुक्रवार को इलाज के दौरान निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। हालत बिगड़ने पर उन्हें रामपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। तमाम कोशिशों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और विभिन्न संगठनों ने उनके आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं प्रकट की हैं।

चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : थाना केमरी पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर अजय निवासी ग्राम नारायणपुर थाना बरखेरा पीलीभींत, टिंकू निवासी ग्राम उमरसर थाना जहानाबाद पीलीभीत को चोरी की बाइक के साथ दबोचा है। दोनों आरोपियों को केमरी में भूरा कबाडी की दुकान के पास से गिरफ्तार किया गया।

मंदिर पर प्याऊ खराब प्यासे लौट रहे राहगीर

मिलक, अमृत विचार : रामपुर-बरेली नेशनल हाईवे स्थित प्रसिद्ध भैरव बाबा मंदिर पर बना सार्वजनिक प्याऊ पिछले 6 महीने से खराब पड़ा है। भीषण गर्मी में मंदिर आने वाले हजारों श्रद्धालुओं और हाईवे से गुजरने वाले राहगीरों को एक बूंद पानी नसीब नहीं हो रहा। यह प्याऊ 2023 में मिलक-शाहबाद विधायक ने लगवाया था जो अब कबाड बन चुका है। भैरव बाबा मंदिर मिलक का सबसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल है। हर महीने 17 तारीख को हजारों श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। हाईवे से रोजाना हजारों वाहन गुजरते हैं। ट्रक ड्राइवर, बस यात्री और बाइक सवार गर्मी में पानी पीने के लिए मंदिर पर रुकते थे। पुजारी प्रेमशंकर ने बताया प्याऊ नवंबर 2024 से बंद है।

30 हजार उपभोक्ताओं को राहत प्रीपेड से पोस्टपेड हुए स्मार्ट मीटर

गुरुवार मध्यरात्रि से पुरानी व्यवस्था लागू, ऑनलाइन बिल के लिए जारी किये नंबर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: जिले के करीब 30 हजार उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिली है, रातों-रात 30 हजार प्रीपेड स्मार्ट मीटरों को पोस्टपेड कर दिया गया है। उपभोक्ताओं को पोस्टपेड मीटर का मई माह का ऊर्जा खपत का जून में बिल एसएमएस या व्हाट्सएप के माध्यम से 10 तारीख तक भेजा जाएगा। नेटवर्क की समस्या के चलते उपभोक्ताओं के मीटरों की महीने की 5 तारीख तक ऑटोमेटिक रीडिंग नहीं मिलने पर मैन्युअल रीडिंग ली जाएगी।

जिन उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर बदल गए हैं जिसके कारण उपभोक्ता को एसएमएस या व्हाट्सएप के माध्यम से बिल नहीं मिलेगा वे उपभोक्ता व्हाट्सएप चेटबोट्स पर संयोजन संख्या 91 785-980-4803 पर सूचित कर अपना बिल ले सकते हैं।

> 6 मई को शासनादेश मिला था, सात और आठ मई की रात सभी प्रीपेड मीटर पोस्टपेड कर दिए गए हैं। 15 मई से 30 जून तक अधिशासी अभियंता एवं उपखंड अधिकारी कार्यालयों पर उपभोक्ताओं की स्मार्ट मीटर से सम्बंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए शिविर लगाए जाएंगे।
> – **विकार अहमद**, एसडीओ कमर्शियल विद्युत वितरण खंड

विद्युत वितरण खंड के एसडीओ कमर्शियल ने बताया कि पूर्व में प्रीपेड मोड में परिवर्तन के समय उपभोक्ताओं की जमा सिक्युरिटी बिल में समायोजित कर दी गई थी। अब फिर पोस्टपेड में परिवर्तन होने के बाद स्वीकृत भार के अनुसार निर्धारित सिक्युरिटी धनराशि चार समान किश्तों में जून के अलावा तीन बिलों में जोड़ी जाएगी। निर्धारित डेट पर बिल जमा नहीं करने पर टैरिफ आर्डर के अनुसार विलंब अधिभार बिल में जोड़ दिया जाएगा। घरेलू कनेक्शन में प्रीपेड मोड से पोस्टपेड मोड में परिवर्तित किए जाने पर 30 अप्रैल 2026 तक के बकाए को 10 किश्तों में भुगतान करने की सुविधा दी गई है। बिजली के मीटरों के प्रीपेड से पोस्टपेड होने पर उपभोक्ताओं ने राहत की सांस ली है।

प्रीपेड मीटर में बिल जमा करने में एक मिनट की देर हो जाने पर बिजली कट हो जाती थी। इसके बाद पैसा जमा करने के बावजूद बिजली घर के चक्कर लगाना पड़ते थे। पोस्टपेड मीटर से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। – **शाहनवाज**



प्रीपेड मीटर लगने के बाद लोग परेशान हो गए थे। लोगों ने घरों से मीटर उतरवाने का मन बना लिया था। लोगों की मांग पर सरकार ने प्रीपेड मीटरों को पोस्टपेड में तब्दील करा दिया है। इससे लोगों की टेंशन खत्म हो गई है। – **हाफिज यासीन**

भारत में 70 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है और गांवों में अभी नेटवर्क की समस्या रहती है। किसान के पास हर समय पैसा नहीं रहता है। फसल कटने के बाद किसान मालामाल हो जाते हैं और तमाम खर्च करते हैं। – **नाजिश खां**

सरकार को 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त कर देना चाहिए। ताकि उत्तर प्रदेश के लोगों को भी कुछ राहत मिल सके। प्रीपेड से पोस्टपेड मीटर होने पर लोगों को बहुत राहत मिलेगी। सरकार का जनता के हित में कदम है। – **फरमान खां**

एसबीआई कर्मचारी करेंगे हड़ताल, किया प्रदर्शन

शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में प्रदर्शन करते कर्मचारी।

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: नवाब गेट के निकट स्थित भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य शाखा में शुक्रवार को स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टॉफ एसोसिएशन के सदस्यों ने अपनी मांगों को लेकर बैंक प्रबंधन के विरुद्ध जोरदार नारेबाजी की। एसोसिएशन के क्षेत्रीय सचिव कामरेड धनराज ने कहा कि जब तक बैंक प्रबंधन हमारी मांगों को पूरी नहीं करेगा हमारा आंदोलन जारी रहेगा। कहा कि 25 और 26 मई को देश भर में भारतीय स्टेट बैंक में हड़ताल रहेगी। क्षेत्रीय सचिव ने कहा कि लंबे समय से स्टेट बैंक प्रबंधन की ओर से कर्मचारियों के हितों कीअनदेखी की जा रही है। 16 सूत्रीय मांगों के सापेक्ष हमारा धरना, प्रदर्शन और हड़ताल का कार्यक्रम लगातार जारी रहेगा। प्रथम चरण में 8 मई को भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के प्रांगण में प्रदर्शन के बाद स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ एसोसिएशन रामपुर मुख्य शाखा की सचिव उत्कर्षा सिंह ने उम्मीद जताई कि आगामी हमारी हड़ताल पूर्णतः सफल रहेगी। प्रदर्शन करने वालों में स्टाफ एसोसिएशन के सर्किल डेलीगेट कामरेड ओम शंकर, तरु राज सक्सेना, अपूर्वा जैन, प्राची, निशा, अभिषेक, विनय सिंह, विनय गिल, राधिका, अर्चना कम्मो, कामरेड विमल कपूर, हरिओम सक्सेना आदि शामिल रहे।

• 25-26 मई को देशभर की स्टेट बैंक शाखाओं में रहेगी हड़ताल

मौसम वैज्ञानिक दो दिन बाद जता रहे वर्षा के आसार

रामपुर, अमृत विचार : मौसम वैज्ञानिक गरज चमक के साथ वर्षा के आसार जता रहे हैं। 11 मई को फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। 14 मई के बाद तापमान में बढ़ोत्तरी की संभावना जताई गई है। शुक्रवार को सुबह आसमान में बादल मंडराते रहे इसके बाद धूप निकल आई। अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

गुरुवार-शुक्रवार को मध्यरात्रि के बाद रिमझिम बारिश हुई और मौसम खुशगवार हो गया। पिछले तीन दिन से कभी दिन में और कभी रात में वर्षा हो रही है। शुक्रवार को सुबह आसमान में बादल मंडराते रहे और सुबह करीब 7:30 बजे सूरज ने बादलों की ओट से मुहं चमकाया और तापमान बढ़ता गया। मौसम वैज्ञानिकों की माने तो 11 मई से एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है और 12 से 14 मई तक गरज चमक के साथ बारिश की संभावना जताई गई है। इसके बाद मौसम शुष्क रहेगा और तापमान बढ़ता जाएगा। मौसम वैज्ञानिक डॉ. श्वेता सिंह के मुताबिक 14 मई के बाद तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार करने का अनुमान है।

स्वार लेखपाल संघ के अध्यक्ष बने निरंकारी सिंह, मंत्री संतोष

स्वार में शपथ लेते नवनियुक्त लेखपाल संघ के पदाधिकारी। • अमृत विचार

स्वार, अमृत विचार: उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील स्वार इकाई का चुनाव शुक्रवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

जिला कार्यकारिणी के निर्देशन में आयोजित चुनाव प्रक्रिया के बाद नई कार्यकारिणी का निर्विरोध गठन किया गया। चुनाव परिणामों के अनुसार निरंकार सिंह को अध्यक्ष चुना गया, जबकि संतोष ठाकुर मंत्री बने। इसके अलावा नरेंद्र सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मोहम्मद आसिम को कनिष्ठ उपाध्यक्ष, विकास कुमार को उपमंत्री, तरुण गुप्ता को कोषाध्यक्ष, विपिन कुमार को ऑडिटर तथा खुसरो परवेज को मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कार्यभार ग्रहण कराया।

अध्यक्ष निरंकार सिंह और मंत्री संतोष ठाकुर ने कहा कि संगठन का उद्देश्य लेखपालों की समस्याओं का समाधान कराना और उनके हितों की रक्षा करना है। इस दौरान चुनाव अधिकारी मोहम्मद जहुरउद्दीन, सह चुनाव अधिकारी हिमांशु सक्सेना सहित जिला संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

एसडीएम न्यायिक के विरोध में खोला मोर्चा

संवाददाता बिलासपुर

अमृत विचार: शुक्रवार को लायर्स वेलफेयर एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं ने उपजिलाधिकारी न्यायिक की कार्यप्रणाली का विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया। बाद में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम प्रशासन को सौंपा। साथ ही अधिवक्ताओं ने 11 से 15 मई तक न्यायिक कार्यों से विरत रहने का निर्णय लिया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसके बाद अधिवक्ता संगठन के अध्यक्ष के नेतृत्व में तहसील भवन पहुंचे। जहां एसडीएम न्यायिक के विरोध में प्रदर्शन किया। इसके बाद उपजिलाधिकारी प्रशासन अरुण कुमार से मुलाकात कर जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। जिसमें आरोप लगाते हुए कहा कि तहसील में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। जिसकी वजह से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही एसडीएम न्यायिक की पत्रावलियां प्राइवेट व्यक्ति रामपुर लेकर जाता है। जहां एसडीएम न्यायिक पत्रावलियों के आदेश पर हस्ताक्षर करके प्राइवेट व्यक्ति को दे देते है। इसके अलावा न्यायालय तहसीलदार द्वारा भी अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य से विरत रहने के बावजूद पत्रावलियों मे मनमानी तरीके से सुनवाई कर रहे है। जोकि विधि विरुद्ध आदेश पारित किए जा रहे है। जबकि समाधान की प्रकिया नहीं अपनाई जा रही है। निर्णय लिया कि जल्द ही मंडल आयुक्त और जिलाधिकारी से मुलाकात कर मामले से अवगत कराएंगे।

इस मौके पर विमल सक्सैना, नवीन गुप्ता, नब्बू अली अंसारी, सन्तोख सिंह खैहरा, मुनीश गुप्ता, अब्दुल मोबीन अंसारी, आदिल खां, हरीश गुप्ता, गौहर अली, गिरीश गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता, मोहम्मद इमरान, गुलाम अहमद, अनूप गुप्ता, अंजुम खां, युसूफ खां, अमान खां, बजाहत खां आदि मौजूद रहे।

बिलासपुर में उपजिलाधिकारी अरुण कुमार को ज्ञापन देते अधिवक्ता।

• 11 से 15 मई तक न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे अधिवक्ता

सभासदों ने लगाया धांधली और भ्रष्टाचार का आरोप

सैफनी, अमृत विचार: नगर पंचायत सैफनी में विकास कार्यों और बोर्ड बैठकों के संचालन को लेकर विवाद गहरा गया है। नगर के सभासदों ने ईओ और अध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं। सभासदों ने कहा कि बैठकों के नाम पर केवल औपचारिकता पूरी की जा रही है, जबकि जमीनी स्तर पर जनता से जुड़े मुद्दों की लगातार अनदेखी हो रही है। सभासदों ने आरोप लगाया कि बोर्ड बैठकों में नियमों को ताक पर रखकर प्रस्ताव पारित किए जाते रहे हैं। उनका कहना है कि रजिस्टर में उनकी उपस्थिति दर्ज करा ली जाती है। लेकिन न तो विषयों पर चर्चा होती है और न ही मतदान कराया जाता है। अध्यक्ष फैजान खान ने बताया कि हर बार नगर पंचायत के बाबू वीर सिंह सभासदों सूचना देते हैं। इसके बाद सभासद मीटिंग में आते हैं, अपनी समस्याएं भी रखते हैं।

मामले में शिकायत करते सभासद। • अमृत विचार

सड़क हादसे रोकने को ब्लैक स्पॉट दुरुस्त कराएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार: विकास भवन सभागार में शुक्रवार को जिले के नोडल अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक उप्र राज्य सड़क परिवहन निगम प्रभु एन सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र की उपस्थिति में जिले में सड़क हादसों को रोकने पर मंथन हुआ। नोडल अधिकारी ने सड़क हादसों को रोकने के लिए अवैध कटों को बंद करने और ब्लैक स्पॉटों चिह्नित कर तुरंत दुरुस्त कराने के निर्देश दिए हैं।

लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियंता द्वारा बताया कि जिले में 18 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं, जिनमें 5 का सुधार कार्य पूर्ण हो चुका है। इस पर नोडल अधिकारी ने शेष ब्लैक स्पॉटों का चिन्हांकन कर उन्हें तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हाईवे पर कहीं भी अवैध कट न पाए जाएं, क्योंकि अवैध कटों के कारण सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। श्रम विभाग की समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारी ने श्रमायुक्त को विकास खंड स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन कर श्रमिकों का पंजीयन कराने के निर्देश दिए। फैक्ट्रियों में कार्यरत श्रमिकों का भी पंजीयन कर उन्हें विभागीय योजनाओं से लाभान्वित करें। पंचायतीराज विभाग की समीक्षा में जिला पंचायतराज अधिकारी ने बताया कि जनपद में लगभग 1100 सफाई कर्मी एवं 680 ग्राम पंचायतें हैं। कृषि विभाग की पीएम कुसुम योजना की समीक्षा करते हुए बताया कि सोलर पंप योजना के अंतर्गत 270 लक्ष्य के सापेक्ष 216 आवेदन प्राप्त हुए हैं तथा 192 किसानों को लाभान्वित किया जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी से कार्यरत चिकित्सकों की स्थिति के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस पर उन्होंने जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी को देखते हुए स्थानीय स्तर पर अनुबंध आधारित नियुक्तियां निकाली जाएं, जिससे आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें। दुग्ध विकास विभाग की समीक्षा में पाया गया कि जनपद में 147 दुग्ध समितियां हैं, जिनमें से 80 समितियां क्रियाशील हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि अक्रियाशील समितियों को शीघ्र सक्रिय किया जाए। पीएम स्वनिधि योजना व बाल पुष्टाहार को लेकर समीक्षा की। बैठक में जिला वनाधिकारी प्रणव जैन, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

नोडल अधिकारी, डीएम, सीडीओ की मौजूदगी में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए।

• नोडल अधिकारी प्रभु एन सिंह ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

मानकों की अनदेखी पर खरसौल में लैब सील

सैफनी अमृत विचार: स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध रूप से संचालित और मानकों का उल्लंघन करने वाले निजी केंद्रों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।

शुक्रवार को भी स्वास्थ्य विभाग की सीएमओ डॉक्टर दीपा सिंह के आदेश पर अभियान चलाया गया इस दौरान टीम ने क्षेत्र के खरसौल गांव में स्थित मैक्स पैथोलॉजी लैब पर औचक छापेमारी की और नियमों की अनदेखी पाए जाने पर उसे सील कर दिया।

पैथोलॉजी लैब सील करती स्वास्थ्य टीम।

न्यूज डायरी

गुरुनानक एकेडमी में अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया

मिलक, अमृत विचार : शुक्रवार को गुरु नानक एकेडमी में विद्यालय प्रबंधन समिति के तत्वावधान में अग्नि सुरक्षा जागरूकता सत्र का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में लाइव डेमो से समझाया, जिसमें अग्निशमन विभाग के फायर ट्रेनर रामपुर। पिरत पाल सिंह ने विद्यार्थियों को आग लगने के कारण, उससे बचाव के तरीके तथा आपातकालीन स्थिति में अपनाए जाने वाले सुरक्षा उपायों के बारे में बताया। फायर ट्रेनर ने अग्निशमन यंत्र के उपयोग का लाइव प्रदर्शन भी किया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न प्रश्न पूछे और सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। विद्यालय के चेयरमेन विशेष शर्मा, उपाध्यक्ष रिजवान खान, एमडी मीनू मिश्रा, प्रधानाचार्या मिताली सक्सेना व उपप्रधानाचार्य अमित गंगवार ने कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में सुरक्षा के प्रति सजगता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

यूपी बोर्ड हाईस्कूल की टॉपर कनिष्का को साइकिल भेंट की

रामपुर, अमृत विचार : यूपी बोर्ड में हाईस्कूल की जिला टॉपर बनी कनिष्का को साइकिल देकर सम्मानित किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय निस्बी में आयोजित कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी, मिलक खंड शिक्षा अधिकारी बबीता सिंह व प्रधानाध्यापक निस्बी सत्येंद्र पांडेय ने कनिष्का को साइकिल व स्टेशनरी भेंट की। राज्य शिक्षक पुरस्कार प्राप्त संतोष खरे ने विद्यालय के शैक्षिक प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन अंकुर शुक्ला ने किया। सेवानिवृत्त जाकिर ने विद्यालय से जुड़ाव के बारे में बताया। खंड शिक्षा अधिकारी मिलक बबीता ने कनिष्का और अन्य बेसिक की मेधावियों के लिए शिक्षकों के निरंतर निस्वार्थ सेवा भाव की सराहना की। इस दौरान एआरपी, नोडल एनएमएमएसई प्रभाकर गौतम, मीडिया प्रभारी सैय्यद अफाक, अवधेश कुमार, प्रियंका शर्मा नेहा, ज्योति, विवेक, गौरव, योगेंद्र, सुंदर, प्रदीप, नमन, तरुण आदि लोग मौजूद रहे।

मसवासी में भाजपा प्रदेश महामंत्री अमरपाल मौर्य का स्वागत किया

मसवासी, अमृत विचार : भाजपा के प्रदेश महामंत्री, राज्यसभा सांसद एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तीन राज्यों के प्रभारी अमरपाल मौर्य को नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष एवं भाजपा नेता हरिओम मोर्य ने अपने निवास पर स्वागत किया। उन्होंने स्मृति चिन्ह देकर प्रदेश महामंत्री का स्वागत किया। अखिल भारतीय मौर्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष यशपाल सिंह मौर्य एडवोकेट ने उन्हें पटका पहनाया तथा पार्टी एवं समाज के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मदन लाल मौर्य, जिला कार्यालय प्रभारी मयंक मौर्य, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजीव कुमार वर्मा, पवन मौर्य , सुभाष मौर्य आदि शामिल रहे।

उप्र प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया

रामपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष शिवकुमार शुक्ला का रामपुर आगमन पर संगठन के पदाधिकारियों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सरकार अब शिक्षामित्र के साथ है और शिक्षामित्र भी सरकार के साथ है। मुख्यमंत्री ने मानदेय वृद्धि एवं कैशलेश सुविधा देकर शिक्षामित्रों को नया जीवनदान दिया है। बताया कि मुख्यमंत्री बहुत जल्द एक बहुत बड़ा तोहफा देने जा रहे हैं जो सरकार ने अपने संकल्प पत्र में वादा किया था। इस दौरान जिलाध्यक्ष नरेश कुमार मीणा, किरनपाल सिंह, रमेश चंद्र सैनी, पूनम, रानी, राम अवतार, भूपेंद्र पटेल, कमल कुमार पटेल, राजपाल सिंह, चंद्रपाल सैनी, अशर्फीलाल, प्रेम शंकर, शरीफ अहमद, सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

सनवे को फिजिकल कॉलेज ने हराया

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम पर चैंपियन हॉकी क्लब के तत्वावधान में इम्तियाज उर रहमान खां मेमोरियल डिस्ट्रिक लीग हॉकी टूर्नामेंट में दो मैच खेले गए। पहले मैच में सनवे की बी टीम को फिजिकल कॉलेज की टीम ने 2-0 से हरा दिया। दूसरा मैच ग्रीनवुड स्कूल और आइडेंटिटी एजुकेशन की टीमों के बीच खेला गया जिसमें दोनों टीमों के खिलाड़ी अंत तक कोई गोल नहीं कर सके और दोनों ही टीमों को एक-एक अंक दे दिया गया।

मुख्य अतिथि गुलरेज खान और विशिष्ट अतिथि मोहम्मद वकार एवं तनवीर खां ने सनवे स्कूल बी टीम और फिजिकल कॉलेज की टीमों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद मैच शुरू हुआ और फिजिकल कॉलेज के खिलाड़ी ईशान ने मैच के 21वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिला दी। पहले हाफ में सनवे स्कूल बी टीम कोई गोल नहीं कर पाई। मैच के दूसरे हाफ में फिजिकल कॉलेज के खिलाड़ी इमरान ने 35 वे मिनट में एक गोल और कर स्कोर 2-0 कर दिया। सनवे स्कूल बी टीम के खिलाड़ी लगातार आक्रमण करते रहे लेकिन अंत तक कोई गोल नहीं कर पाए। सनवे स्कूल बी टीम को फिजिकल कॉलेज की टीम ने 2-0 गोल से हरा दिया। मुकाबला ग्रीनवुड स्कूल और आइडेंटिटी एजुकेशन स्कूल के बीच खेला गया जिसमें ग्रीनवुड स्कूल और आइडेंटिटी एजुकेशन की टीमें पहले हॉफ में कोई गोल नहीं कर सकीं।

मैच का दूसरा हाफ भी बिना किसी गोल के समाप्त हो गया इसके बाद दोनों ही टीमों को बराबर-बराबर अंक बांट दिए । मैच रेफरी अभय सिंह, फमीर रहे। इस मौके पर मुख्तियार खान, आदिल हसनैन, इशरत अली, जावेद खान, वसीम खान, राकेश श्रीवास्तव, साजिद खान ,अय्यूब खान, नफीस अहमद खान, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।

महात्मा गांधी स्टेडियम पर हॉकी मैच में भिड़तीं टीमें। • अमृत विचार

• ग्रीनवुड और आइडेंटिटी एजुकेशन की टीमों को मिला एक-एक अंक

ट्रांसफॉर्मर एक साल से खराब, ग्रामीण गुस्साए

मसवासी, अमृत विचार: स्वार क्षेत्र के ग्राम भगवंत नगर स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन के पास विद्युत विभाग द्वारा लगाया गया ट्रांसफॉर्मर करीब एक वर्ष से खराब पड़ा है। आरोप है कि ट्रांसफॉर्मर लगने के बाद से ही ढंग से चालू नहीं हो सका और लगातार खराब स्थिति में बना हुआ है।

ग्रामीणों का कहना है कि 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर कई बार शिकायत करने के बावजूद भी दुरुस्त नहीं कराया गया। इससे क्षेत्र की बिजली व्यवस्था प्रभावित हो रही है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने विभाग से मांग की है कि खराब ट्रांसफॉर्मर को हटाकर उसकी जगह नया ट्रांसफॉर्मर लगाया जाए। इस दौरान अशोक कंबोज, कमल कंबोज, गोपी कंबोज, गुड्डू सिंह, मेहरबान, आसाराम और हाकम राम समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। उधर जेई श्याम सिंह ने बताया कि शिकायत मिली है ट्रांसफार्मर को दुरुस्त कर चालू कराया जाएगा।

स्वार के गांव भगवंत नगर में खराब ट्रांसफार्मर को लेकर नाराजगी जताते ग्रामीण।

न्यूज ब्रीफ

आज चार घंटे ठप रहेगी बिजली आपूर्ति

हसनपुर, अमृत विचार : पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम के उपखण्ड अधिकारी ने सूचित किया है कि शनिवार 9 मई को विद्युत लाइनों के अनुरक्षण कार्य के चलते नगर के कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र के अंतर्गत 11 केवी टाऊन-02 पोषक पर जर्जर तारों को बदलने का कार्य प्रस्तावित है। इसके चलते सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सुरक्षा कारणों से टाऊन-03 पोषक भी आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा।

मंदिर के सेवादार से मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

हसनपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर खादर स्थित शिव मंदिर के सेवादार निवासी गंगागिरी पुत्र बुद्धसैन ने पुलिस को बताया कि बीती 20 अप्रैल की रात करीब एक बजे वह सो रहे थे। तभी गांव के ही अरविंद उर्फ विक्की, नौसिंह, सुरेश और अमित उनके पास आए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की। साथ ही भविष्य में बुरा अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

संदिग्ध हालात में मिला युवक का शव, हत्या का आरोप

परिजनों ने एक होमगार्ड और उसके परिजनों पर जताई हत्या की आशंका, गांव में तनाव की स्थिति

संवाददाता, आदमपुर(अमरोहा)

अमृत विचार : आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव दढ़ियाल में 18 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी दुकान पर चारपाई पर पड़ा मिला। परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर गला दबाकर हत्या करने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहनता से छानबीन शुरू कर दी है।

मृतक अवनेश।

घटना आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव दढ़ियाल की है। यहां गांव में सियाराम का परिवार रहता है। उनका 18 वर्षीय पुत्र अवनेश बीती रात गांव में ही अपनी साइकिल पंचर की दुकान पर सोने के लिए घर से निकला था। परिजनों के अनुसार शुक्रवार सुबह जब घर के लोग जागे, तो सियाराम ने अपने पुत्र अवनेश को जगाया तो अवनेश चारपाई पर मृत अवस्था में पड़ा मिला। युवक के गले पर निशान देख परिजनों के होश उड़ गए और घर में कोहराम मच गया। मृतक के पिता और अन्य परिजनों ने गांव के ही कुछ व्यक्तियों पर रंजिशन हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि अवनेश की गला दबाकर हत्या की गई है और साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को चारपाई पर रख दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलते ही आदमपुर थाना अध्यक्ष कोमल तोमर भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और परिजनों से प्रारंभिक पूछताछ की। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

- **परिजनों के अनुसार गला दबाकर की गई अवनेश की हत्या**

घटना स्थल पर जांच करती पुलिस।

बदले की आग या प्रेम प्रसंग

अवनेश की मौत का कारण पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार कर रही है कि अवनेश की मौत स्वभाविक है या किसी ने उसकी हत्या करके शव को चारपाई पर रख दिया। वहीं मृतक के पिता सियाराम ने गांव निवासी होमगार्ड झंडू समेत उसकी पत्नी शांति तथा पुत्र विकास, कुलवंत, होशियार व जगवीर के खिलाफ तहरीर दी है। सूत्रों की माने तो पुलिस ने मृतक के पिता सियाराम की तहरीर में दिए एक ही परिवार के नामों के अलावा एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लिया है। प्रत्यक्ष दर्शियों के मुताबिक देर रात मृतक ने किसी से फोन पर भी बात की थी। जिसके बाद उसने अपने मोबाइल फोन का सिम निकाल कर फेंक दिया था। उधर अवनेश की मौत के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है।

> युवक का शव घर में मिला है। परिजनों ने कुछ लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मौत के सही कारणों का पता पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। रिपोर्ट के आधार पर निष्पक्ष और कठोर विधिक कार्रवाई की जाएगी। - **कोमल तोमर, थाना अध्यक्ष आदमपुर**

अवनेश के माता-पिता जा चुके हैं जेल

वर्ष 2022 में गांव निवासी होमगार्ड झंडू सिंह का बेटा जनपद संभल के रजपुरा स्थित डीसीएम शुगर मिल में केमिकल लैब में प्राइवेट नौकरी करता था। सूत्रों की माने तो वहां उसके संबंध पड़ोस के एक गांव निवासी युवती से हो गए। वह युवती मृतक अवनेश की ममेरी बहन थी। प्रेम प्रसंग के चलते होमगार्ड झंडू सिंह के बेटे जितेंद्र ने अपने परिजनों से उसे लड़की के साथ शादी करने की बात कहा। लेकिन, किसी वजह से झंडू के बेटे जितेंद्र की उस युवती से शादी नहीं हो पाई। जिसके बाद होमगार्ड झंडू सिंह के बेटे जितेंद्र ने घर पर ही आत्महत्या कर ली थी। झंडू सिंह ने अपने बेटे जितेंद्र की आत्महत्या का आरोप सियाराम पर लगाया था। जिस मामले में आदमपुर पुलिस ने होमगार्ड झंडू की तहरीर पर प्राथमिकी दर्ज कर सियाराम तथा उसकी पत्नी छायावती को जेल भेजा था। आदमपुर पुलिस द्वारा गांव निवासी एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लेने के बाद कुछ ग्रामीण मृतक अवनेश की मौत के मामले को प्रेम प्रसंग से जोड़कर देख रहे हैं।

नवनिर्वाचित प्रदेश उपाध्यक्ष का किया गया स्वागत

बलराज प्रजापति का स्वागत करते पार्टी कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

अमरोहा, अमृत विचार : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर द्वारा बलराज प्रजापति को पार्टी का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद संगठन में उत्साह का माहौल है। प्रदेश उपाध्यक्ष बनने के बाद पहली बार अमरोहा पहुंचने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। सुभासपा जिलाध्यक्ष सत्यपाल तोमर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बलराज प्रजापति के आवास पहुंचे, जहां फूलमालाओं से और मिठाई खिलाकर उनका अभिनंदन किया गया। स्वागत कार्यक्रम में पंडित राम अवतार शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष मंत्री प्रतिनिधि रामपुर आदेश अमरोही, कोषाध्यक्ष डॉ. जगत सिंह गुर्जर, जिला महासचिव पवन कुमार, पंडित योगेंद्र शर्मा, विवेक कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता लापता

हसनपुर, अमृत विचार: क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने अपनी विवाहित पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में तीन युवकों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच और युवती की तलाश में जुट गई है। पीड़ित पिता के अनुसार, उन्होंने अपनी 21 वर्षीय पुत्री की शादी तीन माह पूर्व थाना आदमपुर के एक गांव के युवक से की थी। आरोप है कि 6 मई की दोपहर करीब 2 बजे कस्बा निवासी रामौतार सैनी ने अपने साथी फहीम और असलम की मदद से उनकी बेटी को ले गया।

आईजीआरएस शिकायत के निस्तारण में अमरोहा को मिला प्रथम स्थान

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश सरकार की ऑनलाइन शिकायत प्रणाली जनसुनवाई पोर्टल आईजीआरएस पर शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में अमरोहा पुलिस ने एक बार फिर प्रदेश में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। अप्रैल-2026 की जारी रैंकिंग में जनपद अमरोहा ने लगातार सातवीं बार प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इतना ही नहीं, जिले के सभी 13 थानों ने भी अपनी-अपनी श्रेणी में पहला स्थान हासिल किया है।

एसपी लखन सिंह यादव ने बताया कि प्रदेश स्तर पर जारी रैंकिंग में अमरोहा को 125 में से पूरे 125 अंक मिले हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना आईजीआरएस जनसुनवाई-समाधान पोर्टल के माध्यम से आमजन अपनी समस्याएं ऑनलाइन दर्ज कराते हैं। शासन स्तर पर प्रत्येक माह पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा और जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है। इसी क्रम में अप्रैल माह की रैंकिंग में अमरोहा पुलिस ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि स्वयं आईजीआरएस पोर्टल पर आने वाली शिकायतों की मॉनिटरिंग करते हैं और अधिकारियों व थाना प्रभारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश देते रहते हैं। इस उपलब्धि में आईजीआरएस शाखा प्रभारी उपनिरीक्षक कुमरेश त्यागी, आरक्षी सारुल चौहान, आरक्षी प्रशांत चौहान और आरक्षी प्रदीप चौधरी की अहम भूमिका रही।

आईजीआरएस पर आईं शिकायतों का निस्तारण करते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

- **लगातार सातवीं बार प्रथम स्थान पर रहा जिला**

पैसे मांगने पर युवक पर कैंची से हमला

डिडौली, अमृत विचार: थाना क्षेत्र के गांव पांयती कलां में कमेटी के पैसे मांगने पर युवक पर कैंची से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। परिजन घायल को सीएचसी जोया ले गए। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

गांव निवासी घायल भाई मोहम्मद रजा ने बताया कि गांव निवासी अरमान पुत्र रजाबुल गांव में कमेटी डालने का कार्य करता है तथा घर पर परचून और नाई की दुकान चलाता है। उसकी कमेटी में मोहम्मद रजा के पैसे बाकी थे। शुक्रवार सुबह वह अपने पैसे मांगने अरमान की दुकान पर पहुंचा था। इसी दौरान कहासुनी होने पर अरमान ने दुकान में रखी कैंची उठाकर उस पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

बीएसए पर भ्रष्टाचार को आरोप, जांच टीम गठित

अमरोहा, अमृत विचार : बीएसए मोनिका पर गंभीर आरोप लगाते हुए आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया के जिलाध्यक्ष मनु शर्मा ने डीएम नितिन गौड़ से शिकायत की है।

आरटीआई एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के जिलाध्यक्ष मनु शर्मा एडवोकेट द्वारा की गई शिकायत में कहा गया है कि बीएसए मोनिका द्वारा अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के आदेश के क्रम में मंडलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल मुरादाबाद के आदेश के अनुपालन में बीएसए कार्यालय में संबद्ध समस्त कर्मचारियों के मूल तैनाती स्थल पर आज तक कार्यभार ग्रहण नहीं कराया गया है, ना ही इस संबंध में कोई सूचना दी गई है। आरोप है कि 01 अपैल 2023 से 31 मार्च 2026 तक बीएसए ने नियमों के विरुद्ध कक्षा निजी विद्यालयों को मान्यता प्रदान की गई है, जिनके भवन मानक के अनुरूप नहीं है। आरोप है कि विभागीय सहयोगियों से मिली भगत करके जिला स्तर पर हुई समिति की बैठकों में फर्जी तरीके से रिकॉर्ड प्रस्तुत किए गए हैं।

खिड़की तोड़कर स्कूल से सामान ले गए चोर

डिडौली, अमृत विचार: थाना क्षेत्र के गांव शहबाजपुर स्थित जूनियर हाईस्कूल में चोरों ने पीछे की खिड़की तोड़कर सामान चोरी कर लिया। चोर सेफ अलमारी तोड़कर उसमें रखे दो सैमसंग टैबलेट, गणित एवं विज्ञान विषय की किट और बर्तन चोरी कर ले गए। शुक्रवार सुबह गांव शहबाजपुर स्थित जूनियर हाईस्कूल की प्रधानाध्यापिका राफिया अहमद विद्यालय स्टाफ के साथ स्कूल पहुंचीं। कार्यालय का ताला खोलकर अंदर जाने पर खिड़की टूटी मिली और सामान बिखरा पड़ा था।

उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड
अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद पारेषण मण्डल-मुरादाबाद

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना 10/ECTC/MBD/2026-27

पत्रांक : 623 दिनांक : 06.05.2026

निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

कार्य का नाम : विक्टोरिया पार्क, मेरठ स्थित पारेषण भवन पर दैनिक साफ-सफाई का कार्य।

ई-निविदा प्रपत्र शुल्क : रू. 590 | धरोहर राशि : रू. 7,600

ई-निविदा की अन्तिम तिथि : 22 मई 2026, 14:00 बजे

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जाएंगी।

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत पारेषण मण्डल,
उ.प्र.पा.ट्रां.का.लि., मुरादाबाद

लाल बहादुर शास्त्री इन्टर कालेज, सुल्तानपुर दोस्त, मुरादाबाद

सहायक लिपिक के पद पर आवेदन सूचना

पद का नाम – सहायक लिपिक 01 पद (अनारक्षित श्रेणी)

वेतनमान– (5200-20200 ग्रेड पे 2000 लेवल 3 पे मैट्रिक्स 21700-69100)

शैक्षिक अर्हता– इन्टरमीडिएट या समकक्ष तथा डोएक/नीलेट द्वारा प्रदत्त सी.सी.सी. प्रमाण पत्र या किसी मान्यता प्राप्त संस्था से कम्पयूटर साईन्स मे डिप्लोमा/डिग्री तथा प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा वर्ष 2025 में 50 प्रतिशत या अधिक परसेंटाईल करने वाले अभ्यर्थी प्रश्नगत चयन के लिये आवेदन करने हेतु पात्र होंगे। तथा कम्पयूटर पर हिन्दी टंकण में 25 शब्द प्रति मिनट तथा अंग्रेजी टंकण में 30 शब्द होना अनिवार्य है।

आयु सीमा– 01 जुलाई 2025 को न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 40 वर्ष

आवेदन शुल्क– सामान्य एवं अन्य पिछडा वर्ग श्रेणी के लिये रूपये 750 तथा अ.जा./जनजा./ईडब्ल्य.एस. के लिये 500 रू. आवेदन निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 01.06.2026 तक प्रबन्धक संचालक, लाल बहादुर शास्त्री इन्टर कालेज, सुल्तानपुर दोस्त, मुरादाबाद मुरादाबाद के पद नाम से निर्धारित शुल्क का बैंक ड्राफ्ट राष्ट्रीयकृत बैंक संलग्न करते हुए उक्त पते पर स्पीड पोस्ट या रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित करें। उक्त तिथि के उपरान्त किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नही किया जायेगा। आवेदन पत्र जि.वि.नि. मुरादाबाद की ई मेल आई.डी. moradabaddios@gmail.com पर भी प्रेषित करेंगे। सम्पूर्ण जानकारी के लिये विद्यालय की वेबसाइट https://www.lalbahadurshastrisic.co.in पर आवेदन पत्र प्राप्त किया जा सकता है।

प्रबन्धक संचालक
लाल बहादुर शास्त्री इन्टर कालेज
सुल्तानपुर दोस्त, मुरादाबाद

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-30 (OLD NH-24) Banthra, Distt. Shahjahanpur, Uttar Pradesh, India - 242307

Accreditations, Affiliations & Approvals

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये University Grants Commission of India | Medical Council of India | Pharmacy Council of India | Indian Nursing Council | Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council | Uttar Pradesh State Medical Faculty

ADMISSION OPEN FOR FOLLOWING COURSES SESSION 2026-27
CUET (UG/PG) - 2026 Score Accepted

Varun Arjun Medical College & Rohilkhand Hospital

Course	Eligibility	Duration
MBBS (intake - 250)	Throught NEET, (10+2 PCB)	4½ +1 Years
MD/MS (intake - 99)	Throught PG NEET MBBS	3 Years

Mob : 9634459947

Course	Eligibility	Duration
M.Sc. Medical Anatomy M.Sc. Medical Biochemistry M.Sc. Medical Microbiology M.Sc. Medical Physiology M.Sc. Medical Pharmacology	Candidate must have passed three years under graduate prog. B.Sc. with 50% marks (45% for SC/ST) with Biological Sciences as one of the subjects or MBBS/BDS, BAMS, BHMS, BPT, B. Pharma, BMLS/BMLT, BMRIT, B. Optometry, B.Sc. Nursing must have passed from a recognised University.	3 Years

Mob : 9956248504

Varun Arjun College/ School of Nursing

Course	Eligibility	Duration
B.Sc. Nursing	Intermediate wtih Biology	4 Years
Post Basic B.Sc. Nursing	GNM	2 Years
GNM	Intermediate wtih English	3 Years
ANM	Intermediate	2 Years
M.Sc. Nursing in Medical Surgical Nursing	B.Sc. Nursing/ Post Basic Nursing	2 Years
M.Sc. Nursing in Obstetric & Gynaecological Nursing	B.Sc. Nursing/ Post Basic Nursing	2 Years
M.Sc. Nursing in Child Health Nursing	B.Sc. Nursing/ Post Basic Nursing	2 Years
M.Sc. Nursing in Mental Health Nursing	B.Sc. Nursing/ Post Basic Nursing	2 Years
M.Sc. Nursing in Community Health Nursing	B.Sc. Nursing/ Post Basic Nursing	2 Years

Mob : 7521001992

Varun Arjun College of Pharmacy

Course	Eligibility	Duration
Bachelor of Pharmacy	Intermediate with Science Stream	4 Years
Diploma of Pharmacy	Intermediate with Science Stream	2 Years

Mob : 7521001993

Varun Arjun College of Allied & Healthcare Sciences

Course	Eligibility	Duration
Diploma in Medical Laboratory Technician - D.M.L.T.	Intermediate with Science Stream	2 Years
Diploma in X-Ray Technician	Intermediate with Science Stream	2 Years

Mob : 7521050078

Varun Arjun College of Management

Course	Eligibility	Duration
B.B.A. (Hons.)	Intermediate with any Stream	4 Years
B.C.A. (Hons.) - AI & Machine Learning	Intermediate with any Stream	4 Years
B.C.A. (Hons.) - IT & Multimedia	Intermediate with any Stream	4 Years
B.C.A. (Hons.) - AI & Data Science	Intermediate with any Stream	4 Years
B.H.A. (Hons.)	Intermediate with any Stream	4 Years
Master of Hospital Administration (MHA)	Graduate in any Stream	2 Years
Master in Public Health (MPH)	Graduate in any Stream	2 Years

Mob : 9956248504

Faculty of Forensic Sciences

Course	Eligibility	Duration
B.Sc. Forensic Science	Intermediate with Science Stream	3 Years

Mob : 7521802872

Varun Arjun College of Humanities and Journalism

Course	Eligibility	Duration
B.A. (Hons.) in Journalism & Mass Communication	Intermediate with any Stream	4 Years

Mob : 9956248504

Admission Cell Contact No. : 7521050077, 9956248504

Add. : Admission Cell, Administrative Block, Varun Arjun University, Varun Arjun Medical College and Rohilkhand Hospital Campus, Shahjahanpur - 242307 (U.P.)

Website : www.vau.edu.in, E-mail : admission@vau.edu.in

न्यूज ब्रीफ

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बबराला, अमृत विचार: आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गांव इटऊआ के पास गुरुवार आधी रात के बाद दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। रोड पर ईंटों से भरे ट्रैक्टर ट्राली से बाइक पीछे से टकरा गई। हादसे में गांव इटऊआ निवासी दानवीर और तुलाराम गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दानवीर को मृत घोषित कर दिया। वहीं तुलाराम की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। बताया गया कि दोनों युवक जुनावई थाना क्षेत्र के गांव मैदावली में एक शादी समारोह से लौट रहे थे। हादसा रात करीब 12 बजे बाद हुआ। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से ट्रैक्टर-ट्रॉली को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया।

वाहन की टक्कर से तीन गोवंशीय पशुओं की मौत

बबराला, अमृत विचार : गुरुवार देर रात गुन्नौर कस्बे में मेरठ-बदायूं स्टेट हाईवे पर रजिस्ट्री कार्यालय के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन गोवंशीय पशुओं की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर काफी देर तक यातायात ठप रहा। बताया जाता है कि हाईवे पर अक्सर गोवंशीय पशुओं का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। देर रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने सड़क पर मौजूद तीन गोवंशीय पशुओं को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि जेसीबी मंगाकर तीनों गोवंशीय पशुओं को दफन कराया गया है।

मृतका की शिनाख्त कराने में जुटी पुलिस

गजरौला, अमृत विचार : रेलवे ट्रैक के पास पड़ा मिला युवती के शव की दूसरे दिन भी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिल सकी। अब पुलिस युवती के शव की शिनाख्त कराने के लिए सोशल मीडिया का सहारा ले रही है। पुलिस ने आसपास जिलों और थानों में भी युवती के शव का फोटो भेजा है, जिससे मृतका के शव की शिनाख्त हो सके।

गुरु वंदन कार्यक्रम में शिक्षक सम्मानित

जनपद के 1289 विद्यालयों में हुआ आयोजन, गुरु-शिष्य परंपरा को मजबूत बनाने पर दिया गया जोर

कार्यालय संवाददाता,संभल/बहजोई

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा विभाग एवं भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में जनपद संभल के 1289 परिषदीय विद्यालयों में "गुरु वंदन-छात्र अभिनंदन" कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान जिले भर में 2578 शिक्षकों एवं 6445 विद्यार्थियों को सम्मानित कर शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की गई।

कार्यक्रम का आयोजन जनपद में संचालित क, ख, ग, घ मिशन के अंतर्गत मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट के मार्गदर्शन एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में गुरु-शिष्य परंपरा को मजबूत करना, विद्यार्थियों में संस्कार युक्त शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा शिक्षकों और विद्यार्थियों के बीच

अध्यापकों के साथ मौजूद सम्मानित किये गये बच्चे। ● अमृत विचार

विद्यालय में शपथ लेते छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

● **2578 शिक्षक और 6445 विद्यार्थी किए गए सम्मानित**

पारस्परिक सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों में विभिन्न सांस्कृतिक एवं प्रेरणात्मक गतिविधियों का आयोजन भी किया गया। विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, भाषण, कविताओं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट किया। वहीं शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को अनुशासन, नैतिक शिक्षा और जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। भारत विकास परिषद के प्रांतीय संयोजक संपर्क डॉ. एसएन शर्मा ने कहा कि गुरु और विद्यार्थियों के बीच सम्मान और विश्वास का संबंध समाज को नई दिशा देने का कार्य करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रहें, बल्कि विद्यार्थियों को अपना बालक समझकर भावनात्मक रूप से शिक्षण कार्य करें और उनमें अच्छे संस्कार विकसित करें। उन्होंने कहा कि आज के विद्यार्थी ही कल के जिम्मेदार नागरिक बनेंगे, इसलिए उनमें अनुशासन, नैतिकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना बेहद आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी पहचान रही है। आधुनिक शिक्षा के साथ यदि संस्कारों का समावेश किया जाए तो समाज और राष्ट्र दोनों मजबूत होंगे।

भारत विकास परिषद ने किया सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने विभिन्न विद्यालयों में पहुंचकर विद्यार्थियों को प्रेरित किया और शिक्षकों को सम्मानित किया। परिषद पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम शिक्षा व्यवस्था को सकारात्मक दिशा देने के साथ समाज में नैतिक मूल्यों को भी मजबूत करते हैं। इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष सोम प्रकाश वार्ष्णेय, प्रांतीय कोषाध्यक्ष राहुल वार्ष्णेय, प्रांतीय पर्यावरण संयोजक अतुल शंकर चौधरी, चंदौसी शाखा के संरक्षक महेश कटेरिया, अमित साहनी, अनिल कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, विद्यार्थी एवं परिषद के पदाधिकारी मौजूद रहे।

परिषदीय स्कूलों में प्रत्येक वर्ष मनाया जाएगा बैगलेस-डे

संवाददाता, बहजोई

● **10 दिन स्कूल में बिना बैग के जाएंगे बच्चे**

● **खेल, क्विज और गतिविधियों के जरिए होगी पढ़ाई**

अमृत विचार: बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को भारी बस्ते के बोझ से राहत दिलाने के लिए शिक्षा विभाग ने नई पहल शुरू की है। अब जिले के परिषदीय विद्यालयों में वर्ष में दस दिन 'बैगलेस डे' मनाया जाएगा। इन निर्धारित दिनों में बच्चे बिना बस्ता स्कूल पहुंचेंगे और उन्हें खेल, क्विज, रचनात्मक गतिविधियों तथा व्यवहारिक शिक्षण के माध्यम से पढ़ाई कराई जाएगी।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद की ओर से 'आनंदम' पुस्तक भी जारी की गई है, जिसके आधार पर बैगलेस डे की गतिविधियां संचालित होंगी। शिक्षकों को इस संबंध में विशेष प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है, ताकि वे बच्चों को गतिविधि आधारित शिक्षण बेहतर तरीके से करा सकें। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बहजोई के प्रधानाध्यापक अंजीव श्रोत्रिय ने बताया कि भारी किताबों और स्टेशनरी के कारण बच्चे शारीरिक और मानसिक दबाव महसूस कर रहे थे। कई बार छोटे बच्चों को भारी बस्ता लेकर स्कूल आने-जाने में परेशानी होती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए विभाग ने बोझमुक्त शिक्षा की दिशा में यह कदम उठाया है।

विभागीय आदेश के अनुसार नवंबर माह में तीसरे और चौथे शनिवार तथा फरवरी माह में पहले और दूसरे शनिवार को बैगलेस डे आयोजित किया जाएगा। इन दिनों में टीचिंग-लर्निंग मटेरियल के माध्यम से गतिविधि आधारित शिक्षण कराया जाएगा। बच्चों को समूह गतिविधियां, पहेलियां, कहानी, चित्रकला, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता और खेलकूद जैसी गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने बताया कि बैगलेस डे को लेकर आदेश जारी कर दिए गए हैं और तिथियां निर्धारित कर दी गई हैं।

सोशल मीडिया पर 'दहशत' फैला रहे गिरोह

संजीव वार्ष्णेय, बबराला

● **क्षेत्र में युवाओं के बीच गैंग बनाने का खतरनाक चलन शुरू हो गया**

अमृत विचार: गुन्नौर क्षेत्र में युवाओं के बीच गिरोहबाजी का खतरनाक चलन तेजी से पैर पसारता दिखाई दे रहा है। इलाके में सक्रिय कथित गैंग अब सिर्फ मारपीट और धमकी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि रंगदारी वसूलने के लिए सोशल मीडिया को अपना नया हथियार बना रहे हैं। वीडियो वायरल कर दहशत फैलाना, विरोधियों को खुलेआम चुनौती देना और हथियारों के साथ खुद को 'डॉन' साबित करने की होड़ ने पुलिस और आम लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

जुनावई और गुन्नौर थाना क्षेत्रों में लंबे समय से चर्चित बाबा गैंग एक बार फिर सुर्खियों में हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक बाबा गैंग के सदस्यों की पहचान चेहरे पर घनी दाढ़ी और सिर गंजा रखने के अंदाज से की जाती है। यह गुट इंस्टाग्राम, फेसबुक और व्हाट्सएप जैसे प्लेटफॉर्म पर वीडियो और पोस्ट डालकर अपनी ताकत का प्रदर्शन करता है। इन पोस्टों में अक्सर मारपीट, धमकी, हवाई फायरिंग और विरोधियों को चेतावनी देने वाले दृश्य दिखाई देते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सोशल मीडिया पर गैंग संस्कृति से युवाओं पर बुरा असर पड़ रहा है। कुछ युवक इन गैंग को ''स्टाइल'' और ''रुतबा'' मानकर उनकी नकल करने लगे हैं। यही वजह है कि क्षेत्र में छोटी-छोटी रंजिशें भी अब गैंगवार का रूप लेने लगी हैं। पिछले वर्ष सितंबर में भी महाकाल गैंग और बाबा गैंग के बीच विवाद और मारपीट के वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की थी। पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर महाकाल गैंग के गांव दबथरा हिमांचल निवासी दिनेश तथा बाबा गैंग के दबथरा हिमांचल निवासी राजेश, नगला डुमायल निवासी सुरेंद्र और गांव बिजुआ नगला निवासी लालू को गिरफ्तार किया था। पुलिस की सख्ती के चलते कुछ समय तक गैंग की गतिविधियां शांत पड़ गई थीं। गत वर्ष मार्च में गुन्नौर के तत्कालीन थाना प्रभारी अखिलेश प्रधान ने भी बाबा गैंग के खिलाफ विशेष अभियान चलाया था। गैंग से जुड़े युवकों की निगरानी बढ़ाई गई और संदिग्ध गतिविधियों पर अंकुश लगाने का प्रयास किया गया। हालांकि कुछ समय बाद फिर सोशल मीडिया पर गैंग से जुड़े वीडियो और पोस्ट सामने आने लगे। अब एक बार फिर बाबा गैंग पुलिस कार्रवाई के चलते चर्चा में है। हाल ही में पुलिस ने रंगदारी मांगने और धमकी देने के मामले में बाबा गैंग से जुड़े छह आरोपियों को अवैध असलहा सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक आलोक सिद्धू ने कहा कि सोशल मीडिया पर गैंग संस्कृति को बढ़ावा देने वालों पर निगरानी रखी जा रही है। हथियारों का प्रदर्शन, धमकी भरे वीडियो और आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

कॉल करने के बहाने स्वास्थ्य कर्मी का मोबाइल ले गया चोर

बबराला, अमृत विचार: गुन्नौर कस्बे के नेहरू चौक पर एक शातिर युवक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई में तैनात स्वास्थ्य कर्मी को झांसा देकर उनका मोबाइल फोन ले लिया और फरार हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुनावई में तैनात स्वास्थ्य कर्मी अनिल कुमार गुरूवार शाम को ड्यूटी समाप्त होने के बाद अपने घर चंदौसी लौट रहे थे। इसी दौरान नेहरू चौक पर एक युवक उनके पास पहुंचा और बोला कि उसका मोबाइल स्विच ऑफ हो गया है तथा उसे अपने भाई से जरूरी बात करनी है। युवक की बातों पर भरोसा कर अनिल कुमार ने अपना मोबाइल उसे दे दिया। बताया जाता है कि मोबाइल हाथ में आते ही युवक बात करने का बहाना बनाकर बस की ओट में चला गया और मौके से फरार हो गया। स्वास्थ्य कर्मी को शक हुआ तो उन्होंने युवक की आसपास काफी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला।

'बाबा गैंग' के छह आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, संभल
बहजोई

अमृत विचार : पुलिस ने रंगदारी मांगने वाले बाबा गिरोह के छह सदस्यों को घेराबंदी करके गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक व्यक्ति से एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से कार और तमंचे बरामद किए हैं। पूछताछ के बाद सभी को जेल भेज दिया। आरोपी सोशल मीडिया पर गिरोह का नेटवर्क बनाकर दहशत फैलाते हैं। पकड़े गए आरोपियों को लेकर शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी मनोज कुमार ने प्रेसवार्ता की।

एएसपी ने बताया कि आरोपी अंकित उर्फ दीपेंद्र, अवेधश उनके साथी प्रिंस, कुलदीप जडेजा, अमन शर्मा और सुरेंद्र ने थाना जूनावाई के गांव दफ्तरा हिमांचल निवासी रामपाल से 3 मई को एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। रुपये न देने पर

पुलिस गिरफ्त में बाबा गैंग के सदस्य व जानकारी देते एएसपी मनोज कुमार रावत।

● **गुन्नौर क्षेत्र में सक्रिय था गिरोह, सोशल मीडिया के जरिए बनाते थे दबदबा**

● **आरोपियों के कब्जे से तमंचा और कार बरामद, अन्य की तलाश जारी**

आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। रामपाल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराए जाने के बाद पुलिस और एसओजी ने गुरुवार रात को शनिवार बाजार से सराय ब्राह्मण जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी कर दो मुख्य आरोपी अंकित उर्फ दीपेंद्र और अवधेश को गिरफ्तार कर लिया।

तलाशी के दौरान उनके पास से दो अवैध तमंचे और जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने गैंग से जुड़े चार अन्य आरोपियों प्रिंस, कुलदीप जडेजा, अमन शर्मा और सुरेंद्र को भी गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपिों ने बताया कि वे लोग बाबा गैंग नाम से सोशल मीडिया पर ग्रुप चलाते हैं और लोगों को डरा धमकाकर पैसे वसूलने का काम करते हैं। उनके गिरोह में 25 से 30 लोग सक्रिय सदस्य हैं। आरोपियों ने ही रामपाल से रंगदारी मांगी थी।

पुलिस ने बच्ची को परिजनों से मिलाया

संवाददाता, संभल/बबराला

● **पुलिस अधिकारियों ने टीम की प्रशंसा की**

अमृत विचार : गुन्नौर थाना क्षेत्र में यूपी-112 पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए रास्ता भटक गई एक मासूम बच्ची को सकुशल उसके परिजनों से मिलवा दिया। पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार शाम यूपी-112 पीआरवीको सूचना मिली कि एक गुमशुदा बच्ची महमूदपुर रोड किनारे खड़ी होकर रो रही है और अपने घर का रास्ता भूल गई है। सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे।पुलिसकर्मियों ने देखा कि करीब तीन से चार वर्ष की बच्ची सड़क किनारे रो रही थी। बच्ची अपने घर के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही थी। इसके बाद पीआरवी कर्मियों ने बच्ची को अपने संरक्षण में लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू की और परिजनों की तलाश की। काफी प्रयास के बाद पुलिस ने बच्ची के पिता शकील निवासी मोहल्ला शेखान, थाना गुन्नौर को महज चार मिनट में तलाश कर बच्ची को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया। बेटी को सुरक्षित पाकर परिजनों ने राहत की सांस ली और पुलिस टीम का आभार जताया। एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई, एएसपी दक्षिणी मनोज कुमार रावत व यूपी-112 प्रभारी निरीक्षक रजनीश कुमार ने कार्रवाई कर बच्ची को परिवार से मिलाने वाली टीम की प्रशंसा की है।

बैठक में संगठन की मजबूती पर हुआ मंथन

कार्यालय संवाददाता,संभल

अमृत विचार :अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की संभल तहसील इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार रात्रि युवा अध्यक्ष हर्षित शर्मा 'हनी' के कोटपूर्वी स्थित प्रतिष्ठान पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला चेयरमैन गौरी शंकर चौधरी ने की।

बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के निर्देशानुसार बड़े मंगल पर विशेष आयोजन करने तथा व्यापारियों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य बाजार में व्यापारियों को हो रही परेशानियों को लेकर विशेष विचार-विमर्श किया गया। साथ ही संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, व्यापारियों के हितों की रक्षा और आगामी कार्यक्रमों की

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में बोलते गौरी शंकर चौधरी।

● **बड़े मंगलवार को व्यापारियों की समस्याओं का होगा समाधान**

रूपरेखा तैयार करने पर भी मंथन हुआ। बैठक में पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए सभी सदस्यों ने संगठन को सशक्त बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस दौरान नव नियुक्त उपाध्यक्ष विकास वर्मा और अमित गुप्ता का नियुक्ति पत्र, माला और शील्ड देकर स्वागत किया गया। जिला चेयरमैन गौरी शंकर चौधरी और युवा अध्यक्ष हर्षित शर्मा 'हनी' ने विचार व्यक्त किए। बैठक में जिला उपाध्यक्ष अजय अग्रवाल, जसपाल सिंह, युवा महामंत्री प्रतीक गुप्ता, शिवम गर्ग, दीपक गुप्ता, हर्ष गुप्ता, रजत रेवड़ी, अमूल्य भारद्वाज, वैभव छाबड़ा, अक्षय गुप्ता, मयंक गुप्ता, पुष्कल गुप्ता, नीरज ठाकुर, प्रयास अग्रवाल और सौरभ गुप्ता समेत अनेक व्यापारी एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

महिला ने मकान स्वामी पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

चंदौसी, अमृत विचार : कोतवाली के एक मोहल्ला निवासिनी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह कॉलोनी में एक व्यक्ति मकान पर किराए पर रहती है। उसका पति बाहर रहकर काम करता है। 12 अप्रैल को मकान स्वामी शराब पीकर कमरे में आ गया और छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पति के आने पर सारी बात उसे बताई। इसके बाद महिला अपनी रिश्तेदारी में चली गई। जब वह अपनी रिश्तेदारी से वापस लौटीं, तो उनके घर के गेट पर तुषार ने अपना ताला लगा दिया था और अंदर जाने से रोका। महिला ने इस बारे में 22 अप्रैल को कोतवाली में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। महिला ने एसडीएम नीतू रानी से मामले की शिकायत की है।

वेदपाल का था मंडी परिसर में मिला शव

संवाददाता, बहजोई

● **दवा लेने के लिए गया था, परिजनों ने किसी पर नहीं जताया शक**

अमृत विचार: बहजोई मंडी परिसर स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास नाले में गुरुवार सुबह मिले शव की शिनाख्त खजरा खाकम निवासी वेदपाल के रूप में हुई है। वेदपाल घर से दवा लाने के लिए रजपुरा गया था लेकिन इसके बाद कैसे उसकी लाश बहजोई में मिली यह पुलिस जांच से साफ होगा।

मृतक वेदपाल के भाई हरिओम ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल अज्ञात शव की फोटो देखने के बाद उन्होंने शव की पहचान अपने सगे भाई वेदपाल के रूप में की। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को पहचान की जानकारी दी। परिजनों के अनुसार वेदपाल पांच मई को शाम दवा लेने के लिए पानीवाड़ा थाना रजपुरा गया था। शाम करीब साढ़े चार बजे उसने अपनी पत्नी बबली को फोन कर बताया था कि वह घर वापस लौट रहा है, लेकिन इसके बाद वह घर नहीं पहुंचा। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं लग सका था। गुरुवार सुबह मंडी परिसर स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर के पास अस्थायी नाले में एक शव पड़े होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। बाद में सोशल मीडिया के माध्यम से शव की पहचान हो सकी।

रोजगार मेले में 103 युवाओं का हुआ चयन

चंदौसी,अमृत विचार: जिला सेवायोजन कार्यालय के तत्वावधान में शुक्रवार को राजकीय आईटीआई बदायूं रोड परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे युवाओं ने भाग लिया, जिसमें 103 अभ्यर्थियों का रोजगार के लिए चयन किया गया। रोजगार मेला सुबह 10:30 बजे शुरू होकर दोपहर तीन बजे तक चला। इसमें क्यूएस कॉर्प लिमिटेड टाटा मोटर्स पंतनगर रुद्रपुर कंपनी ने प्रतिभाग किया। मेले में कुल 187 अभ्यर्थी शामिल हुए, जिनका साक्षात्कार लिया गया। प्रथम चरण के साक्षात्कार में 103 अभ्यर्थियों का ट्रेनी ऑपरेटर पद के लिए चयन किया गया। अधिकारियों ने बताया कि चयनित अभ्यर्थी रोजगार के साथ-साथ टाटा मोटर्स के माध्यम से अपनी उच्च शिक्षा भी जारी रख सकेंगे।

सपा व्यापार सभा की बैठक में महंगाई और भ्रष्टाचार का उठा मुद्दा

चंदौसी, अमृत विचार : असालतपुर जारई स्थित कार्यालय पर समाजवादी व्यापार सभा की मासिक बैठक आयोजित की गई। इसमें महंगाई और भ्रष्टाचार का मुद्दा उठा और सिद्धार्थनगर हादसे पर शोक जताया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष सुभाष पाल ने कहा कि सिद्धार्थनगर भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी यह टंकी जानलेवा साबित हुई । जिसमें एक किशोर की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार और बेलगाम महंगाई ने आम जनता का जीना दूभर कर दिया है। एलपीजी सिलेंडर की आसमान छूती कीमतों ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है।

कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान योगेंद्र सिंह

चंदौसी में सपा व्यापार सभा की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

यादव, होता सिंह, सुमित राघव, जमशेद, राकेश, सलीम, प्रेमपाल सिंह, धर्मेन्द्र यादव, सतीश चंद्र, श्री कृष्ण शर्मा, फूल सिंह, जगवीर, मनोज, प्रमोद राघव, विनोद यादव, दलवीर सिंह यादव, गजेंद्र पाल, भगवान दास, पुष्पेंद्र और नरपत मौजूद रहे।

एमजीएम कॉलेज में हुई कैरियर काउंसिलिंग कार्यशाला

संभल,अमृत विचार: महात्मा गांधी मेमोरियल पीजी कॉलेज की ओर से जेडयू इंटर कॉलेज और फैज़ गर्ल्स इंटर कॉलेज में करियर काउंसिलिंग एवं मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें करीब 200 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में डॉ. रियाज अनवर, डॉ. अजय कुमार और डॉ. प्रीति सिंह ने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, करियर विकल्प, व्यक्तित्व विकास और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी जानकारी दी। इस दौरान विद्यार्थियों को अभ्युदय कोचिंग योजना, इग्नू अध्ययन केंद्र और महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम के अंत में फैज गर्ल्स इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या जहांआरा तबस्सुम और जेडयू इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल शाहिद हुसैन ने महाविद्यालय टीम का आभार जताया। वहीं प्राचार्य योगेंद्र सिंह ने विचार रखे।

ट्यूबवेल की कोठरी में फंदे से लटका मिला वृद्धा का शव

संवाददाता,चंदौसी

● **घर से घास लेने के लिए निकली थी रूपवती**

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के गांव कैथल में शुक्रवार सुबह 60 वर्षीय महिला का शव उनके ही खेत पर बने ट्यूबवेल की कोठरी में फंदे से लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।

मृतका के परिजनों के अनुसार गांव कैथल निवासी रूपवती (60) शुक्रवार सुबह करीब आठ बजे घर से यह कहकर निकली थीं कि वह खेत से घास लेने जा रही हैं। इसके बाद उनका बड़ा बेटा संतोष भी सुबह करीब साढ़े नौ बजे खेत पर घास काटने पहुंचा। इसी दौरान उसने ट्यूबवेल की कोठरी का दरवाजा अंदर से बंद पाया। जब उसने झरोखे से झांककर देखा तो वह सन्न रह गया। अंदर उसकी मां रूपवती पंखे से प्लास्टिक की रस्सी के फंदे पर लटकी हुई थी। यह देखकर उसने शोर मचाना शुरु कर दिया। तुरंत अपने भाइयों मुकेश, लक्ष्मण, घमंडी सहित अन्य परिजनों को सूचना देकर मौके पर बुलाया। इसके बाद परिवार के ही एक बच्चे को झरोखे के सहारे कोठरी के अंदर उतारा गया, जिसने अंदर से दरवाजा खोला। परिजनों ने आरोप लगाया है कि महिला के पति का गांव की ही एक अन्य महिला से प्रेम संबंध था, जिसकी शादी दूसरे गांव में हो चुकी है। बताया गया कि गुरुवार को वह महिला मृतका के पति के घर दवा लेने भी आई थी। इसी बात को लेकर रात में पति-पत्नी के बीच कहासुनी और झगड़ा भी हुआ था।

दो युवतियों को ले जाने के मामलों में रिपोर्ट दर्ज

मनोटा,अमृत विचार: ऐंचौड़ा कंबोह थाना क्षेत्र में युवतियों को बहला-फुसलाकर ले जाने के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले मामले में थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 19 वर्षीय बेटी को गांव का ही एक युवक गुरुवार को बहला-फुसलाकर कहीं ले गया। पीड़ित पिता ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बेटी को बरामद करने की मांग की है। वहीं दूसरे मामले में एक गांव निवासिनी महिला ने बताया कि उसकी 20 वर्षीय बेटी को गांव का ही एक युवक गुरुवार रात करीब बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। महिला ने आरोप लगाया कि युवक का एक दोस्त, जो अमरोहा जनपद के डिडौली थाना क्षेत्र के गांव का रहने वाला है।

न्यूज ब्रीफ

स्टांप एवं पंजीयन विभाग के तीन कर्मचारी निलंबित

अमृत विचार, लखनऊ : स्टांप एवं पंजीयन विभाग में अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोपों में तीन कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबित कर्मचारियों में बरेली सदर प्रथम के उप निबंधक रवि प्रकाश वर्मा, कनिष्ठ सहायक तोषक राजन राजपूत और शिवम मिश्रा शामिल हैं। शिवम मिश्रा वर्तमान में उप निबंधक सदर द्वितीय, बरेली कार्यालय में तैनात हैं। महानिरीक्षक निबंधन नेहा शर्मा ने निलंबन आदेश जारी करते हुए तीनों के खिलाफ विभागीय जांच के निर्देश दिए हैं। जांच में पाया गया कि संबंधित कर्मचारियों ने विलेखों के प्रलेखन, परीक्षण और पंजीयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं बरतीं, जिससे विभागीय छवि प्रभावित हुई। शिकायत मिलने के बाद कराई गई जांच में आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। स्टांप एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

वृंदावन में अक्रूर घाट का होगा भव्य निर्माण 6.35 करोड़ मंजूर

अमृत विचार, लखनऊ : मथुरा-वृंदावन आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अब धार्मिक आस्था के साथ आधुनिक सुविधाओं का भी बेहतर अनुभव मिलेगा। प्रदेश सरकार ने वृंदावन में यमुना नदी के दाहिने तट पर स्थित पौराणिक अक्रूर घाट के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 6.35 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दे दी है। इसके लिए पहली किस्त के रूप में 3.17 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि अक्रूर घाट भगवान श्रीकृष्ण और बलराम से जुड़ी आस्था का प्रमुख केंद्र है। परियोजना के तहत घाट पर शीट पाइलिंग, स्नान प्लेटफॉर्म, लाल पत्थर की सीढ़ियां और पटरा निर्माण कराया जाएगा। साथ ही जल उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 220 मीटर लंबा चैनल खोदा जाएगा और घाट की मजबूती के लिए स्लोप पिचिंग का कार्य भी होगा।

मोबाइल एप से हाईटेक हुआ दुग्ध कारोबार

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में दुग्ध कारोबार अब डिजिटल प्लेटफॉर्म से संचालित हो रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने ग्रामीण महिलाओं को तकनीक से जोड़ते हुए डेयरी क्षेत्र में नया मॉडल लागू किया है। 'सामर्थ्य दुग्ध उत्पादक कंपनी' के माध्यम से 10 जिलों की सवा लाख से अधिक महिलाएं मोबाइल एप के जरिए दूध संग्रह, गुणवत्ता जांच, भुगतान और रिकॉर्ड की निगरानी कर रही हैं। इस पहल के तहत लखनऊ, अयोध्या, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, बाराबंकी, उन्नाव, प्रतापगढ़, कानपुर नगर और फतेहपुर की महिलाएं जुड़ी हैं। इन क्षेत्रों में प्रतिदिन चार लाख लीटर से अधिक दूध का कारोबार डिजिटल माध्यम से हो रहा है। 'सामर्थ्य साथी' एप के जरिए दुग्ध उत्पादकों को रियल टाइम में बिक्री, गुणवत्ता जांच और भुगतान की जानकारी मिलती है। भुगतान सीधे बैंक खातों में होने से पारदर्शिता बढ़ी है और बिचौलियों की भूमिका कम हुई है। सरकार का मानना है कि यह पहल महिला सशक्तीकरण के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती दे रही है।

स्किल यूपी से बदली तस्वीर, 14 लाख युवाओं को प्रशिक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में कौशल विकास अब रोजगार और आत्मनिर्भरता का मजबूत माध्यम बन रहा है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने पिछले नौ वर्षों में करीब 14 लाख युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया है, जिनमें से 7.50 लाख से अधिक को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा गया है। आईटी, स्वास्थ्य, ऑटोमोबाइल, निर्माण, हॉस्पिटैलिटी और कृषि आधारित क्षेत्रों में युवाओं को उद्योगों की जरूरत के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत अब तक 1.35 लाख विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी और व्यावहारिक कौशल सिखाए गए हैं। रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए प्रदेशभर में 188 वृहद रोजगार मेलों का आयोजन किया गया, जिनके जरिए करीब 4.40 लाख युवाओं को नौकरी मिली। सरकार का फोकस स्वरोजगार और उद्यमिता पर भी है, जिसके तहत युवाओं को प्रशिक्षण के साथ वित्तीय सहायता और बाजार से जोड़ने की सुविधा दी जा रही है। सरकार का मानना है कि कौशल विकास, उद्योग और रोजगार के समन्वय से उत्तर प्रदेश देश में "स्किल कैपिटल" के रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है।

नदियों को गहरा कर बाढ़ रोकेगी सरकार

बाढ़ नियंत्रण की नई रणनीति से होगी करोड़ों की बचत, किसानों की जमीन का अधिग्रहण भी घटेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में बाढ़ नियंत्रण की रणनीति अब बदल रही है। योगी सरकार पारंपरिक तटबंध और पत्थर आधारित सुरक्षा मॉडल से आगे बढ़ते हुए नदियों और बड़े नालों की जलधारण क्षमता बढ़ाने पर जोर दे रही है। सरकार का दावा है कि इस नई व्यवस्था से करोड़ों रुपये की बचत होगी और किसानों की कृषि भूमि के अधिग्रहण की जरूरत भी कम पड़ेगी।

अब तक बाढ़ नियंत्रण के लिए बड़े तटबंध, गैबियन दीवारें, पत्थर के स्पर और मिट्टी के बांध बनाए जाते थे। इन परियोजनाओं में भारी लागत आती थी और कई बार हर वर्ष मरम्मत पर भी करोड़ों रुपये खर्च होते थे। नई रणनीति के तहत सरकार संवेदनशील क्षेत्रों में नदियों से गाद निकालने, नदी मार्ग को चौड़ा और गहरा करने तथा पानी के बहाव को सुचारु बनाने पर काम कर रही है।

ऐसे बदला बाढ़ नियंत्रण का मॉडल

- *तटबंधों के बजाय नदियों की क्षमता बढ़ाने पर जोर
- *घाघरा, शारदा और सुहेली में 9-16 किमी तक गाद निकासी
- *लखीमपुर में 180 करोड़ की जगह 22 करोड़ में समाधान
- *बाराबंकी में 115 करोड़ की जगह 5 करोड़ खर्च
- *40.72 लाख हेक्टेयर भूमि को सुरक्षा
- *3 करोड़ से अधिक लोगों को फायदा
- *2026 से ड्रोन और सेंसर आधारित निगरानी शुरू होगी

सरकार के अनुसार इस मॉडल से अब तक लगभग 40.72 लाख हेक्टेयर भूमि को सुरक्षित किया गया है, जिससे तीन करोड़ से अधिक आबादी को लाभ मिला। लखीमपुर खीरी की बाढ़ सुरक्षा परियोजना इसका बड़ा उदाहरण मानी जा रही है। यहां नदी की क्षमता बढ़ाने के लिए गाद निकासी पर करीब 22 करोड़ रुपये खर्च हुए, जबकि पहले पारंपरिक मॉडल के तहत 180 करोड़ रुपये की परियोजना प्रस्तावित थी। इसी तरह बाराबंकी के एल्गिन ब्रिज और सरयू क्षेत्र में नए मॉडल पर सिर्फ पांच करोड़ रुपये खर्च हुए, जबकि पहले 115 करोड़ रुपये का अनुमान था।

बाढ़ नियंत्रण विभाग ने घाघरा, शारदा और सुहेली जैसी नदियों के कई हिस्सों में 9 से 16 किलोमीटर तक गाद निकासी का कार्य कराया है। इससे मानसून के दौरान नदियों की जल वहन क्षमता बढ़ी है और बाढ़ के खतरे को कम करने में मदद मिली है। सरकार का कहना है कि इस मॉडल से हर वर्ष तटबंध निर्माण और मरम्मत के लिए कृषि भूमि के अधिग्रहण की आवश्यकता भी घटेगी। इससे किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। पिछले आठ वर्षों में प्रदेश में 1,665 से अधिक बाढ़ नियंत्रण परियोजनाएं पूरी की गई हैं और 60 नदियों से गाद निकासी कराई गई है। अब वर्ष 2026 से सरकार बाढ़ नियंत्रण के लिए ड्रोन और सेंसर आधारित निगरानी प्रणाली भी लागू करने जा रही है।

मानसून से पहले पूरे करें बाढ़ बचाव कार्य

जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह

अमृत विचार, लखनऊ : जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मानसून से पहले बाढ़ बचाव से जुड़े सभी कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि ड्रेन सफाई समेत जरूरी कार्य 15 जून तक हर हाल में पूरे कराए जाएं और गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। मानक के विपरीत कार्य मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी। सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग मुख्यालय में हुई समीक्षा बैठक में मंत्री ने कहा कि जनहित की परियोजनाओं में लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने "वन ड्रॉप मोर क्रॉप" सिद्धांत पर आधारित नई सिंचाई योजनाओं के प्रस्ताव तैयार करने को कहा, ताकि कम पानी में अधिक सिंचाई संभव हो सके। बैठक में नहरों, रजबाहों, अल्पिकाओं और बैराज संचालन की समीक्षा की गई। फील्ड अधिकारियों को मौके पर निरीक्षण और लंबित परियोजनाओं को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए।

स्वच्छ सर्वेक्षण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : एके शर्मा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अफसरों को सख्त निर्देश स्वच्छता को जन आंदोलन बनाने पर जोर

अमृत विचार : नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पूरी प्रतिबद्धता और जवाबदेही के साथ कार्य करें, ताकि प्रदेश के शहर स्वच्छ और व्यवस्थित बन सकें। किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिकायत बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

लखनऊ में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री ने स्वच्छता अभियान को जन आंदोलन का रूप देने और अधिक से अधिक नागरिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने सिटीजन फीडबैक बढ़ाने, कूड़ा पृथक्करण और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों को प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। साथ ही आरआरआर (रिड्यूस, रियूज, रिसाइकिल) मॉडल को अपनाने पर भी बल दिया गया। आगामी मानसून को देखते हुए मंत्री ने नाला-नालियों की नियमित सफाई, सिल्ट निकासी और जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, सोर्स सेग्रीगेशन और वैज्ञानिक वेस्ट मैनेजमेंट व्यवस्था को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने प्रत्येक नगरीय निकाय में त्वरित कार्रवाई के लिए क्यूआरटी (क्विक रिस्पांस टीम) गठित करने को भी कहा। मंत्री ने कहा कि सभी नगर निकाय नियमित समीक्षा कर स्वच्छता, जल निकासी और कूड़ा प्रबंधन के मानकों पर बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करें।

प्रवक्ता भर्ती परीक्षा : पहली बार कक्ष में होगी ओएमआर स्कैनिंग

- 17 जिलों के 319 केंद्रों पर 4.64 लाख अभ्यर्थी देंगे परीक्षा
- लखनऊ मंडल में पायलट प्रोजेक्ट शुरू, नकल पर सख्त कार्रवाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की प्रवक्ता संवर्ग भर्ती परीक्षा शुक्रवार और शनिवार को प्रदेश के 17 जिले में 319 केंद्रों पर आयोजित होगी। 624 पदों के लिए होने वाली इस परीक्षा में 4.64 लाख से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। परीक्षा को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए आयोग ने एआई आधारित सीसीटीवी निगरानी, इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम और विशेष प्रेक्षक तैनाती सहित व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि 9 और 10 मई को दो पालियों में आयोजित परीक्षा के लिए 319 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी केंद्रों को एआई आधारित सीसीटीवी कैमरों से लैस किया गया है, जिन्हें जिला कंट्रोल रूम और आयोग के इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से जोड़ा गया है। आयोग ने सभी केंद्रों की तकनीकी कनेक्टिविटी का परीक्षण भी पूरा कर लिया है। परीक्षा के दौरान प्रत्येक जिले में विशेष प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं।

आयोग के अनुसार 9 मई को प्रथम पाली में भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, इतिहास और शिक्षाशास्त्र सहित छह विषयों तथा दूसरी पाली में अंग्रेजी, कृषि, वाणिज्य और समाजशास्त्र सहित चार विषयों की परीक्षा होगी। 10 मई को प्रथम पाली में नागरिक शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, संस्कृत और मनोविज्ञान सहित पांच विषयों तथा दूसरी पाली में रसायन विज्ञान, भूगोल, हिन्दी और कला सहित चार विषयों की परीक्षा कराई जाएगी।

डीएम-एसपी को सौंपी गई कमान

जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और निगरानी टीमें लगातार परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करेंगी। केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहेगी और पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि नकल माफिया या परीक्षा की शुचिता प्रभावित करने वालों के खिलाफ सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 के तहत सख्त कार्रवाई होगी।

पारदर्शिता बढ़ाने के लिए नया प्रयोग

आयोग ने इस बार पारदर्शिता बढ़ाने के लिए नया प्रयोग शुरू किया है। लखनऊ मंडल के 10 परीक्षा केंद्रों पर पायलट प्रोजेक्ट के तहत परीक्षा समाप्त होते ही अभ्यर्थियों की उपस्थिति में परीक्षा कक्ष में ही ओएमआर उत्तर पत्रकों की स्कैनिंग की जाएगी। स्कैन डाटा तुरंत सुरक्षित किया जाएगा, ताकि भविष्य में मूल ओएमआर से मिलान संभव हो सके।

मोबाइल समेत इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस प्रतिबंधित

आयोग ने मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूरी तरह प्रतिबंधित किए हैं। एआई तकनीक से ऐसे संदिग्ध अभ्यर्थियों की भी पहचान की गई है, जिन्होंने अलग-अलग फोटो या नाम से आवेदन किए हैं। इन परीक्षार्थियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। आयोग ने अभ्यर्थियों से केवल आधिकारिक वेबसाइट और एक्स हैंडल पर जारी सूचनाओं पर भरोसा करने की अपील की है।

पौड़ी गढ़वाल (उत्तराखंड) में श्री हरि विष्णु पंचदेव मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दौरान हवन करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में स्वामी चिदानंद सरस्वती, बाबा रामदेव व अन्य।

सौर और स्वच्छ ऊर्जा में तेजी से उभर रहा यूपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- यूपी एनर्जी एक्सपो-2026 में विशेषज्ञों ने रखे विचार
- बैटरी स्टोरेज और रूफटॉप सोलर के भविष्य पर मंथन

अमृत विचार : इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित यूपी एनर्जी एक्सपो-2026 के दूसरे दिन स्वच्छ ऊर्जा, सौर परियोजनाओं, बैटरी स्टोरेज और रूफटॉप सोलर के भविष्य पर मंथन हुआ। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, यूपीनेडा और अन्य संस्थाओं के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने उत्तर प्रदेश को सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से उभरता राज्य बताया।

पैनल चर्चा में बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड के सीईओ ओंकार यादव ने पीएम सूर्य घर योजना समेत विभिन्न सौर योजनाओं की प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एनएचपीसी और अन्य ऊर्जा निकायों के साथ मिलकर बड़े स्तर पर सोलर पार्क विकसित किए जा रहे हैं। यूपीपीसीएल के निदेशक (कॉर्पोरेट प्लानिंग) दीपक रायजादा ने बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए अतिरिक्त सौर ऊर्जा के भंडारण के लिए बैटरी और बड़े स्टोरेज सिस्टम विकसित करने पर जोर दिया। सिगएनर्जी इंडिया के सीईओ अभिलाष बोराना ने एआई आधारित ऊर्जा प्रबंधन, बैटरी स्टोरेज और ईवी चार्जिंग के एकीकृत मॉडल पर जानकारी दी। वहीं यूपीईआरसी के संयुक्त निदेशक अभिषेक मोजा ने ऊर्जा क्षेत्र में समन्वय की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

तकनीकी सत्रों के बाद फर्स्टव्यू ग्रुप के सीईओ वरुण गुलाटी और पीएचडीसीसीआई के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक अतुल श्रीवास्तव की उपस्थिति में "उत्तर प्रदेश ऊर्जा पुरस्कार" और "पीएम सूर्यघर वेंडर उत्कृष्टता पुरस्कार" वितरित किए गए। विशेषज्ञों ने किसानों को सौर परियोजनाओं में भागीदार बनाने पर भी जोर दिया। यूपीनेडा के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि पीएम सूर्य घर योजना के तहत प्रदेश में प्रतिदिन करीब 2300 रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन हो रहे हैं। वेंडरों की संख्या 6 हजार से अधिक हो चुकी है और इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं।

वृद्धा पेंशन देने में जौनपुर आजमगढ़ व बलिया आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 29.23 लाख से अधिक महिलाओं को पेंशन का लाभ दे रही प्रदेश सरकार

अमृत विचार : प्रदेश में वृद्धावस्था पेंशन योजना बुजुर्ग महिलाओं के लिए बड़ा सहारा बन रही है। योगी आदित्यनाथ सरकार वर्तमान में 29.23 लाख से अधिक महिलाओं को पेंशन का लाभ दे रही है। इसमें जौनपुर, आजमगढ़ और बलिया जिले अग्रणी हैं।

आर्थिक रूप से कमजोर और निराश्रित महिलाओं को हर महीने 1,000 रुपये की सहायता सीधे बैंक खातों में भेजी जा रही है। डीबीटी व्यवस्था से पारदर्शिता बढ़ी है और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हुई है। हर तिमाही 3,000 रुपये सीधे खातों में पहुंच रहे हैं, जिससे बुजुर्ग महिलाओं को दवा, राशन और अन्य जरूरतों में राहत मिल रही है।

जिलावार आंकड़ों में जौनपुर पहले स्थान पर है, जहां 1,00,820 महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। आजमगढ़ में 86,166 और बलिया में 79,160 महिलाएं योजना से जुड़ी हैं। सरकार का कहना है कि योजना से बुजुर्ग महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार आया है और उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने में मदद मिल रही है।

महिला सुरक्षा में यूपी अग्रणी: केशव

अमृत विचार, लखनऊ : उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को विपक्ष पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार में सुरक्षा और सुशासन सर्वोच्च प्राथमिकता है। साथ ही दावा किया कि एनसीआरबी के ताजा आंकड़ों के अनुसार महिला सुरक्षा के मामले में उत्तर प्रदेश देश में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग पहले कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते थे, उन्हें अब वास्तविक आंकड़े देखने चाहिए।

पश्चिम बंगाल की राजनीतिक स्थिति पर टिप्पणी करते हुए उप मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लोकतंत्र और संविधान का सम्मान करने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि जनता के फैसले को शालीनता से स्वीकार करना चाहिए और बंगाल में हिंसा व दंगों की राजनीति बंद होनी चाहिए। सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि लगातार चुनावी हार से वह बौखला गए हैं और अब बंगाल जाकर माहौल खराब करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकास और सुरक्षा का जो मॉडल स्थापित हुआ है, वह पूरे देश के लिए उदाहरण बन रहा है।

उप मुख्यमंत्री ने भरा स्वगणना फार्म

अमृत विचार, लखनऊ : उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को जनगणना-2027 के प्रथम चरण में डिजिटल माध्यम से स्वगणना फार्म भरकर प्रदेशवासियों से सक्रिय भागीदारी की अपील की। कालिदास मार्ग स्थित अपने कैंप कार्यालय में स्वगणना अपलोड करते हुए उन्होंने कहा कि 21 मई तक आमजन के लिए डिजिटल स्वगणना का विकल्प उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि सही और सटीक जनगणना से जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और समग्र विकास को मजबूती मिलेगी।

पांच संग्रहालय जनता को समर्पित : जयवीर सिंह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पुरातात्विक महत्व की दुर्लभ वस्तुएं होंगी संरक्षित

अमृत विचार : प्रदेश सरकार ने राजधानी लखनऊ में संरक्षित किए जा रहे पांच संग्रहालयों का कार्य पूर्ण कर जनता को समर्पित कर दिया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इन संग्रहालयों में प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहर और पुरातात्विक महत्व की दुर्लभ वस्तुओं को संरक्षित किया गया है।

पर्यटन मंत्री ने बताया कि राज्य संग्रहालय लखनऊ में विदेशी मूर्तिकला गैलरी की मूर्तियों के स्थानांतरण का कार्य अप्रैल 2026 में पूरा हो चुका है। वहीं संग्रहालय सभागार के सौंदर्यीकरण का कार्य भी पूर्ण कर उसका उद्घाटन 27 अगस्त 2025 को किया जा चुका है। बताया कि राज्य संग्रहालय परिसर में प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय का निर्माण 2483.05 लाख रुपये की लागत से कराया गया, जिसे 4 मार्च 2024 को आम जनता को समर्पित किया गया। वहीं अवधी गैलरी (नवाबी कला) के नवीनीकरण और सुदृढ़ीकरण का कार्य भी पूरा हो चुका है। ओल्ड कोठी में कार्य अंतिम चरण में है।

उपलब्धि | एनसीआरबी रिपोर्ट में प्रदेश सरकार का कानून-व्यवस्था पर दावा मजबूत

योगी राज में दंगों पर ब्रेक और अपहरण शून्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा शासन में रोज होते थे 19 दंगे और 33 अपहरण
- अब यूपी में अपराध दर राष्ट्रीय औसत से नीचे

अमृत विचार: कभी दंगों, अपहरण और फिरौती की घटनाओं के लिए बदनाम रहे उत्तर प्रदेश की तस्वीर अब बदलती दिख रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 और 2024 में प्रदेश में फिरौती के लिए अपहरण की अपराध दर शून्य दर्ज की गई है। वहीं दंगा के मामलों में भी यूपी की अपराध दर राष्ट्रीय औसत से काफी कम रही है। सरकार इसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की 'जीरो टॉलरेंस' नीति और अपराधियों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई का परिणाम बता रही है।

प्रदेश सरकार के मुताबिक, वर्ष 2012 से 2017 के बीच तत्कालीन सपा सरकार के दौरान प्रदेश में 25 हजार से अधिक दंगे हुए थे। उस समय औसतन हर दिन 19 दंगे और 33 अपहरण की घटनाएं दर्ज होती थीं। वहीं योगी सरकार का दावा है कि पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में कोई बड़ा दंगा नहीं हुआ। हालांकि छिटपुट तनाव और हिंसा की कोशिशें हुईं, लेकिन पुलिस ने समय रहते कार्रवाई कर हालात बिगड़ने नहीं दिए। एनसीआरबी 2024 रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश में बलवा की अपराध दर 1.1 रही, जबकि राष्ट्रीय औसत 2.2 दर्ज किया गया। तुलना करें तो मणिपुर में यह दर 8.4, महाराष्ट्र में 6.4, कर्नाटक में 5.4 और हरियाणा में 5.3 रही। सरकार का कहना है कि यूपी में जिन मामलों में दंगा भड़काने की कोशिश हुई, उनमें तत्काल एफआईआर दर्ज कर दंगा विरोधी धाराओं में कार्रवाई की गई।

फिरौती के लिए अपहरण के मामलों में भी यूपी ने उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की है। एनसीआरबी रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024 में प्रदेश की अपराध दर शून्य रही, जबकि नगालैंड में 0.7, मणिपुर में 0.6, अरुणाचल प्रदेश में 0.3 और मेघालय में 0.2 दर्ज की गई। वर्ष 2023 में भी यूपी में यह अपराध दर शून्य थी।

सरकार का दावा है कि माफिया और संगठित अपराध के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट, संपत्ति जब्ती और आर्थिक कार्रवाई जैसे कदमों का सीधा असर अपराध नियंत्रण पर पड़ा है।

जनगणना से तय होंगी नीतियां : राजभर

पंचायती राज मंत्री ने ऑनलाइन भरा जनगणना फॉर्म, लोगों से की अपील

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

जनगणना-2027 प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन फार्म भरते मंत्री ओमप्रकाश राजभर।

अमृत विचार : प्रदेश में शुरू हुई जनगणना-2027 प्रक्रिया के तहत पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने शुक्रवार को ऑनलाइन माध्यम से जनगणना के प्रथम चरण का फार्म भरा। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों से जनगणना अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने और सही व प्रामाणिक जानकारी उपलब्ध कराने की अपील की।

सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्य सरकार में पंचायती राज मंत्री ने कहा कि जनगणना केवल जनसंख्या और मकानों की गणना नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। कई जातियों और समुदायों की सही जानकारी सामने नहीं आ पाती, जिससे वे सरकारी योजनाओं से वंचित रह जाते हैं।

उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़े शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं की बेहतर रूपरेखा तैयार करने में मदद करते हैं। सही जानकारी मिलने से समाज के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायता मिलेगी।

अमृत विचार

शनिवार, 9 मई 2026

अगर आप बिना प्यार के और आधे-अधूरे मन से काम कर रहे हैं, तो बेहतर है कि आप उस काम को छोड़ दें।
-खलील जिब्रान, दार्शनिक

तीस्ता पर तल्खी

तीस्ता नदी जल बंटवारा विवाद अब महज जल-साझेदारी का विषय ही नहीं रहा, बांग्लादेश द्वारा चीन की मदद से तीस्ता नदी परियोजना को आगे बढ़ाने की कोशिश ने इस विवाद को सीधे दक्षिण एशियाई भू-राजनीति और भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा से जोड़ दिया है। यह मुद्दा भारत और बांग्लादेश के रिश्तों की तल्खी को और बढ़ा सकता है। अब सवाल इतना भर नहीं है कि किसे कितना पानी मिलेगा, बल्कि यह भी है कि इस पूरे क्षेत्र में रणनीतिक प्रभाव किसका बढ़ेगा। तीस्ता नदी का सबसे संवेदनशील पहलू है कि इसका प्रवाह भारत के अत्यंत महत्वपूर्ण सिलीगुड़ी कॉरिडोर, यानी 'चिकन नेक', के निकट है। यह लगभग 22 किलोमीटर चौड़ा भूभाग पूर्वोत्तर भारत को शेष देश से जोड़ता है। यदि किसी बाहरी शक्ति को इस क्षेत्र की भू-संरचना, जल-प्रवाह, पुलों, सड़कों और संचार तंत्र की विस्तृत जानकारी मिलती है, तो उसका सामरिक महत्व अत्यधिक बढ़ जाता है। यही कारण है कि चीन की बढ़ती दिलचस्पी को भारत केवल आर्थिक परियोजना के रूप में नहीं देख सकता।

चीन के अनेक इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट केवल आर्थिक निवेश तक सीमित नहीं रहते। पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह से लेकर श्रीलंका के हंबनटोटा तक, चीन ने आर्थिक सहयोग के माध्यम से सामरिक उपस्थिति भी बनाई है, इसलिए यह आशंका निराधार नहीं है कि तीस्ता परियोजना के बहाने चीन 'हाइड्रोलॉजिकल डेटा', क्षेत्रीय सर्वेक्षण और संवेदनशील भौगोलिक सूचनाओं तक पहुंच बनाना चाहता हो। बांग्लादेश का व्यवहार भी केवल जल संकट से प्रेरित नहीं दिखता। ढाका यह भलीभांति समझता है कि भारत अपने पूर्वोत्तर के प्रवेशद्वार के निकट चीन की सक्रियता को सहजता से स्वीकार नहीं करेगा। चीन के साथ निकटता दिखाना, भारत पर दबाव बनाना उसकी कूटनीतिक रणनीति लगती है। छोटे और मध्यम देश अक्सर बड़ी शक्तियों के बीच संतुलन बनाकर अपने हित साधते हैं और बांग्लादेश वही कर रहा है।

2011 में लगभग तैयार समझौता इसलिए रुक गया था, क्योंकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने समझौते को यह कह कर रुकवा दिया था कि उत्तर बंगाल के किसानों के लिए ही पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं है, हम बांग्लादेश को इतना अधिक पानी कैसे दे सकते हैं? अब यदि बंगाल की राजनीतिक परिस्थिति बदली भी हो, तब भी यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि केंद्र और पश्चिम बंगाल की नई सरकार वहां के किसानों के हितों की अनदेखी कर बांग्लादेश को 50 प्रतिशत पानी देने को तैयार हो जाएंगी। उत्तर बंगाल की कृषि अर्थव्यवस्था, चाय बागान, सिंचाई और ग्रामीण आजीविका इस नदी से गहराई से जुड़ी हैं, इसलिए कोई भी सरकार केवल भू-राजनीतिक दबाव में एकतरफा रियायत देने का जोखिम नहीं उठाएगी।

भारत के सामने एक कठिन रणनीतिक दुविधा है। यदि वह समझौते को लगातार टालता है, तो बांग्लादेश चीन की ओर अधिक झुक सकता है। यदि वह अत्यधिक रियायत देता है, तो घरेलू राजनीतिक और कृषि असंतोष बढ़ सकता है, इसलिए समाधान टकराव नहीं, बल्कि वैज्ञानिक और संस्थागत दृष्टिकोण में है। हमें समझना होगा कि केवल सुरक्षा चिंताओं से समस्या हल नहीं होगी, बांग्लादेश के साथ भरोसे और विकास साझेदारी को मजबूत करना भी उतना ही आवश्यक है।

प्रसंगवश

नई गाइडलाइन: बदलेगी सरकारी स्कूलों की तस्वीर

6 मई को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 'स्कूल मैनेजमेंट कमेटी (एसएमसी) गाइडलाइंस 2026' जारी की। इन नई गाइडलाइंस में पहली बार स्कूल प्रबंधन में अभिभावकों की भूमिका को केंद्र में रखा गया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि अब स्कूल प्रबंधन समितियों में 75 प्रतिशत सदस्य बच्चों के माता-पिता या अभिभावक होंगे, जबकि आधे सदस्य महिलाओं को बनाया जाएगा। हर स्कूल में मासिक बैठक, सामाजिक ऑडिट, तीन साल का विकास प्लान और शिक्षा की गुणवत्ता की निगरानी जैसी व्यवस्थाएं अनिवार्य की गई हैं।

शिक्षा मंत्रालय का यह कदम अचानक नहीं आया। इसके पीछे वर्षों से सरकारी स्कूलों की गिरती हालत, कमजोर निगरानी, घटती शिक्षा गुणवत्ता और सरकारी स्कूलों से लोगों का टूटता भरोसा सबसे बड़ा कारण है। भारत में सरकारी स्कूल केवल पढ़ाई की जगह नहीं हैं, बल्कि करोड़ों गरीब और ग्रामीण परिवारों के बच्चों के भविष्य की उम्मीद हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में सरकारी स्कूलों की स्थिति लगातार चिंता का विषय बनी हुई है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि अब गरीब परिवार भी मजदूरी कर, कर्ज लेकर या अपनी जरूरतें कम करके बच्चों को निजी स्कूलों में भेजने लगे हैं।

कविता कुमारी
एक्टिविस्ट

सरकार को महसूस हुआ कि केवल ऊपर से योजनाएं बनाकर शिक्षा व्यवस्था नहीं सुधर सकती। जब तक गांव और मोहल्ले के लोग, खासकर अभिभावक, सीधे स्कूल की निगरानी और फैसलों में शामिल नहीं होंगे, तब तक सरकारी स्कूलों की वास्तविक स्थिति नहीं बदल पाएगी। देश में शिक्षा का ढांचा बहुत बड़ा है। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफार्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस के अनुसार भारत में लगभग 14.7 लाख स्कूल संचालित हैं। इनमें करीब 10.2 लाख सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूल हैं, जबकि लगभग 4.5 लाख निजी स्कूल हैं। देश में लगभग आठ लाख प्राथमिक विद्यालय, करीब तीन लाख माध्यमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय और लगभग डेढ़ लाख उच्च माध्यमिक विद्यालय संचालित हो रहे हैं।

सबसे बड़ी समस्या शिक्षकों की कमी और जवाबदेही का अभाव है। देश के कई राज्यों में लाखों शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। एक शिक्षक कई कक्षाओं को संभालने को मजबूर होता है। कई बार शिक्षक गैर-शैक्षणिक कार्यों जैसे चुनाव ड्यूटी, सर्वे और सरकारी योजनाओं में लगा दिए जाते हैं। इससे पढ़ाई का स्तर लगातार गिरता है। कई जगह अभिभावकों को यह तक नहीं पता होता कि स्कूल में पढ़ाई सही ढंग से हो रही है या नहीं। यही वजह है कि शिक्षा मंत्रालय ने अब स्कूल प्रबंधन समितियों को मजबूत करने का फैसला किया है, ताकि अभिभावक सीधे स्कूल के कामकाज पर नजर रख सकें।

सरकारी स्कूलों की गिरती स्थिति का सबसे बड़ा असर यह हुआ है कि गांवों में भी निजी स्कूल तेजी से बढ़ने लगे हैं। पहले निजी स्कूल केवल शहरों तक सीमित थे, लेकिन अब छोटे कस्बों और गांवों में भी अंग्रेजी माध्यम और पब्लिक स्कूलों की भरमार दिखाई देती है। गरीब परिवारों को लगता है कि सरकारी स्कूलों में बच्चों का भविष्य सुरक्षित नहीं है। उन्हें विश्वास है कि निजी स्कूलों में अनुशासन, नियमित पढ़ाई और अंग्रेजी शिक्षा बेहतर मिलती है। यही कारण है कि दिहाड़ी मजदूर और किसान भी फीस भरने के लिए अतिरिक्त मेहनत करते हैं।

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

विकास, आत्मनिर्भरता और तकनीक का नया भारत

राजेश श्रीनेत
वरिष्ठ पत्रकार

मई 2026 में देश का सामाजिक आर्थिक परिदृश्य ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां विकास, तकनीक और आत्मनिर्भरता भारत की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रहे हैं। दुनिया की आर्थिक चुनौतियों और वैश्विक तनावों के बीच भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती से आगे बढ़ाया है। हाल के आंकड़े बताते हैं कि भारत के निर्यात में 4.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि रक्षा उत्पादन में 174 प्रतिशत की बड़ी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह केवल आर्थिक उपलब्धि नहीं, बल्कि बदलते भारत की तस्वीर है। दूसरी ओर खाद्य वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के कारण मुद्रास्फीति लगभग चार प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिससे आम लोगों की चिंता भी बढ़ी है। इन सबके बीच डिजिटल जनगणना की शुरुआत, नीति आयोग का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर @2047 रोडमैप और खेती में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई का बढ़ता उपयोग यह दिखाता है कि भारत अब तकनीक के सहारे नए भविष्य की ओर बढ़ रहा है।

भारत की निर्यात वृद्धि यह साबित करती है कि दुनिया भारतीय उत्पादों और सेवाओं पर भरोसा कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में सरकार ने मेक इन इंडिया और उत्पादन आधारित योजनाओं के माध्यम से देश में उद्योगों को मजबूत करने की कोशिश की है। इसका असर अब दिखाई देने लगा है। इलेक्ट्रॉनिक्स, दवाइयों, ऑटोमोबाइल पार्ट्स और तकनीकी सेवाओं के निर्यात में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। दुनिया की कई बड़ी कंपनियां अब भारत को एक मजबूत विनिर्माण केंद्र के रूप में देख रही हैं। इसका कारण यह भी है कि कई देश चीन पर अपनी निर्भरता कम करना चाहते हैं और भारत को एक भरोसेमंद विकल्प मान रहे हैं। इससे भारत को रोजगार और निवेश दोनों के क्षेत्र में लाभ मिल रहा है।

दुनिया की आर्थिक चुनौतियों और वैश्विक तनावों के बीच भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूती से आगे बढ़ाया है। हाल के आंकड़े बताते हैं कि भारत के निर्यात में 4.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

रक्षा उत्पादन में 174 प्रतिशत की वृद्धि भारत के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। लंबे समय तक भारत हथियारों और रक्षा उपकरणों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहा है, लेकिन अब स्थिति बदल रही है। देश में मिसाइल, ड्रोन, आधुनिक हथियार और रक्षा तकनीक का निर्माण तेजी से बढ़ा है। इससे न केवल देश की सुरक्षा मजबूत हो रही है, बल्कि रोजगार और तकनीकी विकास को भी बढ़ावा मिल रहा है। निजी कंपनियों और स्टार्टअप्स की भागीदारी ने इस क्षेत्र में नई ऊर्जा पैदा की है। आत्मनिर्भर भारत का सपना अब रक्षा क्षेत्र में सच होता दिखाई दे रहा है, हालांकि यह भी जरूरी है कि गुणवत्ता और अनुसंधान पर लगातार ध्यान दिया जाए, ताकि भारत वैश्विक स्तर पर भी प्रतिस्पर्धा कर सके।

इन उपलब्धियों के बीच बढ़ती महंगाई सरकार और आम जनता दोनों के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी का सीधा असर आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है। सब्जियों, दालों और अन्य जरूरी वस्तुओं की कीमतें बढ़ने से मध्यम वर्ग और गरीब परिवारों का खर्च बढ़ा है। जलवायु परिवर्तन भी इसके पीछे एक बड़ा कारण है। अनियमित बारिश और मौसम की खराब परिस्थितियों के कारण खेती प्रभावित हो रही है, जिसका असर बाजार में दिखाई देता है। यही वजह है कि आर्थिक विकास के आंकड़े तभी मायने रखते हैं, जब आम लोगों का जीवन भी आसान हो। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि विकास और महंगाई के बीच संतुलन बनाए रखा जाए।

अप्रैल 2026 से शुरू हुई डिजिटल जनगणना को भारत के प्रशासनिक इतिहास का एक बड़ा कदम माना जा रहा है। पहली बार इतने बड़े स्तर पर डिजिटल तकनीक का उपयोग करके जनगणना की जा रही है। इससे सरकार को जनसंख्या, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक योजनाओं से जुड़ी सही जानकारी जल्दी और आसानी से मिल सकेगी। इसका फायदा यह होगा कि सरकारी योजनाएं जरूरतमंद लोगों तक बेहतर तरीके से पहुंच सकेंगी। डिजिटल जनगणना से पारदर्शिता भी बढ़ने की उम्मीद है, हालांकि इसके साथ डेटा सुरक्षा और गोपनीयता जैसे सवाल भी जुड़े हुए हैं। लोगों का निजी डेटा सुरक्षित रखना सरकार की बड़ी जिम्मेदारी होगी।

नीति आयोग द्वारा तैयार डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर @2047 रोडमैप भारत के भविष्य की नई सोच को दिखाता है। इसका उद्देश्य यह है कि तकनीक का लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचे। आधार, यूपीआई और डिजिलॉकर जैसी डिजिटल सेवाओं ने पहले ही करोड़ों लोगों के जीवन को आसान बनाया है। अब सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और अन्य क्षेत्रों में डिजिटल सुविधाओं को और मजबूत करना चाहती है। इस योजना का लक्ष्य केवल तकनीकी विकास नहीं, बल्कि समावेशी विकास है, ताकि गांव और शहर के बीच की दूरी कम हो सके, लेकिन यह भी सच है कि आज भी देश के कई हिस्सों में इंटरनेट और डिजिटल सुविधाओं की कमी है, इसलिए डिजिटल विकास तभी सफल होगा, जब समाज के हर व्यक्ति तक इसकी पहुंच सुनिश्चित की जाएगी।

खेती के क्षेत्र में एआई का उपयोग भी भारत के लिए नई संभावनाएं लेकर आया है। किसान अब मौसम की जानकारी, मिट्टी की जांच और फसल प्रबंधन के लिए नई तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। इससे खेती की लागत कम हो सकती है और उत्पादन बढ़ सकता है। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में यह बदलाव बहुत महत्वपूर्ण है। अगर छोटे किसानों तक भी यह तकनीक पहुंचे, तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ताकत मिल सकती है, हालांकि अभी भी कई किसानों के पास डिजिटल संसाधनों और तकनीकी जानकारी की कमी है, इसलिए सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट, प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता को मजबूत करना होगा। आज का भारत तेजी से बदल रहा है। एक ओर देश आर्थिक और तकनीकी रूप से मजबूत बन रहा है, वहीं दूसरी ओर महंगाई और सामाजिक असमानता जैसी चुनौतियां भी सामने हैं।

ये धमाके भाजपा की चुनावी तैयारी का हिस्सा हैं। भाजपा चुनाव से पहले लोगों में डर और तनाव का माहौल बनाकर राजनीतिक फायदा लेने की कोशिश करती है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव खत्म होने के बाद भाजपा नेताओं ने खुद कहा था कि अब पंजाब की बारी है।

-भगवंत मान
मुख्यमंत्री पंजाब

मान ने बिना किसी सबूत के भाजपा पर बम विस्फोट में संलिप्त होने का आरोप लगाकर मुख्यमंत्री पद की गरिमा को पूरी तरह से कमजोर कर दिया है। इसी वजह से उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।

-तरुण चुघ
राष्ट्रीय महासचिव, भाजपा

यूपी-उत्तराखंड के आगामी चुनावों पर जीत का असर

अमित शर्मा
हल्द्वानी

पश्चिम बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत ने कई मिथक तोड़े हैं। बंगाल और असम में भाजपा की शानदार जीत का उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के चुनावों पर गहरा मनोवैज्ञानिक असर पड़ना तय माना जा रहा है। बंगाल की जीत भाजपा के लिए एक बड़ा संवेग है। पार्टी बंगाल में मिली जीत के इस बल को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के आगामी विधानसभा चुनावों में भी दोहराने की कोशिश जरूर करेगी।

उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में भाजपा की स्थिति पहले से ही काफी मजबूत है। दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुष्कर सिंह धामी की गिनती देश के टॉप फायरब्रांड नेताओं में होती है। इन दोनों नेताओं को अपनी आक्रामक हिंदुत्ववादी छवि, प्रशासनिक सख्ती और दमदार भाषणों के लिए जाना जाता है। योगी आदित्यनाथ को अक्सर 'बुलडोजर बाबा' के नाम से जाना जाता है, जो यूपी में कड़क कानून-व्यवस्था और विकास के लिए जाने जाते हैं। वहीं, युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बेहतर कानून-व्यवस्था और विकास कार्यों के साथ ही उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने और सख्त धर्मांतरण कानून जैसे फैसलों के लिए एक साहसी नेता के रूप में देखा जाता है। भाजपा में ये दोनों नेता जनता के बीच अपनी निडर, धाकड़ और धुरंधर छवि के लिए अत्यंत लोकप्रिय हैं।

बंगाल में टीएमसी पर जीत से इन दोनों राज्यों के संगठन के साथ ही नेताओं का आत्मविश्वास और हौसला और बढ़ेगा। किसी भी राज्य के चुनाव में सत्ता हो या विपक्ष, अहम सवाल मुद्दों का होता है। उत्तराखंड में तो विपक्षी दलों के पास वर्तमान में कोई ठोस मुद्दा दिखाई नहीं दे रहा है, जिसके बल पर भाजपा को विधानसभा चुनाव में चुनौती दी जा सके, जबकि भाजपा के लिए हैट्रिक लगाने का भरपूर मौका है।

बंगाल और असम में भाजपा की शानदार जीत का उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के चुनावों पर गहरा मनोवैज्ञानिक असर पड़ना तय है। बंगाल की जीत भाजपा के लिए बड़ा संवेग है।

बंगाल की ऐतिहासिक जीत उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के विपक्षी दलों के लिए आगामी विधानसभा चुनावों में कई चुनौतियां भी लेकर आएगी। बंगाल में जीत से भाजपा का चुनावी और मानसिक आत्मविश्वास और बढ़ा है, जिससे वह दोनों राज्यों में और भी मजबूत प्रदर्शन करने की स्थिति में होगी, हालांकि बंगाल में भाजपा की जीत से विपक्षी दलों को एकजुट होने का संदेश मिल सकता है, जिससे वे भाजपा के खिलाफ मजबूत गठबंधन बना सकते हैं, लेकिन जिस तरह से बंगाल की जीत में हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण हुआ है, उससे विपक्षी दलों को यहां भी हिंदू वोटों में सेंध लगाने में मुश्किल हो सकती है।

किसी राज्य के औद्योगिक विकास की रफ्तार वहां की सड़कों की हालत तय करती है। देश भर में जिस तरह से सड़कों का शानदार विकास हुआ है और एक-दूसरे जिले तेजी से एक्सप्रेस-वे से जुड़ रहे हैं, वह अपने आप में आम से लेकर खास मतदाता को प्रभावित करता है। इसी तरह दिल्ली से उत्तराखंड के बीच एक्सप्रेस-वे (दिल्ली-दून एक्सप्रेस-वे) उत्तर प्रदेश के एक बड़े हिस्से को इस औद्योगिक रफ्तार में समाहित करता है। ऐसे में विपक्षी दलों पर दबाव बढ़ सकता है, जिससे उन्हें जाति-धर्म को छोड़कर अपने विकास के एजेंडे को मजबूत करना होगा।

भाजपा द्वारा बंगाल के रण को जीतने की कई खासियत रहीं। यह जीत कोई एक दिन का प्रयास नहीं है, बल्कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भाजपा ने इस चुनाव को मार्मिक और तार्किक दोनों तरह के पैटर्न पर लड़ा। भूख, भय और भ्रष्टाचार के साथ ही धार्मिक असुरक्षा और स्थानीय मुद्दों को भाजपा ने गहराई से समझा। संदेशखाली से लेकर आरजी कर ने बंगाल ही नहीं, बल्कि पूरे देश को सांस्कृतिक और धार्मिक अस्मिता के साथ जोड़कर महिला सुरक्षा से जुड़ा बड़ा मुद्दा थमा दिया था।

प्रधानमंत्री मोदी की 10 रुपये की 'झालमुरी' से लेकर 'मछली' जैसे स्थानीय मुद्दों को भाजपा ने टीएमसी से छीन लिया। भाजपा ने इस वीर भूमि में प्रखर राष्ट्रवाद के मुद्दे का भरपूर प्रयोग किया। मुस्लिम वोटों का ध्रुवीकरण भी इस प्रचंड जीत के पीछे बड़ा कारण रहा। भाजपा ने मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण को अपने पक्ष में करने के लिए हिंदू राष्ट्रवाद की भावना को भुनाया। इस रणनीति ने उन्हें हिंदू वोटों को एकजुट करने में मदद की।

जिस राज्य में कभी मुस्लिम वोट बैंक किसी भी दल की जीत का आधार माना जाता रहा था और विकास के बजाय एक खास वर्ग विशेष के वोट किसी दल की जीत-हार का फैसला करते थे, उस बंगाल में बदलाव की ऐसी बयार बही कि मुस्लिम ध्रुवीकरण के जवाब में हिंदू पोलराइजेशन ने स्थिति पूरी तरह से पलट दी। पहली बार सुरक्षा का

ऐसा वातावरण बना कि इस बार हिंदू वोट बैंक एकजुट होकर भयमुक्त होकर मतदान करने निकला। रिकॉर्ड मतदान हुआ तो भाजपा की जीत ने भी देश की राजनीति में न टूटने वाला रिकॉर्ड बना दिया। सभी कारणों को एकसार करें, तो प्रतिष्ठा का प्रश्न बन चुके इस चुनाव को जीतने के सामूहिक प्रयास हुए।

सोशल फोरम

स्टालिन और उनका बेटा

'सामने बेटे की मौत खड़ी थी और हाथ में उसे बचाने का मौका, पर इस बाप ने जो फैसला लिया, उसे सुनकर दुनिया के पैरों तले जमीन खिसक गई! क्या कोई इतना पत्थर दिल हो सकता है?'

द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान रूस के प्रधानमंत्री स्टालिन का बड़ा बेटा, याकोव (Yakov), जर्मन सेना द्वारा पकड़ लिया गया था। हिटलर को लगा कि यह स्टालिन को झुकाने का सबसे सही मौका है। जर्मनी ने एक प्रस्ताव भेजा- 'अपने बेटे याकोव को वापस ले लो और बदले में हमारे पकड़े गए फील्ड मार्शल फ्रेडरिक पॉलस (Friedrich Paulus) को रिहा कर दो।'

नॉलेज अड्डा
ब्लॉगर

दुनिया को लगा कि एक पिता अपने बेटे को बचाने के लिए कुछ भी करेगा। एक बाप के लिए भी यह मौका थास अपने बेटे की जान बचाने का, लेकिन स्टालिन ने जो कहा वह आज भी इतिहास में दर्ज है। उन्होंने जवाब दिया, 'मैं एक फील्ड मार्शल का सौदा एक साधारण सिपाही से नहीं कर सकता।' स्टालिन की नज़र में याकोव सिर्फ उनका बेटा नहीं, बल्कि रेड आर्मी का एक लेफ्टिनेंट था। उनके लिए लाखों रूसी सैनिकों की जान उनके अपने बेटे से बढ़कर थी।

स्टालिन ने अपने सगे बेटे को बचाने के लिए देश के उसूलों से समझौता नहीं किया। उनके बेटे याकोव की जेल में ही मौत हो गई। याकोव की मौत की खबर स्टालिन तक पहुंची, तो वह 'आयरन मैन' अंदर से टूट गया था। वे घंटों तक अपने कमरे में अकेले बैठे रहे, किसी से कोई बात नहीं की। वह एक ऐसे पिता का मौन था, जिसने देश के लिए अपने कलेजे के टुकड़े को कुर्बान कर दिया था।

अक्सर बड़े नेताओं की मौत के बाद अकूत संपत्ति के किस्से सामने आते हैं, लेकिन स्टालिन का मामला बिल्कुल अलग था। 1953 में जब उनकी मृत्यु हुई और उनके निजी सामान की लिस्ट बनाई गई, तो सोवियत संघ जैसा विशाल साम्राज्य चलाने वाले व्यक्ति के पास से सिर्फ यह मिला: कुछ पुरानी वर्दियां, घिसे हुए जूते, उनका पसंदीदा पाइप और ढेरों किताबें। उनके पास न कोई निजी बंगला था, न विदेशी बैंक खाते और न ही सोना-चांदी। इतने ताकतवर पद पर होने के बावजूद उनकी निजी संपत्ति एक साधारण क्लर्क से भी कम थी। स्टालिन के शासन को लेकर दुनिया के अलग-अलग मत हो सकते हैं, लेकिन उनके इस त्याग और सादगी को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने साबित किया कि विचारधारा और देश के नियम सबके लिए एक समान होने चाहिए। चाहे वह खुद उनका अपना बेटा ही क्यों न हो।

-फेसबुक वॉल से

सामयिकी

नई सरकारों के सामने होगी आर्थिक संतुलन की चुनौती

पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की निर्णायक जीत और तमिलनाडु में विजय की पार्टी टीवीके के सबसे बड़े दल के रूप में उभरने के बाद देश की राजनीति एक नए मोड़ पर खड़ी दिखाई देती है। चुनावी रैलियों में किए गए वादे जल्द ही कागज से निकलकर हकीकत में उतरने की मांग करने लगेंगे। जनता ने जिस भरोसे के साथ इन दलों को सत्ता सौंपी है, वही भरोसा अब उनके लिए सबसे बड़ी परीक्षा बन गया है। जीत का उत्साह धीरे-धीरे जिम्मेदारियों के बोझ में बदल रहा है और यही वह समय है, जब राजनीतिक घोषणाओं की वास्तविक कीमत सामने आती है।

पश्चिम बंगाल में भाजपा ने 'सोनार बांग्ला' का सपना दिखाया था। यह सपना केवल एक नारा नहीं, बल्कि व्यापक सामाजिक और आर्थिक बदलाव का वादा था। महिलाओं को हर महीने आर्थिक सहायता देने, बेरोजगार युवाओं को भत्ता देने, किसानों के लिए फंड तैयार करने और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने जैसे कई बड़े ऐलान किए गए थे। यदि इन सभी योजनाओं को एक साथ लागू किया जाता है, तो राज्य के खजाने पर भारी दबाव पड़ना तय है। अनुमान बताते हैं कि केवल महिलाओं को दी जाने वाली मासिक सहायता ही सालाना हजारों करोड़ रुपये का खर्च पैदा कर सकती है। इसी तरह बेरोजगारी भत्ता और अन्य योजनाएं राज्य की वित्तीय स्थिति को और चुनौतीपूर्ण बना सकती हैं।

कांतिलाल मांडोत
वरिष्ठ पत्रकार

दूसरी ओर तमिलनाडु में विजय की पार्टी टीवीके के सामने भी कुछ कम चुनौती नहीं होगी। एक अभिनेता से नेता बने विजय ने जनता के बीच लोकप्रियता के आधार पर बड़ी जीत हासिल की है, लेकिन अब उन्हें प्रशासनिक और आर्थिक जटिलताओं से जूझना होगा। तमिलनाडु पहले से ही उच्च राजकोषीय घाटे वाले राज्यों में गिना जाता है। ऐसे में नई योजनाओं के लिए अतिरिक्त हजारों करोड़ रुपये जुटाना एक कठिन कार्य होगा, हालांकि अभी वहां सरकार गठन को लेकर असमंजस की स्थिति है।

यहां सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या मुफ्त योजनाएं वास्तव में दीर्घकालिक समाधान हैं या केवल तात्कालिक राजनीतिक लाभ का साधन। विशेषज्ञों का मानना है कि ऐसी योजनाएं अल्पकाल में राहत जरूर देती हैं, लेकिन लंबे समय में यह आर्थिक बोझ बन सकती हैं। राज्यों के बजट का बड़ा हिस्सा यदि सब्सिडी और नकद सहायता में खर्च होने लगे, तो विकास परियोजनाओं के लिए संसाधन कम पड़ सकते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में निवेश प्रभावित हो सकता है, जो किसी भी राज्य की दीर्घकालिक प्रगति के लिए आवश्यक होते हैं।

यह भी सच है कि भारत जैसे देश में सामाजिक असमानताएं अभी भी बड़ी चुनौती हैं। गरीब और कमजोर वर्गों के लिए सरकारी सहायता जरूरी है, लेकिन इसका स्वरूप और दायरा संतुलित होना चाहिए। लक्षित योजनाएं, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ लागू की जाएं, तो वे समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकती हैं, लेकिन इन्हें केवल चुनावी हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाए, तो इसका असर सीमित और कभी-कभी नकारात्मक भी हो सकता है।

राजनीतिक दृष्टि से भी यह समय महत्वपूर्ण है। यदि ये सरकारें अपने वादों को प्रभावी ढंग से लागू करती हैं और आर्थिक संतुलन बनाए रखती हैं, तो यह उनके लिए दीर्घकालिक राजनीतिक लाभ का कारण बन सकता है, लेकिन यदि वे इसमें असफल रहती हैं, तो जनता का भरोसा जल्दी ही टूट सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

मुंबई चमक-दमक, सपनों और संघर्षों की नगरी है, यहीं पर अभिनय की दुनिया में जाकिर हुसैन खान हैं, जिनकी जड़ें पूर्वांचल के छोटे से जिले बस्ती से जुड़ी हैं। इनकी शुरुआती शिक्षा भी यहीं से हुई। बचपन बस्ती की सादगी, रामलीला और नुक्कड़ नाटकों के बीच बीता, जहां उन्होंने बंदर बनकर पहली बार मंच का स्वाद चखा, लेकिन जैसे-जैसे उम्र बढ़ी, मायानगरी मुंबई की चकाचौंध ने उन्हें अपनी ओर खींचा और भीड़ भरी सड़कों पर काम की तलाश, छोट-छोटे रोल पाने के लिए लगातार संघर्ष करते रहे। क्राउड एक्टिंग से सफर शुरू कर धीरे-धीरे टीवी और फिल्मों में अपनी जगह बनाई। जाकिर आज भी खुद को जमीन से जुड़ा कलाकार मानते हैं। मुंबई की इसी चकाचौंध और उसके पीछे छिपे कड़वे सच को उन्होंने बेबाकी से उजागर किया।



क्राउड से किरदार तक: एक अभिनेता की बेबाक कहानी

निशा सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

- क्या इंडस्ट्री में आने के लिए संघर्ष करना पड़ा?
- बिल्कुल, मैं सुबह काम की तलाश में घर से निकलता और शाम को निराश होकर घर लौट आता। धीरे-धीरे मुझे क्राउड एक्टिंग में काम मिलने लगा। हंसते हुए, कहीं आग लग गई तो चिल्लाने को कहा जाता, 'टीपू सुल्तान' में मुझे 'जय हनुमान' बोलने को कहा गया। फिर मुझे 1992 में आमिर खान के साथ फिल्म 'जो जीता वही सिकंदर' में काम मिला। उस समय मुझे एक दिन के 50 रुपये और 15 दिन के 750 रुपये मिले थे। आज साढ़े सात करोड़ रुपये मिल जाएं तो भी वो खुशी नहीं मिलेगी, जो उस साढ़े सात सौ रुपए में मिली थी।
- किन-किन कलाकारों के साथ आपने काम किया?
- मैंने हेमा मालिनी, अनिल कपूर, संजय दत्त, अमिताभ बच्चन के साथ पोलियो ऐड के लिए काम किया। इसके अलावा सलमान खान, इरफान खान, जूही चावला, सोनू सूद, कादर खान और परेश रावल जैसे कई कलाकारों के साथ काम किया। टेलीविजन में सीआईडी, पवित्र रिश्ता, चाचा चौधरी,सावधान इंडिया के कई एपिसोड में भी मैंने एक्टिंग की।
- आपको असली पहचान कब मिली?
- 1998 में जब सीआईडी सीरियल शुरू हुआ, जिसमें मुझे विलेन का रोल मिला। वहीं से पहचान मिलने शुरू हो गए। मैंने करीब 4000 टीवी एपिसोड और 72 से 75 फिल्मों में काम किया है।
- अभिनेता बनना मुश्किल हैं, पर नेता बनना आसान हैं, आपने ऐसा क्यों कहा?
- व्यंग्यात्मक अंदाज में, देखिए, अभिनेता बनने के लिए खूबसूरती, टैलेंट और व्यक्तित्व चाहिए, लेकिन आज के दौर में नेता बनने के लिए सिर्फ बोलने की कला काफी है। हंसते हुए, एक आईएएस की सैलरी दो या ढाई लाख रुपये महीना होती है, जबकि एक सुपरस्टार एक फिल्म के करोड़ों रुपये लेते हैं। इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि अभिनेता बनना कितना मुश्किल है।
- क्या इंडस्ट्री में नेपोटिज्म हैं? क्या पैसा और बैकग्राउंड भी जरूरी हैं?
- आज के समय में टैलेंट के साथ-साथ पैसा भी जरूरी हो गया है। अगर मैं किसी अरबपति बाप का बेटा होता, तो शायद सुपरस्टार बन गया होता। जहां तक नेपोटिज्म की बात है, तो नेपोटिज्म हर जगह है, राजनीति में भी हैं।
- कास्टिंग काउच पर आपकी क्या राय है?
- मुझे नहीं लगता कि इंडस्ट्री में कास्टिंग काउच जैसी कोई चीज भी है। कुछ लोग आगे बढ़ने के लिए खुद समझौता करते हैं।
- क्या आपको सुपरस्टार न बनने का अफसोस हैं?
- बिल्कुल नहीं, आज मैं ज्यादा सुकून में हूं। स्टार्स के पास सबकुछ होता है, लेकिन प्रेशर भी बहुत होता है। मेरा मानना है 'जो प्राप्त है, वहीं पर्याप्त' है।
- सुशांत सिंह राजपूत के बारे में आपकी क्या राय है? शायद वह आपके दोस्त थे?
- जी, सुशांत मुझसे उम्र में काफी छोटे थे पर, मेरी मित्रता थी। उन्होंने बहुत सफलता पाई, लेकिन मैंने उन्हें फ्रस्ट्रेशन में देखा। इसलिए कहते हैं कि शोहरत हमेशा खुशी नहीं देती।
- आपका एकता कपूर के साथ क्या विवाद था?
- 2014 में एकता कपूर की एक सीरियल के शूटिंग के दौरान कलाकारों के बीच विवाद हो गया और मैं बीच-बचाव करने चला गया, जिससे बात बढ़ गई और मामला एकता कपूर और महेश भट्ट तक पहुंच गया। बाद में समझौता हो गया, लेकिन मुझे सिरियल छोड़ना पड़ा।
- कोई यादगार पल?
- एक बार प्रयागराज कुंभ मेले 2019 में परफार्मेंस करने के लिए मेरे पास फोन आया, मुझे लगा कोई मजाक कर रहा है, क्योंकि मैं मुस्लिम हूं, लेकिन एक घंटे के अंदर मेरे एकाउंट में जब 50 हजार रुपये एडवांस आ गए तब मुझे विश्वास हुआ और 15 मिनट परफार्मेंस करने के लिए मुझे डेढ़ लाख रुपये मिले थे। आज तक मैं इस बात को भूला नहीं।
- आपके लिए सबसे गर्व का पल?
- जब 2019 में इंडियन सिनेमा का सबसे बड़ा अवार्ड 'दादा साहेब फाल्के फिल्म फाउंडेशन अवार्ड' मुझे मिला, वो मेरे लिए सबसे गर्व का पल था। इसके अलावा महाराष्ट्र सरकार ने एक कलाकार के रूप में मुझे सस्ते दाम पर फ्लैट भी उपलब्ध कराया।
- आपकी आने वाली फिल्म?
- जी, 'दुनिया तेरे नाम' एक लव स्टोरी पर आधारित फिल्म है, जिसमें मैं मुख्य विलेन की भूमिका निभा रहा हूं और इस साल के अंत तक फिल्म रिलीज करने की योजना है।
- स्टारडम बनने का ख्वाब देखने वाले युवक-युवतियों को आप क्या सलाह देना चाहेंगे?
- आज का दौर डिजिटल का है। अगर आपके भीतर हुनर है, तो बड़े मंच का इंतजार मत कीजिए, अपना खुद का मंच बनाइए। अगर आप साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं, आपका कोई मजबूत आधार नहीं है, तो स्टार बनने का सपना देखना बहुत कठिन डगर है। शोहरत एक नशा है, जो दिखने में आकर्षक है, लेकिन अक्सर इंसान को भटका भी देती है।

ज्येष्ठ माह और जलदान का महत्व

पूनम नेगी
लखनऊ

'जल ही जीवन है' ज्येष्ठ माह की गर्मी की प्रचंडता इस कहावत को सौ फीसदी सच साबित करती है। सूर्य किरणों की तपन की ज्येष्ठता (प्रचंडता) के कारण हिन्दू पंचांग में वर्ष के तीसरे महीने को ज्येष्ठ कहा जाता है। सर्वाधिक बड़े दिन वाला यह महीना गर्मी के हिसाब से सबसे ज्यादा कष्टकारी होता है। इस महीने में 'नौतपा' नक्षत्र भी लगता है। 'नौतपा' यानी सर्वाधिक तपने वाले नौ दिन। ज्योतिषीय गणना के अनुसार माना जाता है कि जेठ महीने में सूर्य जब रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करता है, तब गर्मी प्रचंड पड़ती है। इन दिनों में वायुमंडल का अधिकतम तापमान 45 से 48 डिग्री तक पहुंच जाता है। आधुनिक मौसम वैज्ञानिक इसे 'हीट वेव' या लू वाले दिन भी कहते हैं।

लोककवि घाघ व भड्डरी का सटीक मौसम विज्ञान

ज्ञात हो कि हमारे भारत की पुरातन कृषि संस्कृति के सदियों पुराने अनुभवों से निकले निष्कर्ष आज के मशीनी युग में भी कितने सही साबित हो रहे हैं, यह विचारणीय बिंदु है। भारतीय लोकजीवन के मौसम विज्ञानी माने जाने वाले महाकवि घाघ और भड्डरी द्वारा मध्ययुग में मौसम, वर्षा और कृषि को लेकर की गईं भविष्यवाणियां आज की इक्कीसवीं सदी में भी उतनी ही सटीक हैं, जो तब थीं, जब पर्यावरण संकट और ऋतु चक्र परिवर्तन जैसी कोई परिकल्पना भी नहीं थी। जानना दिलचस्प हो कि कहावतों और लोकोक्तियों में की गई इन भविष्यवाणियों में 'नौतपा' के बारे में लोककवि घाघ कहते हैं- जेठ मास जो तपे निरासा, तब जानों बरसा की आसा। तपै नवतपा नव दिन जोय, तौ पुन बरखा पूरन होय।। अर्थात यदि ज्येष्ठ माह में नौतपा खूब तपा तो उस साल बारिश जमकर होगी। वहीं यदि नौतपा के दौरान बारिश हो गई तो इसे 'नौतपा' का गलना कहा जाता है। ऐसा होने पर मानसून के दौरान अच्छी बारिश की संभावना नहीं होती। इसी तरह महाकवि घाघ के समकालीन लोककवि भड्डरी भी कहते हैं- सर्व तपे जो रोहिनी, सर्व तपे जो मूर। परिवा तपे जो जेठ की उपजे सातों तूर।। अर्थात जब जेठ के रोहिणी नक्षत्र की परेवा में गर्मी खूब गर्मी पड़ती है, तो उस वर्ष जमकर वर्षा होती है। वाकई हैरानी की बात है कि इन बातों का कोई वैज्ञानिक आधार न होते हुए भी यदि हम देश के मानसून के बारे में सोचें तो यह अनुमान सही प्रतीत होते हैं।

भंडारों की पावन परंपरा

ज्येष्ठ माह में सूर्य के प्रचंड ताप के कारण कुएं, नदी, तालाब व पोखर आदि जलस्रोतों के सूख जाने के कारण जल संकट की समस्या गहरा जाती है। हम मनुष्य तो किसी तरह अपने आप को इस भीषण गर्मी से सुरक्षित रख लेते हैं, लेकिन उन निरीह पशु-पक्षियों का क्या जिनके लिए यह आग उगलती गर्मी किसी जानलेवा मुसीबत से कम नहीं होती।

भूख और प्यास की वजह से पशु-पक्षियों के दम तोड़ने की सर्वाधिक घटनाएं इसी चिलचिलाती गर्मी के मौसम में होती हैं। इन मूक पशु-पक्षियों का यूं भूखा-प्यासा रहकर दम तोड़ना हमारे प्रकृति चक्र और पर्यावरण के लिए बेहद अशुभ है। आज वैज्ञानिक भी मानते हैं कि भोजन श्रृंखला के चलते एक जीव का जीवन दूसरे पर और वनस्पती व जीवों का जीवन परस्पर अस्तित्व पर टिका है।

अप्राकृतिक रूप से कोई एक जीव मरता है, तो उससे पूरी श्रृंखला प्रभावित होती है। ज्ञात हो कि हमारे वैदिक मनीषी मानवी चेतना के मर्मज्ञ होने के साथ प्रकृति संरक्षण के ज्ञान विज्ञान के भी गहन जानकार थे। इसीलिए उन्होंने सदियों पूर्व ही कुदरत के ऋतु चक्र परिवर्तन के अनुरूप समाज में ऐसी परंपराएं विकसित कर दी थीं ताकि धार्मिक क्रियाकलापों के अनुपालन के साथ जन सामान्य विषम और प्रतिकूल परिस्तिथियों में कुदरत के ताने-बाने को क्षरित होने से बच सके। 'ज्येष्ठ' माह में जल संरक्षण के साथ अन्न व जलदान हमारे की महान पूर्वजों द्वारा विकसित ऐसी ही एक श्रेष्ठ परंपरा है, जिसका अनुपालन आज भी हमारी ग्राम्य संस्कृति में देखा जा सकता है। यह हमारी वैदिक महान संस्कृति की अत्यंत प्राचीन परंपरा है। इस परंपरा के तहत वैशाख व जयेष्ठ मास में जब गांव में फसल का नवीन अन्न आता है, तो पूरे माह भर स्थान पर देव पूजा के साथ भंडारे आयोजित किए जाते हैं। इन भंडारों से अनेक लाभ होते हैं। पहला तो समष्टि के प्रति लोकमंगल की भावना विकसित होती है। दूसरे इन आयोजनों में अमीर-गरीब सभी के लिए बिना किसी भेदभाव के प्रसाद पाने की व्यवस्था होने से सामाजिक समरसता बढ़ती है तथा तीसरे इनसे बंदर, कुत्ते, कौए, चिड़िया व चीटीं आदि अनेक मनुष्येत्तर जीवों को भी इस तपती शुष्क ऋतु में सहजता से पेट भरने लायक आहार उपलब्ध हो जाता है।

गजलों से पहचान बनाते हमीद

चार दशक पहले हमीद खिजर को लगा शेर-ओ-शायरी का चस्का, आज जुनून की सूरत अख्तियार कर चुका है। पांच गजल संग्रहों के शायर हमीद खिजर ने अपने जुदा तेवरों वाली शायरी से अलग पहचान बनाई है। अब हमीद का नाम किसी परिचय का मोहताज नहीं है। वह अपनी शायराना सलाहियतों के दम पर धीरे-धीरे मंजिल की तरफ बढ़ रहे हैं। उन्हें राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान उत्तर प्रदेश की ओर मिर्जा गालिब अवार्ड और अकबर इलाहाबादी अवार्ड मिल चुके हैं।

-राशिद हुसैन जुगनू
शाहजहांपुर

शाहजहांपुर के मोहल्ला दिलाजाक में सितंबर 1974 में जन्मे हमीद खां हमीद खिजर को शायरी विरासत में नहीं मिली। गुनगुनाने के शौक ने धीरे-धीरे हमीद को गजल तक पहुंचा दिया। उन्होंने कम उम्र में ही बाकायदा गजल लिखना शुरू किया था। उनका मार्गदर्शन पड़ोस में रहने वाले कहानी लेखक व शायर अयूब 'असर' ने किया। उन्होंने हमीद की बेतरतीब शायरी को राह दिखाई। हमीद ने अपनी जादुई आवाज से जब शायरी गुनगुनाई तो सभी उनके मुरीद होते चले गए।

हमीद ने अपनी अधूरी गजलों में नौ बरस तक अयूब असर से सही कराईं। बाद में उन्हीं की सलाह पर उस्ताद शायर 'सागर' वारसी से जुड़ गए। नए मार्गदर्शक ने उन्हें शायरी की नोक-पलक दुरुस्त करना सिखाया। इससे हमीद 'खिजर' की गजलों में नयापन आया।

अपनी जादुई आवाज और खूबसूरत कलाम से हमीद शहर में होने वाली महफिलों में छा गए। उन्होंने अपना दिलो-दिमाग शायरी में इस कदर लगाया कि उनके पास गजलों के ढेर लग गए।

हमीद ने इन बिखरी गजलों को संकलन के रूप में छपवाने में काफी मेहनत की। उनका पहला उर्दू गजल संग्रह 'लम्स-ए-शबनम' 2002 में प्रकाशित हुआ। इस संग्रह को खूब सराहना मिली। इसके बाद हमीद ने वर्ष 2002 में हिन्दी गजल संग्रह 'धड़कन' के नाम से निकाला। 'धड़कन' के जरिए हमीद ने अपने और जमाने के सुख-दुख का एहसास कराया है। हमीद का तीसरा गजल संग्रह उर्दू में 'लरजते साये' वर्ष 2015 में, चौथा हिन्दी गजल संग्रह 'ठंडी हवा के झोंके' 2016 में और पांचवा गजल संग्रह 'कर्बे शबनम' वर्ष 2020 में प्रकाशित हुआ। उन्होंने एक संग्रह 'भोर की लालिमा' 2022 में प्रकाशित कराया, जिसमें बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर कई रचनाकारों के लेख शामिल हैं।

लोक निर्माण विभाग शाहजहांपुर में कार्यरत हमीद को शायरी की भूख है। वह चाहे कितने भी मायूस क्यों न हों, लेकिन मुश्किलों को भी झेलने का कलेजा रखकर हमीद, 'गजल' का खाका तैयार कर ही लेते हैं। हमीद ने गजल को कई रंग व ढंग देने में 'उस्तादाना' फन दिखाया है। हालांकि वह खुद इसे नहीं मानते। पाठकों के बीच उनकी शायरी पसंद की जाए, बस इसी को हमीद अपने लिए सबसे बड़ा इनाम मानते हैं। उनका कहना है कि शायरी ने उन्हें जीने की राह दिखाई है, इसे वह हमेशा लिखते रहेंगे।

हमीद को हिन्दी-उर्दू साहित्य सेवा के लिए उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान की ओर से दो बार पुरस्कार भी मिले। उन्हें मिर्जा गालिब अवार्ड और अकबर इलाहाबादी अवार्ड से नवाजा गया। पुरस्कार मिलने से हमीद के हौसलों को नई उड़ान और नया आकाश मिला।

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	77,328.19	24,176.15
गिरावट	516.33	150.50
प्रतिशत में	0.66	0.62

सोना 1,55,900 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,61,300 प्रति किलो

अमृत विचार
मुरादाबाद, शनिवार, 9 मई 2026
www.amritvichar.com

बिजनेस ब्रीफ

लीची के नुकसान का आकलन करेगा केंद्रीय कार्यबल

नई दिल्ली : केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को बताया कि बिहार में 'स्टिंक बग' (कीट) के हमले से लीची की फसलों को हुए नुकसान की जांच के लिए विशेषज्ञों का एक कार्यबल गठित किया गया है। किसानों की शिकायतों के बाद बनाया यह दल प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर नुकसान की सीमा का आकलन करेगा। कार्यबल किसानों को राहत देने के लिए तात्कालिक और दीर्घकालिक उपायों की सिफारिश भी करेगा।

केपीआईटी चेयरमैन रवि पंडित का निधन

पुणे : परिवहन प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी केपीआईटी टेक्नोलॉजीज के सह-संस्थापक और चेयरमैन रवि पंडित का शुक्रवार सुबह पुणे में निधन हो गया। वह 75 वर्ष के थे। कंपनी ने एक आधिकारिक बयान जारी कर उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। रवि पंडित एक स्वर्ण पदक विजेता चार्टर्ड अकाउंटेंट होने के साथ-साथ अमेरिका के प्रतिष्ठित एमआईटी स्लोन स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के पूर्व छात्र भी थे।

रतन टाटा ट्रस्ट की बोर्ड बैठक अब 16 मई को

नई दिल्ली : सर रतन टाटा ट्रस्ट के बोर्ड की शुक्रवार को होने वाली अहम बैठक टाल दी गई है। अब यह बैठक 16 मई को होगी। टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा ने बिना कोई कारण बताए इसे स्थगित करने का निर्णय लिया है। इस बैठक में टाटा संस के निदेशक मंडल (Board) में नामांकन पर पुनर्विचार किया जाना था। गौरतलब है कि बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक दिन पहले ही इस बैठक पर रोक लगाने की याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया था। टाटा समूह की मूल कंपनी टाटा संस में SRTT की 23.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

अकासा गिफ्ट सिटी में स्थापित करेगा लीजिंग इकाई

गांधीनगर/नई दिल्ली : अकासा एयर ने अपनी विस्तार योजनाओं को गति देने के लिए गुजरात की गिफ्ट सिटी (गांधीनगर) में एक समर्पित लीजिंग इकाई स्थापित करने का निर्णय लिया है। एयरलाइन ने शुक्रवार को बताया कि अकासा एयर लीजिंग आईएफएससी प्राइवेट लिमिटेड उसकी विमान वित्तपोषण और लीजिंग क्षमताओं को वैश्विक मानकों के अनुरूप मजबूत करेगी। यह नई इकाई अकासा एयर की दीर्घकालिक विकास रणनीति और बेड़ा विस्तार योजनाओं के लिए एक रणनीतिक मंच के रूप में कार्य करेगी। यह कार्यालय एयरलाइन को लागत दक्षता प्रदान करने के साथ-साथ वैश्विक पूंजी बाजारों तक सीधी पहुंच सुनिश्चित करेगा। संचालन शुरू होने के बाद, यह इकाई सीधे तौर पर एयरलाइन को विमान पट्टे पर लेने और वित्तीय समाधान उपलब्ध कराएगी।

भारत में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग पर दांव लगाएगा गूगल

एआई और ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग के अवसर तलाश रही अमेरिकी टेक दिग्गज कंपनी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत को वैश्विक एआई हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत, अमेरिकी टेक दिग्गज गूगल देश में एआई अवसंरचना, सर्वर और ड्रोन विनिर्माण के क्षेत्र में बड़े निवेश की तैयारी कर रही है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को कंपनी के शीर्ष अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक के बाद यह जानकारी साझा की।

यह घोषणा गूगल द्वारा अप्रैल में आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में 15 अरब अमेरिकी डॉलर (करीब 1.25 लाख करोड़ रुपये) की लागत से बनने वाले एआई केंद्र की आधारशिला रखने के तुरंत बाद आई है। मंत्री वैष्णव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर बैठक की जानकारी देते हुए बताया कि गूगल अब केवल सॉफ्टवेयर ही नहीं, बल्कि हार्डवेयर और इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में भी भारत के साथ गहरी साझेदारी करने

- विशाखापत्तनम में 15 अरब डॉलर के एआई केंद्र के बाद अब सर्वर निर्माण पर फोकस

की इच्छुक है। कंपनी का मुख्य फोकस देश में एआई इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास, स्थानीय स्तर पर सर्वर विनिर्माण और ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग पर है। इसके तहत गूगल एआई डेटा सेंटर्स की कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने, डेटा सुरक्षा के लिए सर्वर निर्माण और कृषि, लॉजिस्टिक्स व रक्षा क्षेत्रों के लिए उन्नत ड्रोन तकनीक के उत्पादन पर काम करने की योजना बना रही है।

विशेषज्ञों का मानना है कि गूगल का यह निवेश भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई पर ले जाएगा। बैठक में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को भारत की ओर मोड़ने और उच्च-तकनीकी रोजगार पैदा करने पर भी चर्चा हुई। सरकार के सेमीकंडक्टर और आईटी हार्डवेयर के लिए दिए जा रहे पीएलआई (PLI) स्कीम के प्रोत्साहनों ने गूगल जैसी कंपनियों को स्थानीय विनिर्माण के लिए आकर्षित किया है।

भारत में गूगल के निवेश का रोडमैप

- सरकार के 'मेक इन इंडिया' और 'एआई फॉर ऑल' मिशन को गति देने के लिए गूगल इन क्षेत्रों पर केंद्रित है
- AI इंफ्रास्ट्रक्चर : देश में गीगावाट-स्केल के AI डेटा सेंटर्स और कंप्यूटिंग क्षमता का विस्तार।
- सर्वर विनिर्माण : स्थानीय स्तर पर सर्वर निर्माण से डेटा संप्रभुता और साइबर सुरक्षा को मजबूती।
- ड्रोन टेक्नोलॉजी : कृषि, लॉजिस्टिक्स और रक्षा क्षेत्रों के लिए उन्नत ड्रोन विनिर्माण और नवाचार।
- विशाखापत्तनम हब : आंध्र प्रदेश में 15 अरब डॉलर की लागत से 'भारत AI हब' का निर्माण।

मिठास के साथ शुरुआत

पश्चिम बंगाल में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह से पहले बांकुड़ा के एक मिष्ठान भंडार में 'कमल' छाप और केसरिया संदेश तैयार करते कारीगर। राज्यभर में भाजपा की ऐतिहासिक जीत के बाद मिठाइयों की मांग कई गुना बढ़ गई है।

कनाडा के साथ समझौते पर सहमति

नई दिल्ली: भारत और कनाडा ने द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते को जल्द अंतिम रूप देने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते के लिए बातचीत का दूसरा दौर शुक्रवार को नई दिल्ली में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, 4 से 8 मई तक चली इस पांच दिवसीय वार्ता की मेजबानी भारत के वाणिज्य विभाग ने की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच 'बेहद रचनात्मक और सार्थक' चर्चा हुई। वार्ता का मुख्य उद्देश्य एक ऐसा संतुलित और महत्वाकांक्षी समझौता तैयार करना है, जो दोनों देशों के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी साबित हो सके। पांच दिवसीय बैठक में दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने और एक संतुलित व परस्पर लाभकारी समझौते पर पहुंचने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

वार्ता में वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार, बौद्धिक संपदा, उत्पादन के मूल स्थान के नियमों, स्वच्छता और पादप-स्वच्छता उपायों तथा व्यापार में आने वाली तकनीकी बाधाओं जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

पश्चिम एशिया संकट: तेल कंपनियों को हो रहा हर महीने 30,000 करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली, एजेंसी

- कच्चे तेल की कीमतें 120 डालर के पार; पेट्रोल पर 18 और डीजल पर 25 प्रति लीटर का घाटा झेल रही हैं कंपनिया
- अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उबाल, भारत में स्थिर रहे दाम; तेल कंपनियों के मार्जिन पर बढ़ा भारी दबाव

पश्चिम एशिया में गहराते तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी तेजी ने भारत की सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों की वित्तीय स्थिति को संकट में डाल दिया है। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें जो दो महीने पहले लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थीं, वे अब उछलकर 120 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गई हैं। इस जबरदस्त उछाल के बावजूद घरेलू बाजार में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम स्थिर रखे गए हैं, इससे इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल जैसी कंपनियों को प्रतिदिन 700 से 1,000 करोड़ रुपये का भारी घाटा उठाना पड़ रहा है। मासिक आधार पर यह नुकसान करीब 30,000 करोड़ तक पहुंच गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने स्थिति स्पष्ट करते हुए बताया कि बाजार में भारी उतार-चढ़ाव और आपूर्ति बाधित होने के कारण पेट्रोलियम कंपनियों की लागत और खुदरा बिक्री मूल्य के बीच का अंतर मार्च और अप्रैल के दौरान बहुत बढ़ गया है।

अनुमानों के मुताबिक, अप्रैल में कंपनियों को पेट्रोल की बिक्री पर करीब 18 रुपये प्रति लीटर और डीजल पर 25 रुपये प्रति लीटर तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है। हालांकि, उन्होंने यह बताने से फिलहाल इनकार कर दिया कि घरेलू कीमतें आगे भी स्थिर रहेंगी या नहीं, लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार का अब तक का पूरा प्रयास उपभोक्ताओं पर बोझ न डालने का रहा है। सरकार ने इन कंपनियों पर पड़ रहे वित्तीय बोझ को कुछ हद तक कम करने के लिए उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) में महत्वपूर्ण कटौती की है। पेट्रोल पर विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क को 13 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 3 रुपये कर दिया गया है, जबकि डीजल पर इसे 10 रुपये से घटाकर शून्य कर दिया गया है।

सूत्रों के अनुसार, यदि सरकार उत्पाद शुल्क में यह कटौती नहीं करती, तो तेल कंपनियों पर घाटे का यह बोझ 62,500 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता था। शुल्क में की गई इस कटौती की वजह से अब केंद्र सरकार को भी हर महीने करीब 14,000 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। बाजार विशेषज्ञों और रेटिंग एजेंसियों का मानना है कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और खुदरा दरों में बदलाव न होने से तेल कंपनियों के बहीखाते और मुनाफे पर गहरा असर पड़ा है। यदि कच्चे तेल की कीमतें लंबे समय तक इसी उच्च स्तर पर बनी रहती हैं, तो कंपनियों को अपनी कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए बाजार से अतिरिक्त कर्ज लेना पड़ सकता है। इससे न केवल उनके ऋण के स्तर में वृद्धि होगी, बल्कि उनकी भविष्य की पूंजीगत व्यय योजनाओं और विस्तार परियोजनाओं की भी समीक्षा करनी पड़ सकती है। फिलहाल, मंत्रालय आपूर्ति श्रृंखला की कड़ी निगरानी कर रहा है ताकि ऊर्जा संकट की स्थिति पैदा न हो।

महाराष्ट्र में प्याज किसानों पर आर्थिक संकट, 1,500 रुपये सब्सिडी की मांग

मुंबई/नासिकः महाराष्ट्र में प्याज की कीमतों में भारी गिरावट और खेती की बढ़ती लागत के कारण किसान बड़े आर्थिक संकट में फंस गए हैं। महाराष्ट्र राज्य प्याज उत्पादक संघ ने शुक्रवार को कहा कि किसान अपनी उत्पादन लागत भी नहीं निकाल पा रहे हैं, जिससे राज्य में 'आर्थिक तबाही' जैसे हालात हैं। संघ ने सरकार से तुरंत हस्तक्षेप करते हुए किसानों को 1,500 रुपये प्रति क्विंटल की सब्सिडी देने की मांग की है। संघ के अध्यक्ष भरत दिघोले ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में खाद, बीज, मजदूरी और परिवहन की लागत बढ़ी है, जबकि प्याज के दाम न्यूनतम स्तर पर पहुंच गए हैं। नासिक और सोलापुर जैसी प्रमुख मंडियों में किसानों को उनकी लागत से भी कम दाम मिल रहे हैं, जिससे उनकी स्थिति दयनीय हो गई है। सोलापुर मंडी में एक किसान को अपनी पूरी फसल बेचने के बाद सभी खर्च काटकर बहुत ही कम राशि प्राप्त हुई। कम कीमतें मिलने के विरोध में छत्रपति संभाजीनगर के वैजापुर में किसानों ने नीलामी रोककर धरना दिया। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि निर्यात नीतियों में सुधार नहीं किया गया और एमएसपी की घोषणा नहीं हुई, तो पूरे राज्य में बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

किसानों की प्रमुख मांगें

- किसानों ने कहा है कि प्याज उत्पादकों को 1,500 प्रति क्विंटल की तत्काल सब्सिडी मिले।
- प्याज के लिए गारंटीशुदा न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित हो।
- निर्यात पर लगी सभी पाबंदियां तुरंत हटाई जाएं।
- बाजार समितियों में कमीशन और बिचौलियों पर लगाम लगे।

एमएसपी पर फसलों की खरीद में तेजी लाएं एजेंसियां : शिवराज

नई दिल्ली, एजेंसी

- थोक मंडियों में चना, मसूर, उड़द और सरसों जैसी फसलों की कीमतें समर्थन मूल्य से नीचे आने के बाद हुई समीक्षा बैठक

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सरकारी सहकारी संस्थाओं नाफेड और एनसीसीएफ को रबी फसलों, विशेषकर दलहन और तिलहन की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद में तेजी लाने का सख्त निर्देश दिया है। यह निर्देश थोक मंडियों में चना, मसूर, उड़द और सरसों जैसी फसलों की कीमतें समर्थन मूल्य से नीचे आने के बाद एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान दिया गया।

जिला-स्तर पर बनेगी कार्ययोजना : बैठक में यह निर्देश दिया गया कि जिला-स्तर पर उत्पादन के अनुमानों, बाजार में आने वाली संभावित उपज और कम से कम 25 प्रतिशत की खरीद क्षमता के आधार पर ठोस कार्ययोजनाएं तैयार की जाएं। मंत्री ने निगरानी को बेहतर बनाने के लिए राज्य-स्तरीय पोर्टलों को केंद्र के सीएनए पोर्टल के साथ एकीकृत करने को कहा है ताकि पूरी प्रक्रिया को ट्रैक किया जा सके और बिचौलियों को रोका जा सके।

बैठक के दौरान बिहार में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण की कमी, गुजरात में भुगतान में देरी और महाराष्ट्र में डेटा मिलान जैसे राज्य-विशिष्ट मुद्दों पर भी चर्चा हुई। चौहान ने आश्वासन दिया कि जहाँ भी स्थानीय प्रशासनिक बाधाओं के कारण खरीद प्रभावित हो रही है, वहाँ केंद्र सरकार राज्य सरकारों के साथ सक्रिय समन्वय बनाकर हस्तक्षेप करेगी। उन्होंने दोहराया कि आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए किसानों को यह भरोसा दिलाना आवश्यक है कि बाजार की नरमी के समय भी उन्हें सरकारी खरीद का पूरा समर्थन मिलेगा।

72 घंटों के भीतर भुगतान की गारंटी

चौहान ने खरीद कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से कहा कि वे इस प्रक्रिया को केवल एक सरकारी औपचारिकता न मानकर 'अभियान स्तर' पर जिम्मेदारी के रूप में लें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि बाजार की कीमतें कम होने पर खरीद समय पर नहीं की जाती, तो यह किसानों के हित में नहीं होगा। पारदर्शिता और त्वरित भुगतान सुनिश्चित करने के लिए मंत्री ने एक सख्त मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) लागू करने का आदेश दिया है, जिससे खरीद के 72 घंटों के भीतर किसानों को उनकी उपज का भुगतान सीधे बैंक खातों में मिल सके।

एयर इंडिया ने कसी कमर: खर्चों में कटौती के निर्देश

- प्रबंधन ने कहा -चुनौतियों के बावजूद छंटनी नहीं होगी

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और वैश्विक चुनौतियों के बीच एयर इंडिया ने अपनी वित्तीय स्थिति को संतुलित करने के लिए 'खर्च कटौती' के कड़े कदम उठाए हैं। एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (कैंपबेल विल्सन ने शुक्रवार को कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गैर-जरूरी खर्चों पर तुरंत लगाम लगाई जाए और अनावश्यक खर्चों को फिलहाल टाल दिया जाए।

सीईओ विल्सन ने मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) संजय शर्मा और मुख्य एचआर अधिकारी रवींद्र कुमार के साथ कर्मचारियों को संबोधित किया। सूत्रों के अनुसार, विल्सन ने मौजूदा वैश्विक हालात को एयरलाइन के लिए 'मुश्किल' बताते हुए लागत घटाने की जरूरत पर जोर दिया। हालांकि, प्रबंधन ने साफ तौर पर कहा कि इन चुनौतियों के बावजूद कर्मचारियों की छंटनी नहीं की जाएगी।

कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए मुख्य मानव संसाधन अधिकारी रवींद्र कुमार ने स्पष्ट किया कि पिछले वित्त वर्ष के लिए 'परिवर्तनीय वेतन' (वेरिएबल पे) जारी रखा जाएगा।

किफायती घर की बदले परिभाषा : एसबीआई

मुंबई : एसबीआई के चेयरमैन सी.एस. शेट्टी ने कहा कि हाल के वर्षों में घरों की कीमतों में हुई तेज वृद्धि के कारण अब पुराने मानदंडों की समीक्षा करना आवश्यक हो गया है। एसबीआई का औसत होम लोन साइज पिछले दो वर्षों में 35-40 लाख रुपये से बढ़कर 51 लाख रुपये हो गया है। वर्तमान नियमों के अनुसार, 45 लाख रुपये तक की कीमत वाले घरों को किफायती आवास की श्रेणी में रखा जाता है।

विमान लीजिंग क्षेत्र में 50 अरब डॉलर के अवसर

गांधीनगर, एजेंसी

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने भारत के विमानन क्षेत्र को वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में बड़ा बयान दिया है। शुक्रवार को गिफ्ट सिटी में 'भारत विमान लीजिंग एवं वित्तपोषण शिखर सम्मेलन' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश में विमान लीजिंग पारितंत्र के लिए अगले एक दशक में 50 अरब डॉलर के अवसर मौजूद हैं। नायडू ने घरेलू लीजिंग तंत्र की आवश्यकता पर जोर देते हुए विमानन क्षेत्र के भविष्य का खाका पेश किया। साल 2027 तक वाणिज्यिक विमानों की संख्या 1,100 और 2035 तक 2,250 से अधिक होने की उम्मीद है। वर्तमान में भारतीय एयरलाइंस के 1,640 विमानों की डिलीवरी लंबित है। भारत न केवल सबसे तेजी से बढ़ता विमानन बाजार है, बल्कि विमान वित्तपोषण के वैश्विक क्षेत्राधिकार के रूप में भी उभर रहा है।

नागरिक उड्डयन मंत्रालय, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण और फिक्की द्वारा आयोजित इस सम्मेलन में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल मुख्य अतिथि रहे। मंत्री ने इस वृद्धि को समर्थन देने के लिए मजबूत घरेलू वित्तपोषण तंत्र विकसित करने पर बल दिया।

यस बैंक पर 31.8 लाख रुपये का जुर्माना

मुंबई। आरबीआई ने केवाईसी मानदंडों का पालन न करने पर यस बैंक पर 31.80 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। बैंक उन ग्राहकों का केवाईसी पहचानकर्ता इस्तेमाल करने में विफल रहा, जिनके रिकॉर्ड पहले से ही केंद्रीय केवाईसी रजिस्ट्री में मौजूद थे। इसके अतिरिक्त, आरबीआई ने एक अन्य मामले में हिन्दुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड पर भी 1.8 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

पर्यटन

2025 में हुई 32.8 अरब डॉलर की रिकॉर्ड आय, वैश्विक तनाव से मांग घटने की आशंका

एक साल में 1.69 करोड़ पर्यटक पहुंचे सिंगापुर

सिंगापुर, एजेंसी

सिंगापुर ने वर्ष 2025 में पर्यटन के क्षेत्र में अब तक का सबसे शानदार प्रदर्शन दर्ज किया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बीते वर्ष 1.69 करोड़ अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों ने सिंगापुर की यात्रा की, जिससे देश को रिकॉर्ड 32.8 अरब सिंगापुर डॉलर (लगभग 25.9 अरब अमेरिकी डॉलर) की आय हुई। यह 2024 की तुलना में बड़ी वृद्धि है, जब 1.65 करोड़ पर्यटकों से 29.8 अरब सिंगापुर डॉलर का राजस्व प्राप्त हुआ था। हवाई यातायात के मोर्चे पर भी देश ने मजबूती दिखाई और चांगी हवाई अड्डे पर लगभग सात करोड़ यात्रियों की आवाजाही दर्ज की गई।

टूरिज्म 2040' और भविष्य की योजनाएं

सिंगापुर की व्यापार संबंधों की प्रभारी मंत्री ग्रेस फू ने भविष्य की वृद्धि को गति देने के लिए 'टूरिज्म 2040' रणनीति के तहत 74 करोड़ सिंगापुर डॉलर की अतिरिक्त वित्तीय सहायता की घोषणा की है।

इस महत्वाकांक्षी योजना का लक्ष्य 2040 तक पर्यटन आय को 47 अरब से 50 अरब सिंगापुर डॉलर के बीच पहुँचाना है। इस कोष के माध्यम से व्यवसायों को मार्केटिंग और व्यावसायिक आयोजनों में भागीदारी बढ़ाने के लिए 50 लाख सिंगापुर डॉलर का अनुदान दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, एक 'मार्केट एक्सेस फंड' के लिए भी 50 लाख सिंगापुर डॉलर निर्धारित किए गए हैं, जो कंपनियों को नए बाजारों में विस्तार करने में मदद करेगा।

2026 के लिए चुनौतियां

सिंगापुर पर्यटन बोर्ड ने वर्ष 2026 के लिए भी सकारात्मक अनुमान पेश किए हैं। बोर्ड के अनुसार, 2026 में अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की संख्या 1.7 करोड़ से 1.8 करोड़ के बीच रहने की उम्मीद है, जिससे 31 अरब से 32.5 अरब सिंगापुर डॉलर की आय हो सकती है। हालांकि, इस उत्साहजनक प्रदर्शन के बीच सतर्कता भी बरती जा रही है। सिंगापुर पर्यटन बोर्ड की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मेलिसा आउ ने चेतावनी दी है कि वैश्विक अनिश्चितताओं और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण आने वाले महीनों में पर्यटन की मांग पर दबाव रह सकता है। उन्होंने कहा कि ऊर्जा संकट और उपभोक्ता खर्च पर पड़ने वाले प्रभावों के कारण आगे की राह चुनौतीपूर्ण बनी हुई है।

अमेजन डिलीवरी पार्टनर्स के लिए बनाएगा विश्राम केंद्र

नई दिल्ली। ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन इंडिया ने अपने डिलीवरी पार्टनर्स के कल्याण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 'आश्रय केंद्रों' की संख्या बढ़ाने का फैसला किया है।

कंपनी इस साल 150 नए केंद्र स्थापित करेगी, जिससे वर्ष 2026 के अंत तक इनकी कुल संख्या बढ़कर 250 हो जाएगी। शुक्रवार को जारी एक बयान में कंपनी ने बताया कि इस विस्तार योजना के तहत मई के अंत तक ही 50 नए केंद्र खोल दिए जाएंगे। अमेजन इंडिया के संचालन निदेशक सलीम आर मेमन ने कहा कि डिलीवरी नेटवर्क से जुड़े सहयोगियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

अंतरिक्ष क्षेत्र : वैश्विक मानक तय करने में भूमिका निभाएगा भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

- आईएसओ की बैठक में विशेषज्ञों का मंथन; इन-स्पेस और बीआईएस ने भारतीय मानकों को अंतर्राष्ट्रीय ढांचे के अनुरूप ढालने पर दिया जोर

भारत अब वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में न केवल अपनी भागीदारी बढ़ा रहा है, बल्कि इस क्षेत्र के अंतरराष्ट्रीय मानक तय करने में भी अग्रणी भूमिका निभाने का इच्छुक है। उपभोक्ता मामलों की सचिव निधि खरे ने शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि नीतिगत सुधारों और 'इन-स्पेस' जैसी निजी भागीदारी वाली पहलों के कारण भारत की वैश्विक भूमिका मजबूत हुई है। भारतीय मानकों को वैश्विक ढांचे से जोड़ने की तैयारीभारतीय मानक ब्यूरो द्वारा आयोजित इस बैठक में 13 देशों के 131 प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। बीआईएस के महानिदेशक संजय गर्ग ने बताया कि संगठन भारतीय मानकों को अंतरराष्ट्रीय ढांचे के अनुरूप ढालने की दिशा में तेजी से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से देश के विशेषज्ञों को वैश्विक मानकीकरण की प्रक्रिया में सीधे भागीदारी का अवसर मिल रहा है, जो भविष्य के मिशनों के लिए महत्वपूर्ण है। नवाचार और सुरक्षा के लिए मानक जरूरी'इन-स्पेस' के चेयरमैन पवन गोयनका ने जोर देते हुए कहा कि भारत को वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था से जोड़ने के लिए मजबूत मानक आधारशिला का काम करेंगे। आईएसओ की यह उपसमिति अंतरिक्ष प्रणालियों के डिजाइन, निर्माण, प्रक्षेपण और संचालन जैसे पूरे जीवनचक्र के लिए अंतरराष्ट्रीय मानक विकसित करती है। इसमें मिशन की सुरक्षा, तकनीकी अनुकूलता और दीर्घकालिक स्थिरता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि भारत के निजी और सरकारी अंतरिक्ष मिशन वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन सकें।

वर्ल्ड ब्रीफ

इंडोनेशिया: ज्वालामुखी में विस्फोट से तीन पर्वतारोहियों की मौत

जकार्ता। इंडोनेशिया के एक दूरस्थ द्वीप पर स्थित माउंट डुकोनो ज्वालामुखी में विस्फोट से तीन पर्वतारोहियों की मौत हो गई। उत्तर हलमाहेरा के पुलिस प्रमुख एर्लिचसन पासारिबू ने बताया कि सुरक्षा प्रतिबंधों की अवहेलना करते हुए, लगभग 20 पर्वतारोही बृहस्पतिवार को हलमाहेरा द्वीप पर स्थित लगभग 1,355 मीटर (4,445 फुट) ऊंचे ज्वालामुखी पर चढ़ाई करने के लिए रवाना हुए। इंडोनेशिया की भूवैज्ञानिक एजेंसी के अनुसार, स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 41 मिनट पर डुकोनो ज्वालामुखी में विस्फोट से लोग वहां फंस गए। पासारिबु ने कहा, पर्वतारोहियों को पता था कि चढ़ाई प्रतिबंधित है, लेकिन वे आगे बढ़ते रहें। दुर्घटना की सूचना के बाद बचाव दलों को तुरंत मौके पर भेजा गया।

पाकिस्तान: मोर्टार का गोला फटने से छह की मौत, 13 घायल

पेशावर। पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मोर्टार का गोला फटने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी के अनुसार, यह घटना हांगू जिले के दुर्रानी बांदा इलाके में उस समय हुई, जब सुरक्षा बल उन आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चला रहे थे जिन्होंने बृहस्पतिवार को रिहाइशी इलाके में मोर्टार के गोले दागे थे। अधिकारी ने बताया कि मृतकों में नाबालिग और युवक शामिल हैं। वहीं, घायलों में महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को इलाज के लिए हांगू के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि गंभीर घायल छह लोगों को कोहाट के अस्पतालों में रेफर किया है। इनमें से कई लोगों की हालत काफी नाजुक है।

रामाफोसा पर नकदी घोटाले में महाभियोग का रास्ता साफ

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका की सर्वोच्च अदालत ने संसद में हुए उस मतदान को रद्द कर दिया है, जिसमें अधिकतर सांसदों ने नकदी घोटाले में राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा की संलिप्तता के सबूत पेश करने वाली रिपोर्ट को खारिज करने के पक्ष में वोट दिया था। इस फैसले से रामाफोसा के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही का मार्ग प्रशस्त हो गया है। रामाफोसा 2022 में महाभियोग का सामना करने से बच गए थे, जब उनकी अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस पार्टी के सांसदों ने उस रिपोर्ट को खारिज करने के पक्ष में मतदान किया था, जिसमें उनके फाला फाला गेम फार्म में सोफे में छिपाकर रखे गए 5,80,000 अमेरिकी डॉलर की चोरी की गहन जांच की सिफारिश की गई थी।

केअर स्टार्मर ने ली स्थानीय चुनावों में हार की जिम्मेदारी



लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने शुक्रवार को कहा कि स्थानीय चुनावों में लेबर पार्टी को मिली करारी हार की जिम्मेदारी वह लेते हैं। इन चुनावों में आप्रवासन विरोधी रुख वाली 'रिफॉर्म यूके' पार्टी को बड़ी जीत मिली है।

स्टार्मर ने बृहस्पतिवार को पूरे ब्रिटेन में हुए स्थानीय परिषदों और स्कॉटलैंड एवं वेल्स की संसदों के चुनावों की मतगणना के दौरान पत्रकारों से कहा कि इस परिणाम से देश की अर्थव्यवस्था के सामने मौजूद चुनौतियों से निपटने के उनके संकल्प में कोई कमी नहीं आएगी। वेस्टमिंस्टर, साउथेम्प्टन, एक्सेटर, रेडिच, वैंड्सवर्थ, हार्टलपूल, टैमवर्थ और टेमसाइड की कई महत्वपूर्ण परिषदों में 'लेबर पार्टी' का बहुमत छिन जाने के बाद स्टार्मर पर पार्टी नेता और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने का दबाव बढ़ रहा है। स्टार्मर ने कहा, नतीजे खराब हैं, बहुत खराब हैं और इसे छिपाया नहीं जा सकता।

उन्होंने कहा, देशभर में लेबर पार्टी के प्रतिभाशाली प्रतिनिधियों को हार मिली है। ये वे लोग थे, जिन्होंने अपने समुदायों और हमारी पार्टी के लिए बहुत कुछ किया। इससे दुख होता है और होना भी चाहिए।

अमेरिकी जहाजों पर ईरानी हमले के बाद भी ट्रंप का दावा- युद्धविराम अभी बरकरार

हमले को मामूली घटना बताया, कहा- समझौते पर दस्तखत न किए होंगे गंभीर परिणाम

तेहरान/वाशिंगटन, एजेंसी

रणनीतिक रूप से ईरान का महत्वपूर्ण हॉर्मुज जलडमरूमध्य पर अमेरिकी नौसेना के विध्वंसक जहाजों और ईरानी सेना के बीच गुरुवार की देर रात सीधे हमले के बावजूद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि दोनों देशों के बीच महीने भर से चला आ रहा संघर्ष विराम अब भी कायम है। ट्रंप ने इस घटना को मामूली करार देते हुए ईरान की ओर से उकसावा बताया, साथ ही चेतावनी दी कि यदि जल्द ही किसी अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए गए तो नतीजे बेहद गंभीर होंगे।

यह टकराव गुरुवार देर रात उस समय शुरू हुआ जब तीन अमेरिकी विध्वंसक जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे थे। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने पुष्टि की कि ईरान की ओर से जहाजों पर मिसाइलों और ड्रोनों से हमला किया गया जिन्हें उसकी सेनाओं ने सफलतापूर्वक मार गिराया। इसके बाद शुक्रवार तड़के केश्म द्वीप और बंदर अब्बास के पास स्थित उन ठिकानों पर कड़ा जवाबी हमला किया, जहां से यह हमला किया गया था। ईरान के ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसकी सेना ने अमेरिकी नौसैनिक संसाधनों को सफलतापूर्वक निशाना बनाया, जिससे भारी नुकसान हुआ और अमेरिकी युद्धपोतों को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। आईआरजीसी के प्रवक्ता ने कहा कि यह अभियान एक ईरानी तेल टैंकर एम/टी हसना पर पहले हुए अमेरिकी हमले का सीधा जवाब था, जिसे ईरान संघर्ष विराम का स्पष्ट उल्लंघन मानता है।



अमेरिकी युद्धपोतों पर ईरान की सेना की ओर से दागी गईं मिसाइलें।

ईरान ने कहा- दुस्साहस किया तो फिर करारा जवाब देंगे

ईरानी अधिकारियों ने कहा कि उनकी कार्रवाई रक्षा के अधिकार का वैध उपयोग थी और चेतावनी दी कि क्षेत्र में किसी भी अन्य अमेरिकी दुस्साहस का और भी करारा जवाब दिया जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि किसी भी अमेरिकी संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचा है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई आत्मरक्षा में उठाया गया एक आवश्यक कदम था। अमेरिका का कहना है कि उसकी कार्रवाई बिना उकसावे के की गई थी। वहीं आईआरजीसी ने दावा किया कि ये हमले उसके तेल टैंकर पर पहले हुए अमेरिकी हमले के जवाब में किए गए थे।

अमेरिकी प्रस्ताव पर ईरान का कोई जवाब नहीं, ट्रंप बोले- खत्म हो रहा है धैर्य

ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार अमेरिका के प्रस्ताव पर ईरान अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा है और उसने अमेरिकी पक्ष को कोई जवाब नहीं दिया है। उधर, ट्रंप ने कहा है कि उनका धैर्य कम होता जा रहा है। तेहरान को चेतावनी दी जा रही है कि यदि उसने ऐसा समझौता मंजूर नहीं किया जिससे तेल और प्राकृतिक गैस की आपूर्ति फिर शुरू हो सके तो उस पर दोबारा बमबारी की जा सकती है। ट्रंप ने बृहस्पतिवार को अमेरिकी नौसेना पर हमले के बाद इन चेतावनियों को दोहराया। उन्होंने कहा, यदि समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हुए तो उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। ईरान के साथ समझौते पर पूछे गए सवाल पर कहा, यह किसी भी दिन हो सकता है। बाद में तुरंत यह भी जोड़ा, और यह नहीं भी हो सकता है।

क्यूबा में अभी सैन्य कार्रवाई पर विचार नहीं कर रहा अमेरिका

- ट्रंप की ओर से बार-बार धमकी के बावजूद अधिकारियों का दावा

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से क्यूबा को बार-बार दी गई धमकियों के बावजूद अमेरिका क्यूबा के खिलाफ किसी तात्कालिक सैन्य कार्रवाई पर विचार नहीं कर रहा है। अधिकारियों ने यह दावा किया। ट्रंप ने धमकी दी थी कि अगला नंबर क्यूबा का है। यह भी संकेत दिया था कि ईरान युद्ध के लिए पश्चिम एशिया में तैनात अमेरिकी युद्धपोत क्यूबा के रास्ते लौट सकते हैं।

क्यूबा के अधिकारियों के साथ प्रारंभिक बातचीत में शामिल अधिकारियों ने बताया कि उन्हें इस बात की ज्यादा उम्मीद नहीं है कि साम्यवादी सरकार मानवीय सहायता के रूप में करोड़ों डॉलर, सभी क्यूबाई नागरिकों के लिए दो वर्षों तक स्टारलिंक की मुफ्त इंटरनेट सेवा, कृषि सहायता और बुनियादी ढांचे के समर्थन के प्रस्ताव को स्वीकार करेगी।

हालांकि उनका कहना है कि क्यूबा ने अभी इस प्रस्ताव को पूरी तरह ठुकराया नहीं है, जबकि इसके साथ ऐसी शर्तें जुड़ी हैं जिनका सरकार लंबे समय से विरोध करती रही है, यहां तक कि ट्रंप प्रशासन द्वारा बृहस्पतिवार को हवाना पर नए प्रतिबंध लगाने के बाद भी प्रस्ताव ठुकराया नहीं गया। अधिकारियों ने नाम गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि सरकार के पास अभी प्रस्ताव को स्वीकार करने का समय है। उन्होंने हालांकि इस बात को लेकर आगाह किया कि ट्रंप किसी भी वक्त अपना फैसला बदल सकते हैं और सैन्य विकल्प अब भी खुले हुए हैं।

कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण मंत्री को कोई पछतावा भी नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सेना की अधिकारी कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह की आपत्तिजनक टिप्पणी को अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण करार दियास साथ ही शुक्रवार को यह कहते हुए राज्य सरकार को मंत्री शाह पर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने का निर्देश जारी किया कि अब बहुत हो गया।

मध्यप्रदेश के मंत्री विजय शाह ने यह टिप्पणी ऑपरेशन सिंदूर के ठीक बाद की थी। राज्य सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मंत्री ने दुर्भाग्यपूर्ण टिप्पणी की, लेकिन तुरंत माफी मांग ली। सीजेआई सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा, दुर्भाग्यपूर्ण नहीं, बल्कि अत्यधिक दुर्भाग्यपूर्ण है और उन्हें कोई पछतावा नहीं हो रहा है। पीठ ने मंत्री और राज्य सरकार की ओर से आगे की दलीलें सुनने से इन्कार कर दिया और मध्यप्रदेश सरकार को (मुकदमे की) मंजूरी देने के संबंध में उपयुक्त निर्णय लेने के लिए 19 जनवरी के अपने निर्देश का चार सप्ताह के भीतर पालन करने को कहा। पीठ ने राज्य सरकार से कहा, बहुत हो गया। आप हमारे पिछले निर्देश में पैराग्राफ पांच और छह में दिए गए आदेश का पालन करें। ऑपरेशन सिंदूर के फौरन बाद मंत्री ने कर्नल सोफिया कुरैशी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसका वीडियो वायरल होने के बाद देश भर में मंत्री की आलोचना हुई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- बहुत हो गया मंत्री पर मुकदमा चलाने को चार हफ्ते में मंजूरी दे राज्य सरकार

बचाव में दलीलें सुनने से किया इन्कार

मेहता ने कहा- प्रशंसा करना चाहते थे मंत्री, सीजेआई बोले- हमें पता है प्रशंसा करने में नेता कितने माहिर

सुनवाई के शुरू में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने स्पष्ट किया कि वह शाह का बचाव नहीं कर रहे हैं, लेकिन संभवत: मंत्री का इरादा अधिकारी की प्रशंसा करने का था, लेकिन उन्होंने कुछ और कह दिया और उसे ठीक से व्यक्त नहीं कर पाए। शीर्ष विधि अधिकारी ने कहा कि यह उनका निजी विचार था। सीजेआई ने कहा, हम जानते हैं कि अगर इन राजनीतिक हस्तियों को किसी की प्रशंसा करनी हो, तो वे अपने शब्दों को कितनी कुशलता से व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा कि अगर यह जुबान फिसलने की बात थी, तो वह जल्द ही माफी मांग सकते थे।

दो हफ्ते में फैसला लेना था सरकार को

पीठ ने कहा कि 19 जनवरी के उसके आदेश के अनुसार, राज्य सरकार को मंजूरी देने के संबंध में दो सप्ताह में निर्णय लेना था। पीठ ने कहा, राज्य सरकार इस संबंध में निर्णय ले। कोर्ट ने 19 जनवरी को कहा था कि एसआईटी ने जांच पूरी कर ली है और अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है। हालांकि, आगे की कार्यवाही रुकी हुई है क्योंकि रिपोर्ट को बीएनएस की धारा 196 के तहत राज्य सरकार की अनिवार्य मंजूरी का इंतजार है। यह धारा सांप्रदायिक घृणा और दुर्भावना को बढ़ावा देने से संबंधित है।

चिंताजनक आंकड़ा... साल 2024 में 1.70 लाख लोगों ने की आत्महत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो (एनसीआरबी) की 'भारत में अपराध 2024' और 'आकस्मिक मृत्यु और आत्महत्या 2024' (एडीएसआई 2024) रिपोर्ट के आंकड़ों ने देश की सामाजिक और आर्थिक स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक साल 2024 में कुल 1,70,746 लोगों ने आत्महत्या की। इस संकट का सबसे ज्यादा असर दैनिक मजदूरों, किसानों, बेरोजगार युवाओं और गृहिणियों पर देखा गया है। देश की राजधानी दिल्ली आत्महत्या के मामलों में सबसे ऊपर है। इसके बाद बेंगलुरु का नंबर है।

रिपोर्ट के अनुसार, देश में कुल संज्ञेय अपराधों में छह प्रतिशत गिरावट आई है। 2023 में जहां 62.41 लाख मामले दर्ज हुए थे, वहीं 2024 में यह संख्या घटकर 58.86 लाख रह गई है। प्रति लाख जनसंख्या पर अपराध दर भी 448.3 से घटकर 418.9 हो गई है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि बीएनएस लागू होने के बाद 'हर्ट' के मामलों के वर्गीकरण में बदलाव के कारण इन मामलों में कमी दर्ज की गई है। वजह यह है कि पहले आईपीसी के तहत छोटे-मोटे झगड़ों को भी 'हर्ट' में दर्ज कर लिया जाता था, लेकिन बीएनएस की धाराओं में बदलाव किया गया है। अब मामलों को 'हर्ट' के बजाय अन्य श्रेणियों में डाला जा रहा है या रिपोर्टिंग के तरीके बदल गए हैं।

जान देने वालों में दैनिक मजदूर, किसान बेरोजगार युवा, गृहिणियां सर्वाधिक



दुखद... बच्चों के खिलाफ अपराधों में 5.9% वृद्धि, 37% केस पॉक्सो एक्ट के

देश के लिए सबसे दुखद पहलू बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराध हैं। पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों में चौंकाने वाला तथ्य सामने आया है। नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों में 5.9 फीसदी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। साल 2024 में बच्चों के खिलाफ अपराध के कुल 1,87,702 मामले दर्ज किए गए। इनमें से 69,191 मामले पॉक्सो एक्ट के थे यानी बच्चों के खिलाफ हुए कुल अपराध का 37 फीसदी। इसके साथ ही लापता बच्चों के मामलों में भी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

ड्रग ओवरडोज से होने वाली मौतें 50% और साइबर क्राइम के केस 18% बढ़े

ड्रग ओवरडोज से होने वाली मौतों में लगभग 50 प्रतिशत का उछाल आया है, जिससे तमिलनाडु और पंजाब जैसे राज्य सबसे अधिक प्रभावित हैं। डिजिटल इंडिया के दौर में साइबर अपराध सबसे बड़ी चुनौती बनकर उभरा है। साइबर क्राइम के मामलों में 17-18 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी हुई है, जो 86,420 से बढ़कर 1,01,928 तक पहुंच गये हैं। इनमें से 72.6 प्रतिशत मामले ऑनलाइन फ्रॉड से संबंधित हैं। राज्यों में तेलंगाना (27,230 मामले) साइबर अपराधों का सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है, जिसके बाद कर्नाटक का स्थान है।

महिला अपराधों में मामूली कमी, मगर क्रूरता अब भी बेतहाशा

महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 1.5 प्रतिशत की मामूली कमी आई है और कुल 4.41 लाख मामले दर्ज हुए हैं। लेकिन पति या रिश्तेदारों की ओर से की जाने वाली क्रूरता के मामले अब भी इस श्रेणी में सबसे ऊपर हैं। छोटे राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में गोवा और चंडीगढ़ में बलात्कार दर प्रति लाख महिला जनसंख्या पर राष्ट्रीय औसत से अधिक पाए गए हैं। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े राज्य ने अपनी अपराध दर को राष्ट्रीय औसत से कम रखकर सुधार दिखाया है। हालांकि आर्थिक अपराधों के ग्राफ में देश भर में 4.6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। दलितों के खिलाफ अपराधों में 3.6 प्रतिशत और आदिवासियों के खिलाफ अपराधों में 23 प्रतिशत की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है, जो सामाजिक सुरक्षा की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। हत्या के मामलों में भी 2.4 प्रतिशत की मामूली कमी आई है।

जीवन बदल सकता है प्रवासन... भारत प्रत्यक्ष उदाहरण

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- संयुक्त राष्ट्र महासभा में बोले केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह, कहा- प्रवासन के लिए बना रहे हैं समावेशी ढांचा

केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा में कहा कि भारत अनियमित प्रवासन और मानव तस्करी जैसी चुनौतियों से निपटते हुए प्रवासन के लिए एक समावेशी, मानवीय और भविष्य के अनुरूप ढांचा तैयार करने का प्रयास कर रहा है। सिंह ने बृहस्पतिवार को 'इंटरनेशनल माइग्रेशन रिव्यू फोरम' के दूसरे पूर्ण सत्र को संबोधित किया।

उन्होंने कहा, प्रवासन अंततः लोगों, उनकी आकांक्षाओं, संघर्ष क्षमता और योगदान से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा, हम एक समावेशी, मानवीय और भविष्य के अनुरूप ढांचा तैयार करने का प्रयास कर रहे हैं, साथ ही अनियमित प्रवासन, मानव तस्करी और सामाजिक सुरक्षा में मौजूद कमियों जैसी चुनौतियों का समाधान भी कर रहे हैं। सिंह ने कहा कि भारत प्रवासन का प्रबंधन एक समग्र और व्यावहारिक ढांचे के जरिए करता है, जिसका उद्देश्य प्रवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, प्रवासन प्रक्रिया के हर चरण की निगरानी करना और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देना है।

मंत्री ने विदेशों में रह रहे भारतीयों की मदद के लिए उठाए गए कदमों का उल्लेख किया। कहा, हमने कौशल विकास पहल मजबूत की हैं और प्रस्थानपूर्व प्रशिक्षण कार्यक्रम बढ़ाए हैं, ताकि हमारे प्रवासियों को उनके अधिकारों और मेजबान देश की सांस्कृतिक समझ सहित आवश्यक जानकारी दी जा सके।

भारत दुनिया में प्रवासी समुदाय का सबसे बड़ा घर

कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा, भारत 3.4 करोड़ से अधिक लोगों के साथ दुनिया के सबसे बड़े और गतिशील प्रवासी समुदायों में से एक का घर है और वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक प्रेषण राशि (रेमिटेंस) प्राप्त करने वाला देश होने के नाते इस बात का प्रत्यक्ष उदाहरण है कि प्रवासन किस प्रकार लोगों, समुदायों और देशों के जीवन को बदल सकता है। उन्होंने बताया कि भारत ने निष्पक्ष और नैतिक प्रवासन के लिए स्थायी रास्ते तैयार करने के लिए 23 देशों के साथ व्यापक द्विपक्षीय गतिशीलता समझौते और समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं तथा कई अन्य देशों के साथ भी इस दिशा में प्रयास जारी हैं। उन्होंने कहा, सुरक्षित और नियमित प्रवासन मार्गों के माध्यम से प्रवासियों के कल्याण को सुनिश्चित करने की यही कुंजी है।

अहमदाबाद विमान दुर्घटना की जांच रिपोर्ट महीने भर में

गांधीनगर। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री राममोहन नायडू ने शुक्रवार को कहा कि अहमदाबाद में हुए दुखद एअर इंडिया विमान हादसे की जांच आखिरी चरण में है और एक महीने में रिपोर्ट आने की उम्मीद है।

पिछले साल हुए इस विमान हादसे में 260 लोगों की मौत हो गई थी। यहां 'गिफ्ट सिटी' में एक समारोह में नायडू ने दुर्घटना में मारे गए लोगों के परिवारों की शिकायतों को दूर करने का वादा किया। कहा कि मंत्रालय का विशेष प्रकोष्ठ जून 2025 के हादसे के लिए मुआवजे के मुद्दे पर समन्वय कर रहा है। नायडू ने कहा, जांच बहुत मजबूती से चल रही है। हमें समझना होगा कि विमान में विदेशी नागरिक सफर कर रहे थे, तो यह जांच रिपोर्ट किसी भी देश की नजर में होगी।

साल भर बाद चीन ने कुबूला ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की थी पाकिस्तान की मदद

बीजिंग। चीन ने पहली बार इस बात की पुष्टि की है कि उसने पिछले साल भारत और पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष के दौरान इस्लामाबाद को रण क्षेत्र में प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान की थी। चीन की आधिकारिक मीडिया ने यह जानकारी दी।

चीन के सरकारी प्रसारणकर्ता सीसीटीवी ने बृहस्पतिवार को चीन के विमानन उद्योग निगम (एवीआईसी) के चेंगदू वायुयान केंद्र एवं अनुसंधान संस्थान के इंजीनियर झांग हेंग का साक्षात्कार प्रसारित किया। एवीआईसी चीन के उन्नत लड़ाकू विमानों और मानवरहित वायुयान का प्रमुख विकासकर्ता है। बताया गया कि झांग ने पिछले साल मई में चार दिवसीय संघर्ष के दौरान पाकिस्तान को प्रौद्योगिकी सहायता प्रदान की थी। पाकिस्तान की वायुसेना के पास चीन निर्मित जे-10सीई लड़ाकू विमानों का बेड़ा है, जिनका उत्पादन एवीआईसी की सहायक कंपनी करती है।

झांग ने 'सीसीटीवी' को बताया कि उनकी टीम को रण क्षेत्र में सहायता प्रदान करने में और भी बेहतर काम करने की इच्छा और यह सुनिश्चित करने की लगन ने प्रेरित किया कि उनके उपकरण अपनी पूरी युद्ध क्षमता के साथ प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने कहा, यह जे10सीई (चीन निर्मित लड़ाकू विमान) के उपयोग को महज स्वीकार करना भर नहीं है। यह हमारे बीच कंधे से कंधा मिलाकर, दिन-रात काम करने से बने गहरे जुड़ाव का भी प्रमाण है।

कैसा रहेगा आपका आज का दिन

मेष - आज का दिन करियर के लिए बहुत अच्छा है। राजनीति से जुड़े लोगों का मान-सम्मान बढ़ेगा। रुका हुआ धन आपको प्राप्त होगा।

वृष - आज बजट का ध्यान रखते हुए काम करें। व्यर्थ के कार्यों में आप धन खर्च कर सकते हैं। कानूनी मामलों को लेकर थोड़ी सावधानी रखें।

मिथुन - आज अपने कार्यों के प्रति समर्पित रहें। जीवनसाथी से कोई बात न छिपाएं। अति आत्मविश्वास से बचें।

कर्क - आज कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। व्यवसाय आरंभ करने की योजना बना सकते हैं। परिवार का वातावरण खुशनुमा रहेगा।

सिंह - आज आपके ऊपर से काम का दबाव कम होगा। स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव आते रहेंगे। उधार लेन-देन सावधानीपूर्वक करें।

कन्या - आज बातचीत के दौरान सरल शब्दों का प्रयोग करें। अप्रत्याशित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अतिथि घर आ सकते हैं।

तुला - आज पुराने दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। दौड़-धूप अधिक करनी पड़ेगी। रियल एस्टेट में सावधानीपूर्वक निवेश करें।

वृश्चिक - आज सरकारी जॉब कर रहे लोगों को अतिरिक्त मेहनत करनी पड़ेगी। मार्केटिंग संबंधी कारोबारियों में लाभ होगा।

धनु - आज स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से आपको परेशानी होगी। झूठ बोलने से बचें। परिवार के सदस्यों की सेहत का ध्यान रखें।

मकर - आज विदेश यात्रा की संभावना बन रही है। किसी रिश्तेदार को धन उधार देना पड़ सकता है। अपने काम का भरपूर आनंद उठाएंगे।

कुंभ - आज कारोबार में विस्तार करने में कठिनाई होगी। दिखावे के चक्कर में अपना नुकसान न करवाएं। वाहन चलाते समय सावधानी रखें।

मीन - आज मनोनुकूल जॉब मिलने के योग बन रहे हैं। रोजगार के नए विकल्प मिलने से उत्साहित रहेंगे। नई संपत्ति में निवेश कर सकते हैं।

आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय
astrompandey@gmail.com



आज की ग्रह स्थिति : 9 मई, शनिवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, सप्तमी 14.02 तक तत्पश्चात अष्टमी।

दिशाशूल-पूर्व, **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र- श्रवण 23.24 तक तत्पश्चात धनिष्ठा।

सुडोकू - 143 का हल

5	7	1	4	3	9	2	8	6
3	6	9	7	2	8	4	1	5
2	4	8	5	6	1	7	3	9
4	8	3	9	1	7	6	5	2
1	9	5	2	8	6	3	7	4
6	2	7	3	5	4	8	9	1
7	1	4	6	9	3	5	2	8
8	5	6	1	7	2	9	4	3
9	3	2	8	4	5	1	6	7

सुडोकू -144

	1				2	3		
4					1			
6						1		
	8			5				
	2	6						
	3			4				
		1	6					
		7	9					
							4	

हिदायत | सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ईडी और सीबीआई की जांच की निगरानी करने के बारे में कर रहे हैं विचार

अनिल अंबानी से जुड़ी बैंकिंग धोखाधड़ी की गहन जांच हो

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अनिल धीरूभाई अंबानी समूह और उसकी कंपनियों से जुड़े बड़े पैमाने पर बैंकिंग धोखाधड़ी के मामले में गहन जांच की आवश्यकता है। सीबीआई ने कहा है कि सात मामलों में कुल अनुमानित नुकसान 27,337 करोड़ रुपये है। इनमें नौ प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं, जिनमें वे दो मामले भी शामिल हैं जिनमें आरोपपत्र दायर किए जा चुके हैं। सात मामलों में जांच जारी है।

सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची की पीठ पूर्व नौकरशाह ईएएस सरमा की ओर से दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उद्योगपति अनिल अंबानी के नेतृत्व वाले अनिल धीरूभाई अंबानी समूह (एडीएजी) की कंपनियों द्वारा की गई 40,000 करोड़ रुपये से अधिक के ऋण धोखाधड़ी की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध किया गया है। याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि यह भ्रमित करने वाला है कि सीबीआई और ईडी दोनों ने इसे 27,000 करोड़ रुपये का घोटाला बताया है। एजेंसियों ने अनिल अंबानी को इसका सरगना भी बताया है, लेकिन अभी तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया है।

तर्क-वितर्क

एजेंसियां कहती हैं अंबानी मास्टरमाइंड फिर भी उन्हें गिरफ्तार क्यों नहीं करतीं

भूषण ने कहा, हर जगह सीबीआई और ईडी यही कह रहे हैं कि इस 27,000 करोड़ रुपये के घोटाले में अनिल अंबानी मुख्य सूत्रधार हैं। फिर भी मुझे यह बात बेहद हैरान करती है कि न तो सीबीआई और न ही ईडी उन्हें गिरफ्तार करने को तैयार हैं, मानो वह कोई बेदाग शख्सियत हों। पीठ ने ने टिप्पणी की कि किसी मामले में हिरासत में पूछताछ की आवश्यकता जांच एजेंसी के विवेक पर छोड़ दी जानी चाहिए।

अदालत ने अभी संज्ञान नहीं लिया तो याचिकाकर्ता के पास आरोपपत्र कैसे

अनिल अंबानी की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल ने सवाल उठाया कि याचिकाकर्ता के पास इस मामले में दायर किए गए आरोपपत्रों में से एक कैसे हो सकता है, जबकि संबंधित अदालत ने अभी तक इस पर संज्ञान नहीं लिया है। सिब्बल ने कहा, उनका एकमात्र मकसद अनिल अंबानी को गिरफ्तार करना है। जब संज्ञान ही नहीं लिया गया है तो उनके पास आरोप पत्र की प्रति कैसे हो सकती है।

आईपीएल में मेरे करियर की शुरुआत की बात है। धोनी का विकेट लेने के बाद ज्यादा जश्न मनाने पर वह नाराज हो गए थे। उन्होंने मुझसे पूछा, इतना जश्न मनाने की क्या जरूरत है। मैंने कहा आपका विकेट लेना मेरा सपना था। शायद इससे मुझे सीएसके में खेलने का मौका मिल जाए और अगले साल मुझे मौका मिल गया।
–रविचंद्रन अश्विन

स्टेडियम

मुरादाबाद, शनिवार, 9 मई 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

IPL 2026

आज के मुकाबले

राजस्थान रॉयल्स
बनाम
गुजरात टाइटंस

समय - शाम 7:30 बजे

गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से कोलकाता ने दिल्ली कैपिटल्स को 142 रनों पर रोका

आईपीएल-2026 : पथुम निसांका ने अर्धशतकीय पारी खेलकर बचाई टीम की लाज

नई दिल्ली, एजेंसी

अनुभवी स्पिनर सुनील नारायण की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से कोलकाता नाइट राइडर्स ने आईपीएल में 'करो या मरो' के मुकाबले में शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट पर 142 रन पर रोक दिया।

पहले बल्लेबाजी के लिए भेजी गई दिल्ली के बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराश किया और पथुम निसांका (29 गेंद में 50 रन) तथा सातवें नंबर पर उतरे आशुतोष शर्मा (28 गेंद में 39) को छोड़कर कोई टिककर नहीं खेल सका। बीच के ओवरों में एक बार छह ओवर से अधिक कोई बाउंड्री नहीं लगी और आखिरी ओवर में भी तीन ही रन बने। केकेआर के लिए नारायण ने चार ओवर में 17 रन देकर एक विकेट लिया। वरुण चक्रवर्ती ने चार ओवर में 28 रन दिये जबकि अनुकूल रॉय ने 31 रन देकर दो विकेट चटकाए। तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी ने चार ओवर में 25 रन देकर दो विकेट लिए।

दिल्ली को निसांका और राहुल ने अच्छी शुरुआत दी और ढीली गेंदों को नसीहत देते रहे। निसांका ने दूसरे ही ओवर में वैभव अरोड़ा को छक्का लगाकर अपने तेवर जाहिर कर दिये और अगले ओवर में अनुकूल रॉय की गेंद को भी सीमा के पार पहुंचाया। नारायण चौथे ओवर में गेंदबाजी के लिये आये लेकिन राहुल और निसांका ने चौकों के साथ उनका स्वागत किया। वेस्टइंडीज के इस अनुभवी स्पिनर के पहले ओवर में 11 रन बने। तेज गेंदबाज त्यागी को राहुल ने पांचवें ओवर में दो चौके लगाये लेकिन आखिरी गेंद पर विकेट गंवा बैठे। गेंद पूरी तरह से बल्ले पर नहीं आई और हवा में खेले गए शॉट पर कैमरन ग्रीन ने कैच लपक लिया। आईपीएल के इस सत्र में शानदार फॉर्म में चल रहे राहुल ने 14 गेंद में चार चौकों की मदद से 23 रन बनाए। पावरप्ले में दिल्ली का स्कोर एक विकेट पर 55 रन था लेकिन इसके बाद अगले छह ओवर में सिर्फ 36 रन बने और चार विकेट गिर गए। बीच के ओवरों में केकेआर के गेंदबाजों खासकर स्पिनरों ने दिल्ली के बल्लेबाजों को बांधे रखा। निसांका ने आठवें ओवर में ग्रीन को फाइन लेग के ऊपर से 73 मीटर का शानदार छक्का लगाया। दूसरे छोर पर नीतिश राणा टिककर खेल नहीं सके और आठ रन बनाकर नारायण को कैच देकर लौटे। वरूण ने नौवें ओवर में सिर्फ तीन रन दिए। समीर रिजवी (तीन) नारायण को स्वीप शॉट खेलने के प्रयास में डीप मिडविकेट पर रोवमैन पावेल को कैच दे बैठे। इस बीच निसांका ने दसवें ओवर में रॉय को एक्स्ट्रा कवर पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक 29 गेंदों पर पूरा किया जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे। वह हालांकि अगली गेंद पर आगे बढकर खेलने के प्रयास में चूके और विकेट के पीछे अंगकृष रघुवंशी ने स्टम्पिंग करने में कोई चूक नहीं की। दिल्ली के बल्लेबाजों पर दबाव का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि तेरहवें से सोलहवें ओवर के बीच में सिर्फ दस रन बने।

रॉय ने 13वें ओवर में चार रन दिये जबकि वरुण, त्यागी और नारायण ने इसके बाद के ओवरों में दो दो रन ही दिए। आशुतोष शर्मा ने 38 गेंद बाद बाउंड्री लगाते हुए 17वें ओवर में वरूण को छक्का लगाकर इस दबाव को कम किया। इस ओवर में दो चौके और जड़ते हुए उन्होंने 16 रन निकाले। आशुतोष ने अपने कौशल का प्रदर्शन करते हुए त्यागी को डीप थर्डमैन पर दर्शनीय छक्का लगाया।

दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज ट्रिस्टन स्टब्स को अनुकूल रॉय ने बोल्ड कर दिया।

दिल्ली कैपिटल्स

142/8 (20 ओवर)

पथुम निसांका स्ट रघुवंशी बो रॉय	50
लोकेश राहुल का ग्रीन बो त्यागी	23
नीतिश राणा का नारायण बो ग्रीन	08
समीर रिजवी का पावेल बो नारायण	03
ट्रिस्टन स्टब्स बो रॉय	02
अक्षर पटेल का रॉय बो अरोड़ा	11
आशुतोष शर्मा का रहाणे बो त्यागी	39
विपराज निगम नाबाद	03
मिचेल स्टार्क रन आउट	00
लुंगी एंगिडि नाबाद	01

अतिरिक्त : दो रन, **विकेट पतन** : 1-49, 2-74, 3-80, 4-85, 5-89, 6-128, 7-140, 8-140
गेंदबाजी : रॉय 4-0-31-2, अरोड़ा 3-0-29-1, नारायण 4-0-17-1, त्यागी 4-0-25-2, वरुण 4-0-28-0, ग्रीन 1-0-12-1

अंक तालिका

	टीम	मैच	जीते	हारे	रद्द	अंक	नेट रन रेट
1.	सनराइजर्स हैदराबाद	11	7	4	0	14	0.737
2.	पंजाब किंग्स	10	6	3	1	13	0.571
3.	रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	10	6	4	0	12	1.234
4.	राजस्थान रॉयल्स	10	6	4	0	12	0.510
5.	गुजरात टाइटंस	10	6	4	0	12	-0.147
6.	चेन्नई सुपर किंग्स	10	5	5	0	10	0.151
7.	दिल्ली कैपिटल्स	10	4	6	0	8	-0.949
8.	कोलकाता नाइट राइडर्स	9	3	5	1	7	-0.539
9.	मुंबई इंडियंस	10	3	7	0	6	-0.649
10.	लखनऊ सुपर जाएंट्स	10	3	7	0	6	-0.934

ऑरेंज कैप

- हेनरिक क्लासेन हैदराबाद–494 रन
- अभिषेक शर्मा हैदराबाद –475 रन
- केएल राहुल दिल्ली–468 रन

पर्पल कैप

- भुवनेश्वर कुमार बेंगलुरु–17 विकेट
- अंशुल कंबोज चेन्नई–17 विकेट
- प्रिंस यादव लखनऊ–16 विकेट

राजस्थान रॉयल्स से आगे निकलने की कोशिश करेगा गुजरात टाइटंस

जयपुर। आत्मविश्वास से ओतप्रोत गुजरात टाइटंस शनिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखकर अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगा। राजस्थान रॉयल्स और गुजरात की टीम की स्थिति लगभग समान है। इन दोनों ने अब तक 10 मैचों में छह जीत और चार हार दर्ज की हैं। रॉयल्स बेहतर नेट रन रेट (0.510) के कारण गुजरात से आगे है। गुजरात टाइटंस ने हालांकि लगातार तीन जीत हासिल की हैं और वह शीर्ष चार में जगह बनाने की कोशिश कर रहा है। रॉयल्स को अपने पिछले पांच मैचों में से तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा है। रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में कप्तान रियान पराग के 90 रन की मदद से छह विकेट पर 225 रन बनाए थे

होगा रोमांचक मुकाबला

लेकिन उसके गेंदबाज इस स्कोर का बचाव नहीं कर पाए थे। यह लगातार दूसरा मौका था जब रॉयल्स 220 से अधिक के स्कोर का बचाव नहीं कर पाया। राजस्थान रॉयल्स हालांकि वैभव सूर्यवंशी (404 रन), यशस्वी जायसवाल (312) और यहां तक कि ध्रुव जुरेल (290) जैसे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के कारण काफी मजबूत है, लेकिन उसका मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। इन बल्लेबाजों में केवल डोनोवन फरेरा (229) ही 150 या उससे अधिक रन बना पाए हैं। जुरेल रॉयल्स की बल्लेबाजी का महत्वपूर्ण अंग है लेकिन वह अपेक्षित तेजी से रन नहीं बन पा रहे हैं। जुरेल ने अपनी पिछली तीन पारियों में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 30 गेंदों में 42 रन, 20 गेंदों में 16 रन और 30 गेंदों में 42 रन बनाए हैं।

हाईलाइट

भव्य परेड नहीं, बस सभी खेलों की सफलता का जश्न मने : सात्विक

नई दिल्ली। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि थॉमस कप में भारतीय टीम द्वारा कांस्य पदक जीतने के बाद जनता की फीकी प्रतिक्रिया पर की गई उनकी हालिया टिप्पणी का उद्देश्य 'पैसे या भव्य स्वागत' की मांग करना नहीं था, बल्कि लोगों से सभी खेलों में 'हर छोटी-बड़ी जीत का जश्न मनाने' की अपील करना था। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग शेट्टी की जोड़ी हाल ही में डेनमार्क में आयोजित थॉमस कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थी।

कारुआना को हराकर चौथे स्थान पर रहे गुकेश

वारसॉ (पोलैंड)। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने सुपर रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग के नौवें और अंतिम दौर में अमेरिकी ग्रैंडमास्टर फैबियानो कारुआना को हराकर संयुक्त चौथा स्थान हासिल किया। पिछले कुछ महीनों से अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले गुकेश ने इस तरह से फॉर्म में वापसी की। रैपिड वर्ग के बाद अब ब्लिट्ज वर्ग में 18 दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं। रैपिड के अंतिम दिन 19 वर्षीय गुकेश ने फ्रांसीसी ग्रैंडमास्टर मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के खिलाफ हार के साथ शुरुआत की और फिर आठवें दौर में स्लोवेनिया के व्लादिमीर फेडोसेव के साथ ड्रॉ खेला।

गोल्फर संधू ने चार अंडर 68 का कार्ड खेला

बार्सिलोना। भारतीय गोल्फर युवराज संधू ने यहां एस्ट्रेला डैम कैटालून्या चैंपियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में चार अंडर 68 का कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर बने हुए हैं। वह पहले दौर में शीर्ष पर चल रहे शॉन नौरिस (65) से चार शॉट पीछे हैं। वहीं दो अन्य भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा (71) और वीर अहलावत (75) को काफी कठिनाई हुई। पहले दौर के बाद शर्मा संयुक्त 70वें और अहलावत संयुक्त 136वें स्थान पर बने हुए हैं।

कोहली के विकेट से ज्यादा अहम जीत : प्रिंस

लखनऊ। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने यहां आईपीएल मैच के दौरान आरसीबी के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को एक बेहतरीन गेंद से आउट किया, लेकिन वह इसे ज्यादा तवज्जो नहीं देना चाहते और उन्होंने कहा कि टीम का जीत हासिल करना अधिक महत्वपूर्ण है। आरसीबी की टीम बारिश से प्रभावित इस मैच में डकवर्थ लुईस पद्धति से 213 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी लेकिन उसकी टीम निर्धारित 203 रन ही बना पाई।

बहु-खेल आयोजनों में छुट्टी मनाने वाले अधिकारियों को बुलाया जाएगा

नई दिल्ली, एजेंसी

मंत्रालय की सख्ती

- राष्ट्रमंडल और एशियाई खेलों में रखी जाएगी नजर
- बिना किसी उद्देश्य के इधर-उधर घूमना पड़ेगा भारी

भारत के खेल प्रशासकों को चेतावनी दी गई है कि जो लोग बहु-खेल आयोजनों को 'वेतनभोगी अवकाश' की तरह लेंगे उन्हें प्रतियोगिता के बीच से ही वापस बुला लिया जाएगा ताकि खिलाड़ियों को उनकी 'लापरवाही' के कारण नुकसान नहीं हो।

देश आगामी राष्ट्रमंडल खेलों (जुलाई-अगस्त में ग्लासगो में) और एशियाई खेलों (सितंबर-अक्टूबर में जापान के आइची-नागोया) की तैयारियों में जुटा है और अंतिम रूप दिए जाने वाले दल में अधिकारियों की संख्या काफी अधिक होगी। विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि खिलाड़ियों के साथ-साथ अधिकारियों के प्रदर्शन पर भी दोनों आयोजनों के दौरान कड़ी नजर रखी जाएगी।

राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया मंत्रालय द्वारा यह स्पष्ट कर दिया गया है कि जो लोग खिलाड़ियों का समर्थन करने के अपने कर्तव्य में कोताही बरतते हैं और छुट्टियां मनाते पाए जाते हैं, उन्हें वापस बुलाने में कोई संकोच नहीं किया जाएगा। बिना किसी उद्देश्य के इधर-उधर घूमने वाले किसी भी व्यक्ति को तुरंत वापस बुला लिया जाएगा।

उन्होंने कहा मंत्रालय का मानना है कि हर 'एक्रीडिटेशन' (मान्यता प्राप्त कार्ड) महत्वपूर्ण है और यह केवल उन्हीं को मिलना चाहिए जो किसी खिलाड़ी के प्रदर्शन में योगदान दे सकें।' भारत के प्रशासकों को अक्सर इस बात के लिए आलोचना का सामना करना पड़ता है कि बड़े आयोजनों में दल के साथ बड़ी संख्या में जाने के बावजूद वे खिलाड़ियों की मदद के लिए मौजूद नहीं रहते। बहु-खेल प्रतियोगिताओं के दौरान अधिकारियों से 'लॉजिस्टिक्स', प्रशिक्षण कार्यक्रम और अन्य प्रशासनिक कार्यों को संभालने की अपेक्षा की जाती है। इस बार राष्ट्रमंडल खेलों में भारत की भागीदारी काफी कम होगी क्योंकि इसमें केवल 10 खेल ही शामिल होंगे। इसके विपरीत एशियाई खेलों में 41 अलग-अलग खेल शामिल होंगे और 700 से अधिक खिलाड़ियों के दल के यात्रा करने की उम्मीद है।

अधिकारियों को यह चेतावनी तब दी गई है जब खेल सचिव हरि रंजन राव ने जनवरी में अहमदाबाद में एक सम्मेलन में एनएसएफ अधिकारियों से कहा था कि बहु-खेल आयोजनों को 'परिवार के साथ सैर' की तरह मानना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राव ने तल्ख लहजे में कहा थाअगर आप इसे रिश्तेदारों के साथ घूमने-फिरने की जगह समझते हैं, तो कृपया मत जाइए। हमें आपकी जरूरत नहीं है। मंत्रालय ने पहले से घोषित नीति को दोहराते हुए एनएसएफ को पारदर्शिता बनाने पर बल दिया।

आईपीएल में हनी ट्रैप का खतरा!

नई दिल्ली, एजेंसी

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया।

- बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने खिलाड़ियों और टीम मालिकों को चेताया
- सभी फ्रेंचाइजी के सीईओ को लिखा पत्र, खिलाड़ियों के कमरों में अनाधिकृत प्रवेश पर रोक
- प्रोटोकॉल उल्लंघन की कुछ घटनाएं और दुर्व्यहार की घटनाएं आई सामने

होगी सख्त कार्रवाई

सैकिया ने टीमों को गाइडलाइंस का पालन न करने के नतीजों के बारे में भी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि किसी भी उल्लंघन को एक गंभीर अनुशासनात्मक मामला माना जाएगा, और साथ ही उन लोगों के खिलाफ संभावित कार्रवाई के बारे में भी बताया है जो नियमों का उल्लंघन करते पाए जाएंगे।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने संभावित 'हनी ट्रैप, कानूनी दायित्व और सुरक्षा जोखिमों' के प्रति आगाह करते हुए आईपीएल में खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और टीम अधिकारियों के होटल के कमरों में अनधिकृत लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि बोर्ड की भ्रष्टाचार विरोधी इकाई (एसीयू) ने 'दुर्व्यवहार और प्रोटोकॉल के उल्लंघन' की घटनाओं को उजागर किया था।

बीसीसीआई ने आईपीएल की 10 फ्रेंचाइजी के लिए जारी एक पत्र में कहा है कि खिलाड़ियों और अधिकारियों के कमरों में मेहमानों के प्रवेश के लिए टीम मैनेजरों से लिखित अनुमति लेना अनिवार्य होगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने 10 फ्रेंचाइजी के सीईओ को जो पत्र लिखा है, उसकी एक प्रति पीटीआई के पास है।

सैकिया ने पत्र में कहा है मौजूदा सत्र के दौरान कुछ घटनाओं को देखते हुए यह सलाह जारी की गई है और इसका उद्देश्य आईपीएल से जुड़े सभी हितधारकों से अपेक्षित पेशेवरपन, अनुशासन, सुरक्षा जागरूकता और प्रोटोकॉल का पालन करने के मानकों को मजबूत करना है।' बीसीसीआई के संज्ञान में आया है कि आईपीएल के मौजूदा सत्र के दौरान खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और टीम अधिकारियों से जुड़े दुर्व्यवहार और प्रोटोकॉल उल्लंघन की कुछ घटनाएं हुई हैं।

सैकिया ने पत्र की प्रस्तावना में कहा यदि इन घटनाओं पर ध्यान नहीं दिया गया, तो टूर्नामेंट, संबंधित फ्रेंचाइजी और शासी निकाय के रूप में बीसीसीआई की प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। इससे व्यक्तियों और फ्रेंचाइजी को गंभीर कानूनी दायित्व और सुरक्षा जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है।

बीसीसीआई ने कहा कि यह देखा गया है कि कुछ खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों ने संबंधित आईपीएल फ्रेंचाइजी टीम के मैनेजर की जानकारी या अनुमति के बिना अनधिकृत व्यक्तियों को होटल के अपने कमरों में प्रवेश करने की अनुमति दी है।'

पत्र में कहा गया हे,कई मामलों में टीम मैनेजर को ऐसे मेहमानों की उपस्थिति के बारे में बिल्कुल भी पता नहीं था। इस चलन को तत्काल प्रभाव से सख्ती से प्रतिबंधित किया जाता है। सभी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को अब एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) दी गई है जिसका पालन टूर्नामेंट की पूरी अवधि के दौरान करना आवश्यक होगा। इसमें कहा गया है, 'टीम मैनेजर की पूर्व सूचना और स्पष्ट लिखित स्वीकृति के बिना खिलाड़ी या सहायक स्टाफ सदस्य के होटल के कमरे में किसी अन्य व्यक्ति को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।'

पत्र के अनुसार 'बीसीसीआई सभी फ्रेंचाइजी का ध्यान शीर्ष स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में लक्षित यौन शोषण और ''हनी ट्रैपिंग' (सुनियोजित जासूसी या ब्लैकमेलिंग का तरीका, जिसमें किसी व्यक्ति को प्रेम, यौन आकर्षण या भावनात्मक प्रलोभन में फंसाया जाता है) के जोखिमों की तरफ आकर्षित करता है।

तीरंदाजी विश्व कप

हरियाणा की 27 वर्षीय तीरंदाज ने ताइवान की फोंग यू झू को सीधे सेटों में हराया

सिमरनजीत–साहिल ने पदक की उम्मीदें जीवंत रखीं

शंघाई, एजेंसी

रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर और कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने शुक्रवार को यहां उतार-चढ़ाव भरे अभियान में भारत के लिए अप्रत्याशित रूप से शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने पहले तीरंदाजी विश्व कप में पदक की उम्मीदें बरकरार रखी हैं।

एशियाई खेलों की टीम कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत ने विश्व कप के दूसरे चरण में सेमीफाइनल में पहुंचकर व्यक्तिगत रूप से मिले अवसर का भरपूर फायदा उठाया। वह इससे पहले क्वालीफाइंग दौर में दीपिका कुमारी से तीन अंक पीछे रहने के कारण भारतीय महिला टीम में जगह बनाने से चूक गई थीं।

हरियाणा की 27 वर्षीय खिलाड़ी ताइवान की किशोरी फोंग यू झू को सीधे सेटों में 6-0 (27-24, 28-26, 29-26) से हराकर विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने से सिर्फ एक जीत दूर है। इससे पहले फोंग ने दूसरे दौर में भारत की शीर्ष क्रम की तीरंदाज अंकिता भकत को चौंका दिया था। सिमरनजीत ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की 19 वर्षीय खिलाड़ी के खिलाफ नौ तीरों में से सिर्फ छह अंक गंवाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा। उनके सामने अब सेमीफाइनल में दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी कांग चेयॉन्ग की चुनौती होगी। यह उनके करियर की सबसे कठिन चुनौती है। इस मुकाबले में हारने पर भी उनके पास प्लेऑफ के जरिए कांस्य पदक जीतने का मौका रहेगा। भारत की अनुभवी खिलाड़ी दीपिका कुमारी और किशोरी कुमकुम मोहद प्री-क्वार्टर फाइनल तक पहुंचीं, लेकिन मजबूत प्रतिद्वंदियों से हार गईं। दीपिका को दक्षिण कोरिया की चेयॉन्ग से हार का सामना करना पड़ा। वहीं कुमकुम को मैक्सिको की एलेजांद्रा वालेंसिया से हार मिली।

निशाना लगातीं रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर।

एशियाई खेलों से पहले चिंताएं बढ़ीं

पुरुष, महिला और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में भारत पोडियम पर जगह बनाने में नाकाम रहा जिससे चार महीने से भी कम समय में होने वाले एशियाई खेलों से पहले चिंताएं बढ़ गईं। टीम स्पर्धाओं में मिली हार के बाद सारी उम्मीदें व्यक्तिगत पर थीं, जहां साहिल एकमात्र भारतीय खिलाड़ी के रूप में उभरे।

भारत अंडर-17 महिला एशियाई कप के अंतिम आठ में पहुंचा

सुझोउ (चीन)। भारत ने शुक्रवार को यहां अपने आखिरी ग्रुप बी मैच में लेबनान के खिलाफ 4-0 की शानदार जीत के साथ पहली बार एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करके शानदार उपलब्धि हासिल की।

भारत का क्वार्टर फाइनल में पहुंचना तब पक्का हो गया जब फिलीपींस और चीनी ताइपे अपने आखिरी ग्रुप सी मैच को 12 या उससे ज्यादा गोल के अंतर से जीतने में नाकाम रहे। थाईलैंड के साथ भारत तीसरे नंबर की दो सबसे अच्छी टीमों में से एक के तौर पर अंतिम आठ में पहुंचा। भारत ने ग्रुप चरण तीन अंक और -1 (माइनस 1) के गोल अंतर से खत्म किया जो ग्रुप सी में फिलीपींस के -13 (माइनस 13) से काफी ज्यादा है।

वाका-वाका के बाद दाई-दाई में शकीरा ने फिर मचाया तहलका

रियो डी जेनेरियो, एजेंसी

- फीफा विश्व कप के टीजर की सोशल मीडिया में धूम

कोलंबिया की मशहूर गायिका शकीरा द्वारा अंर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट फीफा विश्वकप 2026 के लिये पेश किए गए गीत 'दाई दाई' का टीजर सोशल मीडिया मंच धूम मचा रहा है। पिछले कई सालों में देखा गया है कि जब तक शकीरा नहीं गाती है, तब तक यह फीफा विश्व कप शुरु नहीं होता।

उन्होंने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ऑफिशियल एंथम दाई दाई का टीजर, कोलंबियाई सुपरस्टार के 2010 के अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट, वाका वाका (दिस टाइम फॉर अफ्रीका) का एंथम साउथ अफ्रीका में गाने के 16 साल बाद और जर्मनी में 2006 फीफा वर्ल्ड कप की क्लोजिंग सेरेमनी में हिप्स डोंट लाइ (बैम्बू) का अडेप्टेड वर्जन गाने के 20 साल बाद आया है। 2026 एंथम के टीजर में, शकीरा को ब्राजील के रियो डी जेनेरियो के मशहूर माराकाना स्टेडियम में डांसर्स की एक टीम के साथ दिखाया गया है। सभी डांसर्स ऐसे आउटफिट्स पहने हुए हैं जो आने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेने वाली अलग-अलग फुटबॉल टीमों को ट्रिब्यूट देते हैं, जिसमें शकीरा ने कोलंबिया के पीले और नीले रंग के कपड़े पहने हैं। शकीरा ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा, माराकाना स्टेडियम से, ये रहा 'दाई दाई', एटदारेटफीफावर्ल्डकप का आधिकारिक गाना 2026," साथ ही उन्होंने एफ्रोबीट्स स्टार बर्ना बॉय का भी जिक्र किया, जो एंथम में भी हैं। इस क्लिप को 24 घंटे से भी कम समय में 1.9 मिलियन लोगों ने पसंद किया और पूरा गाना गुरुवार (14 मई) को रिलीज होगा। उल्लेखनीय है कि फीफा वर्ल्ड कप 2026, 11 जून को शुरू होगा और इसका फाइनल 19 जुलाई को अमेरिका के न्यूयॉर्क में होगा। इस विश्वकप की अमेरिका मैक्सिको और कनाडा मेजबानी कर रहे हैं।